Seventeenth Series, Vol. XXIX No. 7

Thursday, February 8, 2024
Magha 19, 1945 (Saka)

# LOK SABHA DEBATES

**(Original Version)**

**Fifteenth Session**
**(Seventeenth Lok Sabha)**

सत्यमेव जयते

*(Vol. XXIX contains Nos.1 to 9)*

**LOK SABHA SECRETARIAT**

**NEW DELHI**

***EDITORIAL BOARD***

Utpal Kumar Singh

**Secretary-General**

**Lok Sabha**

Mamta Kemwal

**Joint Secretary**

Bishan Kumar

**Director**

Narad Prasad Kimothi

Sunita Thapliyal

**Joint Director**

Anil Kumar Chopra

Maneesha Bhushan

**Editor**

**© 2024 Lok Sabha Secretariat**

None of the material may be copied, reproduced, distributed, republished, downloaded, displayed, posted or transmitted in any form or by any means, including but not limited to, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without the prior permission of Lok Sabha Secretariat. However, the material can be displayed, copied, distributed and downloaded for personal, non-commercial use only, provided the material is not modified and all copyright and other proprietary notices contained in the material are retained.

# C O N T E N T S

**Seventeenth Series, Vol. XXIX, Fifteenth Session, 2024/1945 (Saka)**
**No. 7, Thursday, February 8, 2024/ Magha 19, 1945 (Saka)**

| S U B J E C T | P A G E S |
|---|---|
| **ORAL ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| *Starred Question Nos. 81 to 87 | 12-41 |
| **WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Starred Question Nos. 88 to 100 | 42-108 |
| Unstarred Question Nos. 921 to 1150 | 109-696 |

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

| | |
|---|---|
| **PAPERS LAID ON THE TABLE** | 697-720, 900 |
| **LEAVE OF ABSENCE OF MEMBERS FROM THE SITTINGS OF THE HOUSE** | 721 |
| **COMMITTEE ON PUBLIC UNDERTAKINGS** | |
| 22nd and 23rd Reports | 722 |
| **PUBLIC ACCOUNTS COMMITTEE** | |
| 104th to 123rd Reports | 723-725 |
| **COMMITTEE ON ABSENCE OF MEMBERS FROM THE SITTINGS OF THE HOUSE** | |
| Minutes | 726 |
| **COMMITTEE ON WELFARE OF OTHER BACKWARD CLASSES** | |
| 30th to 33rd Reports | 727 |
| **COMMITTEE ON PAPERS LAID ON THE TABLE** | |
| 171st to 183rd Reports | 728-729 |
| **COMMITTEE ON GOVERNMENT ASSURANCES** | |
| 98th to 101st Reports | 730 |
| **STANDING COMMITTEE ON COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY** | |
| 54th to 57th Reports | 731 |
| **STANDING COMMITTEE ON DEFENCE** | |
| 47th Report | 732 |
| **STANDING COMMITTEE ON PETROLEUM AND NATURAL GAS** | |
| 24th Report | 732 |
| **STANDING COMMITTEE ON HOUSING AND URBAN AFFAIRS** | |
| 21st Report | 732 |
| **STANDING COMMITTEE ON CHEMICALS AND FERTILIZERS** | |
| 50th to 52nd Reports | 733 |

**STANDING COMMITTEE ON RURAL DEVELOPMENT AND PANCHAYATI RAJ**

37th Report 734

**STANDING COMMITTEE ON COMMERCE**

186th and 187th Reports 735

**STANDING COMMITTEE ON TRANSPORT, TOURISM AND CULTURE**

364th to 369th Reports 736-737

**STANDING COMMITTEE ON HEALTH AND FAMILY WELFARE**

152nd to 155th Reports 738

**STATEMENT CORRECTING REPLY TO UNSTARRED QUESTION NO. 429 DATED 21.07.2023 REGARDING STEM CELL ALONGWITH REASONS FOR DELAY** 739-748

**STATEMENT BY MINISTER**

Status of implementation of the recommendations contained in the 356th Report of the Standing Committee on Transport, Tourism and Culture on action taken by the Government on the recommendations/ observations contained in the 340th Report of the Committee on Demands for Grants (2023-24) pertaining to the Ministry of Culture

**Shri Devusinh Chauhan** 749

**SUBMISSION BY MEMBER**

Re: Need to tackle inflation, unemployment and farm-loan waivers 769-771

**STATUATORY RESOLUTION RE: SEEKING APPROVAL OF THE HOUSE TO AMEND THE SECOND SCHEDULE OF THE CUSTOMS TARIFF ACT, 1975** 778-779

**MATTERS UNDER RULE 377** 828-837

(i) Need to introduce ropeway system for visiting Mundeshwari Dham

**Shri Chhedi Paswan** 828

(ii) Regarding inclusion of temples of cultural and historical importance in Kerala under PRASAD Scheme

**Shri T. N. Prathapan** 829

(iii) Need to provide stoppage for Mumbai – Solapur Vande Bharat Express at Lonavala Railway Station

**Shri Shrirang Appa Barne** 830

(iv) Need to include Members of Parliament and State Legislatures in the protocol for flag hoisting/unfurling on the occasion of Republic Day and Independence Day

**Dr. Alok Kumar Suman** 831

(v) Need to resolve the electricity shortage in Jammu and Kashmir

**Shri Hasnain Masoodi** 832

(vi) Need for additional allotment of wheat, rice and Tur Dal (pulse) for Tamil Nadu

**Shri C. N. Annadurai** 833

(vii) Need to set up a Welfare Board for Brahmins

**Dr. T. R. Paarivendhar** 834

(viii) Need to address the grievances of cotton farmers of Ganganagar Parliamentary Constituency

**Shri Nihal Chand Chouhan** 835

(ix) Need to provide irrigation facility to marginal farmers in the country and also encourage them towards cattle rearing

**Shri Mansukhbhai Dhanjibhai Vasava** 836

(x) Need to conduct a national survey to collect data on migrant workers working in each state

**Shri Rajiv Pratap Rudy** 837

**CONSTITUTION (SCHDULED TRIBES) ORDER (AMENDMENT) BILL, 2024**

**AND**

**CONSTITUTION (SCHDULED CASTES AND SCHEDULED TRIBES) ORDERS (AMENDMENT) BILL, 2024** 838-899

*AS PASSED BY RAJYA SABHA*

Motions to Consider 838

Dr. Bharati Pravin Pawar 838-839, 892-897

Shri Saptagiri Sankar Ulaka 840-848

Shri Dharmendra Pradhan 849-852

Dr. DNV Senthilkumar S. 853-855

Prof. Sougata Ray 856-859

Shri N. Reddeppa 860-862

Shri Ramesh Chandra Majhi 863-864

Shri Girish Chandra 865-867

Shrimati Supriya Sadanand Sule 868-870

Shri Tapir Gao 871-873

Shri Abdul Khaleque 874-875

| | |
|---|---|
| Shri Shrirang Appa Barne | 876 |
| Shri Dulal Chandra Goswami | 877-878 |
| Shri K. Navaskani | 879-880 |
| Shri S. Muniswamy | 881-885 |
| Shri Syed Imtiaz Jaleel | 886-888 |
| Shri Vincent H. Pala | 889-891 |
| **CONSTITUTION (SCHDULED TRIBES) ORDER (AMENDMENT) BILL, 2024** | |
| Clauses 2 and 1 | 898 |
| Motion to Pass | 898 |
| **CONSTITUTION (SCHDULED CASTES AND SCHEDULED TRIBES) ORDERS (AMENDMENT) BILL, 2024** | |
| Clauses 2 to 4 and 1 | 899 |
| Motion to Pass | 899 |
| **WATER (PREVENTION AND CONTROL OF POLLUTION) AMENDMENT BILL, 2024** | 901-993 |
| *AS PASSED BY RAJYA SABHA* | |
| Motion to Consider | 901 |
| Shri Bhupender Yadav | 901-903, 976-985 |
| Shri B. Manickam Tagore | 904-909 |
| Shri Shankar Lalwani | 910-911 |
| Shri D.M. Kathir Anand | 912-916 |
| Shri N.K. Premachandran | 917-922 |
| Shrimati Vanga Geetha Viswanath | 923-924 |
| Shrimati Pratima Mondal | 925-928 |

| | |
|---|---|
| Shri Shrirang Appa Barne | 929-931 |
| Shri Sunil Kumar | 932-933 |
| Shri Anubhav Mohanty | 934-936 |
| Shri Ramshiromani Verma | 937-938 |
| Shrimati Supriya Sadanand Sule | 939-943 |
| Shri Gaurav Gogoi | 944-948 |
| Shri Ganesh Singh | 949-953 |
| Shri Vinayak Bhaurao Raut | 954-955 |
| Adv. A. M. Ariff | 956-957 |
| Shri Syed Imtiaz Jaleel | 958-960 |
| Shri K. Navaskani | 961-964 |
| Dr. Satya Pal Singh | 965-968 |
| Shri Gurjeet Singh Aujla | 969-970 |
| Shrimati Sarmistha Sethi | 971-973 |
| Shri Nihal Chand Chouhan | 974-975 |
| Clauses 2 to 15 and 1 | 985-992 |
| Motion to Pass | 993 |

***ANNEXURE – I**

Member-wise Index to Starred Questions 913

Member-wise Index to Unstarred Questions 914-919

***ANNEXURE – II**

Ministry-wise Index to Starred Questions 920

Ministry-wise Index to Unstarred Questions 921

* Available in Master copy of Debate, placed in Library.

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shri Om Birla

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shrimati Rama Devi

Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki

Shri Rajendra Agrawal

Shri Kodikunnil Suresh

Shri A. Raja

Shri P.V. Midhun Reddy

Shri Bhartruhari Mahtab

Shri N.K. Premachandran

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

Shri Shrirang Appa Barne

## SECRETARY GENERAL

Shri Utpal Kumar Singh

# LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

----------

Thursday, February 8, 2024/ Magha 19, 1945 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[**HON. SPEAKER** *in the Chair*]

… (व्यवधान)

**श्री बी. मणिक्कम टैगोर (विरुधुनगर):** सर, तमिलनाडु के साथ अन्याय हो रहा है ।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न काल ।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, जिस विषय पर आप चर्चा करना चाहते हैं, उस विषय पर प्रश्न काल में चर्चा हो चुकी थी और डिटेल में सरकार ने अपना उत्तर दे दिया था। माननीय रक्षा मंत्री जी खुद चेन्नई दौरे पर गए थे। बालू साहब ने उनको धन्यवाद दिया था। रक्षा मंत्री खुद जाकर आए हैं।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न काल में आपको विषय उठाने दिया, शून्य काल में आपको विषय उठाने दिया। आपको शून्य काल में फिर से बोलने देंगे।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** नो। प्रश्न काल में नहीं, शून्य काल में आपको बोलने का मौका दूंगा। आप कई बार यह विषय उठा चुके हैं।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप जीरो ऑवर में विषय उठाएं।

… (व्यवधान)

**SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR):** Sir, this is injustice with Tamil Nadu. … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** ऐसा नहीं है बालू जी। प्लीज बैठिए। सदन आपका है। मैं आपको पर्याप्त समय और पर्याप्त अवसर दूंगा।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं जीरो ऑवर में आपको पर्याप्त समय और पर्याप्त अवसर दूंगा। सरकार ने ए. राजा जी के प्रश्न का पूरा जवाब दे दिया था। रक्षा मंत्री जी खुद होकर आ गए थे। कमेटी वहां होकर आयी थी।

… (व्यवधान)

**11.02 hrs**

*At this stage, Shri T.R. Baalu and some other hon. Members left the House.*

**माननीय अध्यक्ष :** ऐसा नहीं है। सदन चर्चा के लिए है, प्रश्न काल के लिए है। प्रश्न काल में आप चर्चा करें, विषय उठाएं।

… (व्यवधान)

**11.02½ hrs**

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

**माननीय अध्यक्ष :** क्वैश्चन नंबर 81, श्रीमती प्रतिमा मंडल।

**SHRIMATI PRATIMA MONDAL:** Q.N. 81.

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय मंत्री जी।

**जल शक्ति मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत):** महोदय, उत्तर सदन के पटल पर रखा गया है।

**माननीय अध्यक्ष :** क्वैश्चन नंबर 81 आपका तो नहीं है।

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत :** सर, मुझे असाइन किया गया है।

**माननीय अध्यक्ष :** आपको ऑथोराइज किया है। अगर आपको ऑथोराइज किया है तो आपको यहां लिखकर देना चाहिए।

**(Q.81)**

**SHRIMATI PRATIMA MONDAL:** Sir, the hon. Minister has mentioned in his reply that 90 per cent of this block area was earlier covered under no-go restrictions. These restrictions were done away with by the Government recently. I am saying this because the Bay of Bengal is a beautiful but fragile ecosystem in India which houses many species of flora and fauna that constitute the natural heritage of our country. I call it fragile because due to increasing levels of green house gases in the past years, the impact of climate change is more and more visible in the area with increasing number of cyclones and inundations wreaking havoc.

Therefore, my question to the hon. Minister through you, Sir, is that whether the Ministry or ONGC has conducted any survey and considered the harm done by any excavation or drilling project to produce more fossil fuel energy that might have negative impact on such an ecosystems, not to mention the people who live in the area.

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत :** धन्यवाद अध्यक्ष महोदय। माननीय सदस्या ने जो प्रश्न किया है और जिस उत्तर को संदर्भित करते हुए इन्होंने कहा है कि यह महानदी बेसिन का क्षेत्र नो-गो एरिया था और माननीय सदस्या ने जो चिंता व्यक्त की है। नो-गो एरिया को डिफेंस के सिक्योरिटी परपजेज के कारण से मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस ने इम्पोज़ किया हुआ था और आजादी के समय से था।

चूँकि, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश का सामर्थ्य, शक्ति और आत्मविश्वास बढ़ा है, इसलिए हमने उस नो-गो एरिया को खोलने के बाद उस एक क्षेत्र में पेट्रो हाइड्रोकार्बन रिजर्वायर्स का एक्सप्लोरेशन हो सके, उस दृष्टिकोण से काम प्रारंभ किया है।... (व्यवधान) मुझे सदन को यह सूचित करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता है कि उसे खोलने के बाद कोणार्क और उत्कल दो ऐसे गैस रिजर्वायर्स आइडेंटिफाई हुए हैं।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के संज्ञान के लिए और माननीय सदस्या के संज्ञान के लिए निवेदन करना चाहता हूँ, चूँकि सदस्या की चिंता निश्चित रूप से सही है और प्रशंसनीय है। उन्होंने यह कहा है कि ईको सेंसेटिव जोन्स खोलने के बाद वहां जिस तरह का फ्रेजाइल ईको सिस्टम है, उससे किसी भी तरह की चुनौती खड़ी हो सकती है, लेकिन इस तरह का कोई भी प्रोजेक्ट लेने से पहले उसकी सारी एन्वायर्नमेंट क्लियरेंसेस और इम्पैक्ट असेसमेंट स्टडीज़ होने के बाद ही इस तरह के इनिशिएटिव्स लिए जाते हैं। निश्चित ही भविष्य में वहां पर किसी तरह के एडवर्स इम्पैक्ट नहीं हों, उसको सुनिश्चित किया जाएगा।

**SHRIMATI PRATIMA MONDAL:** Sir, hon. Minister mentioned here that this process has to be completed for these two discoveries namely Konark and Utkal. We all know about the present infrastructural condition of the Konark Temple which is a heritage of our country. Why I am saying this because the Bay of Bengal is connected to ecosystem across the entire coastal line of India.

My second question to the hon. Minister, through you, is whether it is really worth investing in an excavation project in this area because if there is any accidental oil spill, it will pollute the whole Bay region including the interconnected ecosystem and the consequences of the same will be irreversible on the lives of millions of people.

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत :** माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्या ने जो प्रश्न किया है, वह एप्रिहेंशन पर बेस्ड है कि ऐसा होने पर ऐसा हो सकता है। किसी भी तरह के गैस एक्सप्लोरेशन, पेट्रोलियम एक्सप्लोरेशन या इसके अन्यथा भी सरकार इस तरह का कोई भी इनिशिएटिव लेती है तो वह सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध और मानक खड़े करके ही लेती है। चाहे ऑफशोर ड्रिलिंग का विषय हो या ऑनशोर ड्रिलिंग का विषय हो या फिर ऑफशोर, ऑनशोर में एक्सप्लोरेशन का विषय हो, सभी जगहों पर इस तरह की चुनौतियां होती हैं, जिनकी संभावनाएं माननीय सदस्या ने व्यक्त की है और वे बनी

रहती हैं। लेकिन फिर भी एटमोस्ट सारे प्रबंधन करने के बाद ही इस तरह की ड्रिलिंग्स की जाती हैं। इसलिए मैं विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि सरकार इस तरह के सारे प्रबंधन करने के बाद ही वहां कमर्शियल प्रोडक्शन पर काम करेगी।

**PROF. SOUGATA RAY:** Sir, I thank Shri Gajendra Singh Shekhawat who is deputed on behalf of Shri Hardeep Singh Puri, who is absent for some reason unknown to us. But still he has given us reasonable reply to the environmental apprehensions expressed by Shrimati Pratima Mondal.

Now, the reply is somewhat incomplete. It says: “Thereafter, commercial and technical assessments are conducted to determine the viability of developing the field. These evaluation activities take many months to complete.” And again it says: “Now, the Krishna Godavari basin is beginning commercial production and it will produce 7 per cent of our needs.”

Now, my question is this. What is the time frame by which we can expect commercial production from Konark and Utkal? What will be the process of allocation of this block? Earlier, the Krishna Godavari basin was allocated to Reliance which is a company owned by Ambani.

By what process will this new block be allocated? Ultimately, how far are we from fulfilling the domestic needs of fossil fuel or petroleum with these discoveries?

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत :** माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय वरिष्ठ सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है, मुझे लगता है कि उसके बारे में उत्तर में विस्तार से लिखा गया है कि जिस प्रक्रिया के तहत एक बार जब किसी भी तरह की संभावनाओं को पाया जाए, तब उसको कॉमर्शियल प्रोडक्शन तक लाए जाने में किन-किन चरणों से होकर गुजरना पड़ता है। एप्रेजल प्रोग्राम, जिसमें एक बार किसी पोटेंशियल को

आईडेंटिफाई करने के बाद उसके प्रोबेबल क्वांटिटी को असेस करने के लिए और उस एप्रेजल प्रोग्राम के बाद उसकी कॉमर्शियल वायबिलिटी को अध्ययन करने के लिए, उसकी टेक्निकल फिजिबिलिटी के लिए estimation of size and characteristics of underlying gas or hydrocarbon fuel reservoirs को establish करने के लिए एवं उन दोनों चरणों को पूरा होने के बाद, उसकी commercial viability field development plan जो डायरैक्ट्रेट जनरल ऑफ हाइड्रोकार्बंस दिया जाता है, इसमें सामान्यत: जो समय लगता है, वह लगभग पांच सालों का कालखंड होता है जिसमें यह पूरा एस्टैब्लिश होता है। लेकिन एक शुरुआत हुई है और निश्चित ही इस शुरुआत को माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में जिस तरह से इसके मॉनिटाइजेशन प्रॉसेस के समय को कम किया गया है, उसको कम करने के कारण, मैं विश्वास के साथ यह बात कह सकता हूं कि निश्चित ही पहले जितनी समय अवधि ऐसे पोटेंशियल फाइंडिंग्स से लेकर उसके कॉमर्शियल एक्सप्लोरेशन तक लगता था, उसमें निश्चित ही कम समय अवधि में हो पाएगा। माननीय सदस्य ने यह ब्लॉक बाद में, इसके एक्सप्लोरेशन और कॉमर्शियल पोटैंशियल एस्टैब्लिश होने के बाद में इसके हाइड्रोकार्बन फ्यूल और गैसेज का एक्सप्लोरेशन किसे दिया जाएगा, इसके बारे में प्रश्न किया है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार की जो ओपन लीज पॉलिसी है, उसके तहत ओएनजीसी ने यह डिसकवरी की है और बाद में ओएनजीसी इसका कॉमर्शियल प्रोडक्शन करने के लिए अधिकृत है।

**श्री मनीश तिवारी :** अध्यक्ष जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। अध्यक्ष जी, मेरे मन में विडंबना है, क्योंकि माननीय गजेन्द्र शेखावत जी गृह मंत्रालय नहीं देखते हैं, तो क्या इनसे यह सवाल पूछना उचित रहेगा? फिर भी, मैं आपकी अनुमति से जरूर इनके संज्ञान में यह बात लाना चाहता हूं कि प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो ने 22 मार्च, 2021 को एक रिटेन प्रश्न का हवाला देते हुए, धर्मेन्द्र प्रधान जी जो मंत्री थे, एक विज्ञप्ति जारी की थी, उसमें उन्होंने कहा था कि India's oil and oil equivalent gas import dependence वर्ष 2014-15 में 68.9 प्रतिशत थी, वर्ष 2015-16 में यह बढ़कर 72.2 प्रतिशत हो गई है, वर्ष 2020-21 में यह बढ़ कर 77.1 प्रतिशत हो गई, वर्ष 2021-22 में बढ़कर 85.5

प्रतिशत हो गई, वर्ष 2022-23 में बढ़ कर 87 प्रतिशत हो गई और 2023-24 के पहले 9 महीने में यह 87.5 प्रतिशत हो गई।

अध्यक्ष जी, इसका यह मतलब है कि जितनी हमारी खपत कच्चे तेल और खपत की है, उसका 87.5 प्रतिशत भारत इम्पोर्ट करता है, तो इस परिस्थिति में यह बिल्कुल साफ है कि पिछले 10 वर्षों में जो अपस्ट्रीम एक्सप्लोरेशन है, उसमें कोई लंबा-चौड़ा काम नहीं हुआ। मेरा यह प्रश्न है कि जब यह बात सरकार को बिल्कुल साफ थी कि ऑयल एंड गैस एक्सप्लोरेशन में कोई ज्यादा प्रोग्रेस नहीं हो रही है, तो क्या सरकार का यह उत्तरदायित्व नहीं बनता था कि जो इंटरमीडिएट्स और रिन्यूएबल्स हैं, उसके ऊपर ज्यादा ध्यान दिया जाता, जब कि यह बिल्कुल साफ था कि ओएनजीसी और जो बाकी कम्पनीज या प्राइवेट सेक्टर अपस्ट्रीम एक्सप्लोरेशन कर रही हैं, उसका जो नतीजा है, वह बिल्कुल निल बट्टा सन्नाटा है।

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत :** माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो सहृदयता भरे शब्दों के साथ शुरुआत की है**,** उसके लिए मैं इनका आभार व्यक्त करना चाहता हूं। मैं सदन के संज्ञान के लिए बताना चाहता हूं कि यह सही है कि हाइड्रोकार्बन फ्यूल स्पेशली ऑयल की इम्पोर्ट डिपेंडेंसी पिछले दस वर्षों में कुछ हद तक बढ़ी है। जिस तरह से हम सब के लिए यह विषय संज्ञान में है कि इकोनॉमी की ग्रोथ, एनर्जी की रिक्वायरमेंट या फ्यूल की जो रिक्वायरमेंट है, उसकी ट्राजेक्टरी या ग्राफ एकदम आइडेंटिकल होता है। माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में, उनके प्रधान मंत्री काल में भारत की अर्थव्यवस्था 10वीं से तीसरी अर्थव्यवस्था तक पहुंची है, हम 1 ट्रिलियन से 3 ट्रिलियन तक पहुंचे हैं। निश्चित रूप से उसी के अनुरूप हमारी हाइड्रोकार्बन फ्यूल की आवश्यकताएं बढ़ी हैं, खपत बढ़ी है और उस खपत के बढ़ने के चलते हमारी इम्पोर्ट डिपेंडेबिलिटी में कुछ हद तक इजाफा हुआ है। जहां तक माननीय सदस्य ने अदर रिन्यूएबल रिसोर्सेज के बारे में बात की है, मैं गर्व और प्रसन्नता के साथ कह सकता हूं कि जो एथेनॉल ब्लैंडिंग का प्रोग्राम माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में शुरू हुआ था और हमने जो बायो फ्यूल पॉलिसी तैयार की थी, उस बायो फ्यूल पॉलिसी के चलते हुए आज हम 12 परसेंट एथेनॉल की ब्लैंडिंग पेट्रोल में कर रहे हैं। इसको 20 प्रतिशत तक ले जाने के लिए माननीय

प्रधान मंत्री जी के मार्गदर्शन में हम प्रतिबद्ध हैं। हमने अब तक जो 12 प्रतिशत का लक्ष्य हासिल किया है, उसके चलते पिछले वर्षों में इस पॉलिसी को एडॉप्ट करने के बाद लगभग 24 हजार करोड़ रुपये का जो इम्पोर्ट है, विदेशी मुद्रा का निवेश कम हुआ है। इसके साथ-साथ जो एथेनॉल है, उसको एग्रो बेस्ड प्रोड्यूसेज से बनाया जाता है। इसलिए उसकी जो बचत है, वह बचत वन लाइन लीनियर होने के बजाय किसानों तक पहुंची है, वह डिसेंट्रलाइज हुई है। उस 23 हजार करोड़ रुपये की बचत, जो विदेशी मुद्रा की हुई है, उसका लगभग 60-70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा किसानों के घरों तक पहुंचा है। निश्चित ही हम एक तरफ इम्पोर्ट के क्वांटम को कम करने में कामयाब हुए हैं, इम्पोर्ट के बिल को कम करने में कामयाब हुए हैं। उसके साथ-साथ इस दृष्टिकोण से किसानों की आमदानी को बढ़ाने की दिशा में भी हम सकारात्मक सफलता प्राप्त कर पाए हैं।

**माननीय अध्यक्ष :** क्वेश्चन नंबर 82।

श्री तेजस्वी सूर्या – उपस्थित नहीं।

श्री रविन्दर कुशवाहा जी।

**(Q. 82)**

**श्री रविन्दर कुशवाहा :** माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे पूरक प्रश्न पूछने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभारी हूं।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह कहना चाहता हूं कि महत्वपूर्ण एयरपोर्ट गोरखपुर, जहां से देश के कोने-कोने में उड़ानें प्रतिदिन संचालित की जा रही हैं, जिसका लाभ पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ-साथ सीमावर्ती प्रदेश बिहार तथा पड़ोसी देश नेपाल को भी मिल रहा है। यात्री सुविधा हेतु, रात्रिकालीन विमान सेवा हेतु गोरखपुर एयरपोर्ट पर ये सुविधा यात्रियों हेतु कब तक शुरू करने का प्रस्ताव है?

बगल में कुशीनगर एयरपोर्ट है। मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि उस एयरपोर्ट पर नियमित उड़ानें नहीं हैं। वहां पर कब तक नियमित उड़ानें शुरू होंगी? हमारे यहां लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी और पूर्व प्रधान मंत्री चन्द्रशेखर जी की जन्मस्थली बलिया से पटना, वाराणसी, गोरखपुर एयरपोर्ट की दूरी 200-250 किलोमीटर है। मेरा मंत्री जी से यह प्रश्न है कि क्या वह बलिया में नए एयरपोर्ट की स्थापना का विचार रखते हैं? धन्यवाद।

**श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया :** अध्यक्ष महोदय, माननीय सांसद महोदय ने अपने प्रश्न में तीन प्रश्न पूछे हैं। सर्वप्रथम मैं उनको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में भारत में नागर विमानन क्षेत्र को नई ऊंचाई तक पहुंचाना, यह हमारा संकल्प नहीं है, लेकिन हमने यह साकार करके जनता के लिए पूर्ण रूप से समर्पित किया है। जिस देश में केवल 74 एयरपोर्ट्स होते थे, आज 149 एयरपोर्ट्स हो चुके हैं। जिस देश में केवल 6 करोड़ सालाना यात्री हवाई विमान से प्रस्थान और सफर करते थे, आज उसी देश में कोविड से पूर्व साढ़े 14 करोड़ यात्रियों ने सफर किया है। इस वर्ष 15 करोड़ 20 लाख यात्रियों ने सफर कर लिया है मतलब पिछले रिकॉर्ड को भी हमने तोड़ दिया है।

हमारा अनुमान है कि हमने जो 15 करोड़ 20 लाख यात्रियों का कीर्तिमान स्थापित किया है, यह वर्ष 2030 तक डबल होकर हमारे देश में 30 करोड़ घरेलू यात्री बन जाएंगे। जहाँ हम लोग घरेलू यात्रियों के मामले में विश्व में सातवें नम्बर पर थे, वहाँ आज भारत विश्व में तीसरे नम्बर पर पहुँच चुका

है। यह विदेशी यात्रियों के मामले में सातवें नम्बर पर पहुँच चुका है। घरेलू यात्रियों और विदेशी यात्रियों को मिलाकर हम लोग पाँचवें नम्बर पर पहुँच चुके हैं।

प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि वर्ष 2027-28 तक देश की अर्थव्यवस्था को हम लोग पाँचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था तक ले जाएंगे। वहीं हमारा यह भी संकल्प है कि नागर विमानन क्षेत्र में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को मिलाकर हमारा देश, जो पाँचवें स्थान पर हैं, उसे भी वर्ष 2030 तक तीसरे नम्बर तक पहुँचाना है।

इन्होंने तीन भागों में प्रश्न किये। पहला प्रश्न कुशीनगर के बारे में पूछा गया। कुशीनगर में सहारनपुर के लिए हमने उड़ान योजना के अंतर्गत बिड अवार्ड कर दिया है। हम जिन 14 रूट्स को कनेक्ट करेंगे, उन्हें हमने उड़ान 5.3 के अंतर्गत सम्मिलित किया है। वर्तमान में, हमने एक रूट अवार्ड कर दिया है। जहाँ तक, गोरखपुर का सवाल है, हम लोग यहाँ भी एयरलाइंस के साथ चर्चा कर रहे हैं। जब वे निर्णय लेंगे, तो उसका क्रियान्वयन भी हम करेंगे।

जहाँ तक बलिया की बात की गई, मैं सांसद महोदय से निवेदन करूँगा कि वे भी उत्तर प्रदेश सरकार से बात करें और मुझसे आकर मिलें। बलिया के लिए जो संभव होगा, उनके साथ चर्चा करके हम करने की कोशिश करेंगे। लेकिन मैं यह विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2014 तक केवल छ: एयरपोर्ट्स थे, आज उत्तर प्रदेश में 10 एयरपोर्ट्स संचालित हो चुके हैं।

माननीय अध्यक्ष महोदय, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वर्तमान में 10 एयरपोर्ट्स हैं, लेकिन आने वाले एक साल के अन्दर, जो 10 एयरपोर्ट्स की क्षमता है, अगले एक-दो माह में हम लोग 5 और एयरपोर्ट्स की शुरुआत करने जा रहे हैं। उसी के साथ सबसे बड़ा सपना केवल उत्तर प्रदेश की जनता का ही नहीं, बल्कि पूरे देश की जनता के लिए जेवर में अंतर्राष्ट्रीय विमान तल इस वर्ष के अंत तक शुरू हो जाएगा। जिस उत्तर प्रदेश में केवल छ: एयरपोर्ट्स थे और आज 10 एयरपोर्ट्स हैं, वे इस साल के अंत तक 16 हो जाएंगे।

**माननीय अध्यक्ष :** मंत्री जी, आप अब संक्षेप में जवाब दीजिएगा।

माननीय सदस्यों से भी अनुरोध है कि वे एक-एक लाइन में प्रश्न पूछें।

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे :** माननीय अध्यक्ष महोदय, पुणे शहर और पुणे शहर के आसपास की आबादी लगभग 2 करोड़ के ऊपर हो गई है।

**माननीय अध्यक्ष :** आप भूमिका न बाँधें, सीधे प्रश्न पूछें।

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे :** मैं आपके माध्यम से, माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि पुणे हवाई अड्डा भारतीय वायु सेना का हवाई अड्डा है। मैं आपसे पूछना चाहता हूँ कि क्या पुणे में किसी अन्य स्थान पर हवाई अड्डा बनाने की सरकार की कोई योजना है? अगर सरकार इसे बनाना चाहती है, तो वह कितने समय तक बन जाएगा?

*__SHRI JYOTIRADITYA M. SCINDIA:__ Sir, I would like to thank Honourable member for raising this query regarding Pune Airport. I am also Marathi. Hence, I am resolved and dedicated towards the overall development of Pune city. A new terminal has been constructed at Pune Airport. We will inspect and surely consider about all the possible requirements. We're going to inaugurate it very soon.

You should raise this issue with the state government and if the state government send us a proposal for second airport, we will definitely look into it.

State government had shared about the proposed site, but local farmers had also requested us in that regard.

So, its state government's responsibility to check the viability. They should check and send it again. We would definitely consider the proposal.*

**SHRIMATI KANIMOZHI KARUNANIDHI:** Sir, I would like to ask the Minister about Tuticorin Airport and the runway. The work had been started much before COVID-19 period. Many excuses have been given. We will be following up with

---

* English translation of the speech originally delivered in Marathi.

the Minister also. He is well aware that the pace of work is very, very slow. The work of the terminal building and runway has not been completed. It is already very late and because of that, a lot of businesses and industries are suffering.

**SHRI JYOTIRADITYA M. SCINDIA:** First of all, let me thank her. She is extremely eager about getting this Airport operational. I would like to tell her that we are also very eager to do so. She is very much welcome to come and meet me. I will give her the full details and specification with regard to this Airport and I will jointly monitor this.

**डॉ. निशिकांत दुबे :** महोदय, माननीय प्रधानमंत्री जी ने देवघर एयरपोर्ट दिया। राज्य सरकार की गलती के कारण सात मकान गिर नहीं रहे थे। 20 दिसंबर को हाई कोर्ट में मैंने केस लड़कर उन मकानों को गिराने का आदेश करा दिया, लेकिन आज तक वह आईएलएस नहीं लग पाया है, स्पेशल वीएफआर के बाद भी हमारी फ्लाइट्स वहाँ लैंड नहीं कर पा रही हैं। देवघर एयरपोर्ट के बारे में हाई कोर्ट का आदेश कब तक इम्पलीमेंट होगा?

**श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया :** महोदय, सांसद जी आकर मुझसे जरूर मिलें। आईएलएस की प्रक्रिया हम लोग देश के कई एयरपोर्ट्स पर कर रहे हैं। वे जरूर मुझसे आकर मिलें, मैं उन्हें वस्तुस्थिति बता दूँगा।

**श्री हसनैन मसूदी :** सर, आप जानते हैं कि पिछले साल से श्रीनगर एयरपोर्ट के लिए एयर ट्रैफिक बढ़ गया है।

**माननीय अध्यक्ष :** आप केवल प्रश्न पूछिए।

**श्री हसनैन मसूदी :** सर, क्या सरकार अवंतीपोरा एयरपोर्ट को ऑपरेशनल बनाएगी?… (व्यवधान)

**श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया :** सर, माननीय सदस्य का प्रश्न इस प्रश्न के साथ सम्मिलित नहीं है।… (व्यवधान) ये अवंतीपोरा के बारे में मुझसे आकर मिलें, मैं इन्हें अवगत करा दूँगा।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री रमेश माझी जी।

अब सब लोग आपसे मिल लेंगे तो इस प्रश्न को खत्म करते हैं । चलिए, आगे बढ़ते हैं । सभी लोग माननीय मंत्री जी से आकर मिल लेना । आप समय तय कर देना, सभी लोग आपसे आकर मिल लेंगे ।

**श्री रमेश चन्द्र माझी :** महोदय, धन्यवाद ।

महोदय, आपने मुझे प्रश्न पूछने का मौका दिया है ।

**माननीय अध्यक्ष :** हमने कहाँ मौका दिया है? क्या आप खुद ही बोलने का मौका ले रहे हो? नहीं-नहीं, अभी इसका समय नहीं है । मैं आपको अभी मौका नहीं दे रहा हूँ ।

प्रश्न संख्या 83,

डॉ. टी. सुमति (ए) तामिझाची थंगापंडियन जी ।

**(Q.83)**

**DR. T. SUMATHY (*A)* THAMIZHACHI THANGAPANDIAN:** Sir, my question was whether the Government has initiated any startup fund for promoting the marginalised communities including the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. The hon. Minister has given a detailed answer for which I am really thankful. I express my thankfulness to him through you.

He has also categorically appreciated our Tamil Nadu State, led proudly by our hon. Chief Minister *Thalapathy* M.K. Stalin as the best performer. It shows that our Tamil Nadu is a forerunner in this case as it has been in many fronts.

My question is whether the Ministry plans to collaborate with Tamil Nadu Government to learn from their successes and replicate effective strategies nationwide to ensure equitable economic growth and empowerment.

**श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा :** महोदय, माननीय सदस्या ने बहुत अच्छा प्रश्न किया है। विशेष रूप से मैं कहना चाहता हूँ कि तमिलनाडु में, जिसके बारे में हम लोगों ने अभी किया है, विशेष रूप से 7,559 स्टॉर्ट-अप्स रजिस्टर्ड हुए हैं। जब वर्ष 2014 में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी प्रधानमंत्री जी बने थे, उस समय मात्र 350 स्टॉर्ट-अप्स देश में थे और इस समय वर्तमान में देश में 1,17,254 स्टॉर्ट-अप्स हैं। मैं कह सकता हूँ कि विशेष रूप से ये स्टॉर्ट-अप्स बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। इन्होंने एसटी, एससी की बात कही है। विशेष रूप से मैं कहना चाहता हूँ कि एससी के लिए अभी जो पैसा सैंक्शन किया गया था, उसमें 523 करोड़ रुपये स्टॉर्ट-अप्स के लिए दे दिए गए हैं और 213 एससी कंपनियों को यह पैसा दिया गया है। इस तरीके से 736 करोड़ रुपये इसके लिए सैंक्शन किए गए थे। इतना पैसा इन्हें दे दिया गया है।

**DR. T. SUMATHY (*A)* THAMIZHACHI THANGAPANDIAN:** Sir, my supplementary is, in the allocation of funds under the venture capital for

Scheduled Castes, what proportion is specifically designated for women entrepreneurs?

**श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा :** अध्यक्ष जी, एससी, एसटी के लिए स्टार्ट-अप लागत का 75 परसेंट वित्त पोषण किया जाता है। सामाजिक और न्याय मंत्रालय द्वारा बीएसएफ के अंतर्गत अम्बेडकर सामाजिक नवाचार मिशन लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। जिसमें विशेष रूप से हम कह सकते हैं कि अनुसूचित जातियों के लिए पचास करोड़ रुपये का फंड रखा गया है।

**माननीय अध्यक्ष :** मंत्री जी, बोल दीजिए कि महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और देते हैं।

**श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा :** अध्यक्ष जी, इसमें महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या 84,

श्री अशोक महादेवराव नेते जी।

**(Q. 84)**

**श्री अशोक महादेवराव नेते :** अध्यक्ष महोदय, हम सभी देशवासियों के लिए प्रसन्नता की बात यह है कि देश के प्रधान मंत्री आदरणीय मोदी जी ने सभी आवासहीन नागरिकों के लिए आवास देने का संकल्प किया है और यह स्वागत योग्य है। हम सभी इसके लिए आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी का दिल से अभिनंदन करते हैं। देश के ऐसे गरीब लोग, जिन्होंने किश्तों पर टीवी, मोबाइल, फ्रिज, मोटर साइकिल आदि खरीदा है तथा जिनके पास केवल पांच एकड़ भूमि है, वे प्रधान मंत्री आवास की सुविधा से वंचित हो रहे हैं। क्या इन नियमों में छूट देने के लिए माननीय मंत्री जी विचार करेंगे?

**माननीय अध्यक्ष :** मंत्री जी, आप हाँ या न बोल दीजिए।

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत :** माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जिन कंडिशंस की बात कही है, वह प्रधान मंत्री आवास योजना शहरी में लागू नहीं है। वह ग्रामीण के लिए शर्तें हैं। माननीय सदस्य को इस दृष्टिकोण से देखकर विचार करना चाहिए। सिर्फ अर्बन में केवल तीन लाख रुपये तक की इनकम और उसका देश में कहीं भी पक्का घर न हो, सिर्फ ये दो ही शर्तें हैं। यह डिमांड ड्रिवन स्कीम है, कोई कोटा नहीं है, जितने चाहे उतने घर दिए जा सकते हैं।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या 85,

श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन जी।

**(Q. 85)**

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN:** Sir, the National Highway 744 from Kadampattukonam to Chadayamangalam, Chadayamangalam to Pathady, Thenmala, Aryankavu to Tirumangalam is one of the prestigious projects in my Constituency. This is a Greenfield Highway. The land acquisition 3A Notification, and 3D Notification has been completed. It is quite unfortunate to note that the State Government is not willing and ready to share the land acquisition cost of 25 per cent. The work is standstill and the people are finding it very difficult to transact the land. The 3D Notification is cancelled.

My first supplementary question to the hon. Minister is that whether the Government is willing and ready to take up the project as a whole because the total cost of the project will come to around Rs.3000 crore. According to that, the 25 per cent cost will be just around Rs.300 crore. I would like to know whether the Government will take the responsibility to take it as a prestigious project at the entire expense of the Government of India so that the work can be completed.

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय मंत्री जी, आप यह भी बता दो कि केरल में और अन्य प्रदेशों में एक किलोमीटर सड़क बनाने में कितना अंतर है।

**SHRI NITIN JAIRAM GADKARI:** Respected Speaker, Sir, this is one of the important Highways and I accept it. Actually, this Highway is having four packages in Tamil Nadu and two packages in Kerala. This NH-744, four to six lane carriageway is under progress. It is included under Bharatmala Pariyojana Phase-I. In two packages, already 39 per cent work is completed. In Kerala, where it has two packages, we are already in consultation with the Kerala

Government. I have a meeting with the Chief Minister regarding the land acquisition cost. In Kerala, somewhere the land cost comes to around Rs.50 to Rs.70 crore per kilometre.

The rates are very high. Unfortunately, in Kerala, as there is road-side development and the buildings are there, we need to acquire land and also the houses. The cost is very high, and that is to be one of the biggest problems. When we discussed with the Chief Minister of Kerala, he accepted that they will bear 50 per cent of the cost. The Kerala Government has already contributed Rs. 5,000 crore as part of their share but the cost is very high. After that, they gave me an indication that their Government is not in a position to bear 50 per cent cost. This problem has arisen because of that. Then after discussion with the State Government and the Chief Minister, we found a way out and asked them to contribute only 25 per cent and make exemption for the GST of nine per cent from the State Government which will be notional loss. He accepted that but still we are waiting for a reply from the Government. My Secretary is constantly in contact with the Chief Secretary of Kerala. But still, we have not received a response from them. I am expecting that we will get a positive response from the Kerala Government as early as possible so that we will be in a position to take the decision and start the project.

Out of the five packages in Tamil Nadu, there are three packages for which the DPR is in progress. There are two packages in Kerala. First is at the Kerala-Tamil Nadu border near Aryankavu to Edamon and the other is from Edamon to

Kadampattukonam, which are also at the DPR stage. We will try to resolve this issue as this is a very important one.

In Tamil Nadu also, somewhere we are facing problem regarding getting the aggregate. I had a long discussion with the Chief Minister of Tamil Nadu also. We need cooperation from the State Government, particularly regarding giving aggregate and other permissions for mining, which is very essential. Without that, we cannot construct the road. So, I will appeal to both the Chief Ministers, as this is a very important road and we want to do it, and if they clear all these factors as early as possible, we will definitely start the project.

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN:** I thank the hon. Minister for the positive answer given by him. We all appreciate the hon. Minister of Road Transport and Highways, Nitin Gadkari ji for the wonderful performance as regards the National Highways. I do appreciate him for that. But at the same time, what if the State Government is not cooperating because this is Bharat Mala Project? As regards all other roads, the State Government has agreed. There are only two roads – the Cochin bypass and this road – for which they have not even given the concurrences. So, my specific question to the hon. Minister is, will the hon. Minister consider it as a special case if the State Government is not willing to contribute 25 per cent? You have also made another suggestion of the exemption of GST and royalty. Suppose the Government is not willing to do it, will it be considered as a special case? It is a very, very important road connecting the two States. Will it be considered a special case and the entire expense be borne by

the Government of India? It is a flagship programme in my constituency. So, I request you to kindly consider it as a special case.

**SHRI NITIN JAIRAM GADKARI:** Respected Speaker Sir, we are awaiting a reply from the State Government of Kerala, either positive or negative. In the meeting, the Chief Minister and the Chief Secretary have already accepted. So, we only need a formal written reply from them. If it is there, there will be no problem about all these factors. But I am positive and want to resolve the issue. In Kerala also, I admit that it is in a specific position and the land acquisition cost is very high. So, somewhere we need to find out some solution for that. We are positive. At least, you convince the Government. Let them send to me a written reply, whether positive or negative, and after that I will be in a position to decide about this issue.

**SHRI DAYANIDHI MARAN:** Thank you, Speaker, Sir. We have a very dynamic Minister. I am sure that this is the last Question Hour session for you in this Parliament Session. I would like to ask a very specific question about the greenfield project of Chennai-Bengaluru highway. You have already reviewed it and said that it will be completed in 18 months. Could you please give us details at what stage it is at present, and what is the likely date of its completion?

Secondly, for the five years I have been raising a question regarding the old Chennai-Bengaluru highway. I am asking it because especially from Chennai to Ranipet it is impossible to travel as the construction work is stagnated, which is because of the delay caused by the contractors, and because of this people are facing a lot of hardships. I would like you to answer for that.

Lastly, I would request you to share with us the timeframe in which the road from Thoothukkudi to Tirunelveli will be repaired. This road was damaged during the recent flood.

**SHRI NITIN JAIRAM GADKARI:** Respectable hon. Member, the connectivity between Bengaluru and Chennai with the express highway is very important because maximum people in Karnataka and Tamil Nadu use roads. So, this highway is very important from business and commercial point of view. We are working very fast on this highway. Some part of it is in Bengaluru and the other part is in Tamil Nadu. I inspected the highway from helicopter and I went up to the Tamil Nadu border. I would like assure the House and the hon. Member that we are trying our level best to complete this highway before December. After completion of this highway, the distance between Bengaluru and Chennai would remain only of two hours. That will create a good opportunity for development of industries, businesses and commercial activities.

Sir, I would like to say that I do not want to politicise the issue, and I would not make any comment against the Chief Minister of the State. But without getting aggregate or without getting the things which we need for road construction, how is it possible for us to complete the road? So, some of the things are related with the State Government and we always need cooperation. The problem is that the fly ash is not available. The thermal power plants are there. But they are not ready to give us fly ash and that is why the work is stuck.

I have already requested the hon. Chief Minister. The Chief Secretary and the State PWD Minister can organize a meeting with the contractors, NHAI

officers and the State Government officers. You can call a meeting. You understand what problems we are facing. On the basis of that, if we could find a way out, I promise you that the work will be completed.

I understand that the road is very important and also the types of problems people would be facing. I also want to find out a solution. Many times I have tried to have meetings with the people concerned. My request to the hon. Member is to take a review of this in Chennai. I am even ready to come to Chennai for that. We will resolve the issue and complete the project.

**SHRIMATI KANIMOZHI KARUNANIDHI:** Sir, kindly give a reply with regard to Thoothukudi road. It is also a very important road. *....(Interruptions)* It falls in my constituency. *....(Interruptions)*

**माननीय अध्यक्ष :** आप उनके वकील नहीं हैं, नो एडवोकेटिंग।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप जा कर मंत्री जी से उनके चैम्बर में मिल लीजिएगा।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** नहीं, नहीं, मैंने मंत्री जी को इजाज़त नहीं दी है।

श्री के. सुरेश जी।

… (व्यवधान)

**SHRI KODIKUNNIL SURESH:** Thank you, Speaker, Sir. I would like to invite the kind attention of the hon. Minister, Shri Nitik Gadakari towards one very import project in Kerala. Actually, the Thirumangalam-Kollam National Highway was diverted to Edamon to Kadambattur. From Edamon to Kollam, 45 kilometres are permitted to have the National Highway status. Edamon-Punalur-Potta are in my

constituency and Kundra-Kollam is the existing highway. You diverted that to greenfield from Edamon to Kadambattur. Will the Edamon to Kollam stretch of the existing national highway continue or will you hand it over to the State PWD? My demand is that the balance portion of the road from Edmond to Punalur-Kottarakara 5.17 should be existing as national highway.

I would request you to give the national highway status to the balance portion of Edamon to Kollam.

**SHRI NITIN JAIRAM GADKARI:** Hon. Speaker, Sir, Edamon to Kollam covers a distance of 38.62 kilometres. The cost of the project is Rs.1,700 crore. The total project cost is coming to Rs.6,270 crore. The total length is Rs.208.5 kilometres, out of which five packages are in Tamil Nadu and two in Kerala. Now, this is to be executed by the NHAI and somewhere by the State PWD unit also. We take the responsibility of that and that will be treated State PWD Unit - NH Division.

We will just complete the DPR and consider the demand of the hon. Member to give this whole project to NHAI and get it completed by NHAI.

**माननीय अध्यक्ष:** क्वेश्चन नंबर 86, श्रीमती रमा देवी

… (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** सर, इतने सारे सदस्य मंत्री जी की सराहना करते हैं, यह देखने वाली चीज है ।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आपका प्रश्न क्या है?

… (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** सर, गडकरी जी जब जवाब दे रहे थे, तब सारे मेम्बर्स उनकी सराहना कर रहे थे ।… (व्यवधान)

सर, दूसरी चीज, यह पहली बार मैंने देखा कि without resorting to cultification of our Prime Minister, he has dared to reply the question.

**श्री नितिन जयराम गडकरी:** प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में जो पॉलिसी होती है, उसी का मैं जवाब देता हूं।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या 86,

श्रीमती रमा देवी जी।

**(Q. 86)**

**श्रीमती रमा देवी :** आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं अपने माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहती हूं कि केंद्र सरकार द्वारा देश भर में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए ऋण सहायता, प्रौद्योगिकी सहायता, अवसंरचना विकास तथा कौशल विकास सहित क्षेत्रों में कई योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभ दिया जा रहा है। उद्योगों की तुलना में कम पूंजीगत लागत पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर प्रदान करने की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अभी हाल ही में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा पीएम-विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से 18 तरह के पारंपरिक पेशों से जुड़े हुए कारीगरों एवं शिल्पकारों को गारंटी मुक्त लोन देने का प्रावधान भी किया गया है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि कोविड काल में जो कल-कारखाने बंद हो गए थे और अभी रुग्ण अवस्था में हैं, क्या केंद्र सरकार ने उनकी सहायता के लिए कोई कदम उठाया है? यदि हाँ, तो बिहार सहित पूरे देश में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है? कोरोना काल में जो कारखाने बंद हो गए थे, रुग्ण हो गए थे, ऐसी स्थिति में कल-कारखानों का जो दशा है, उसमें क्या सुधार लाया जा रहा है? इसके बारे में माननीय मंत्री जी जवाब दें।

**श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा :** माननीय अध्यक्ष महोदय, हमारी माननीय सदस्या ने प्रश्न पूछा है कि कोरोना काल में एमएसएमई की जो यूनिट्स सिक हुई थीं, उनके लिए सरकार ने क्या किया है। विशेष रूप से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी ने, कोरोना काल में हमारी जो यूनिट्स सिक हुई थीं, उनको तुरंत ही चालू करने के लिए आत्मनिर्भर भारत पैकेज के अंतर्गत एक ईसीएलजीएस योजना लागू की थी। उसके अंतर्गत सबसे पहले वर्ष 2020 में उन्होंने करीब 3 लाख करोड़ रुपये दिया था। इसके बाद वर्ष 2021 में 1.5 लाख करोड़ रुपये और दिया गया। अभी जो हमारी बजट आया, आदरणीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने जो बजट पेश किया, उसमें 50,000 करोड़ रुपये और दिया गया। इस तरह पाँच लाख करोड़ रुपये ईसीएलजीएस योजना के अंतर्गत इन यूनिट्स को दिया गया है।

महोदय, अभी तक एमएसएमई के अंतर्गत जो यूनिट्स हैं, उनको 3,62,000 करोड़ रुपये दिये जा चुके हैं और एमएसएमई को भी करीब 2 लाख करोड़ रुपये की मदद दी जा चुकी है।

**श्रीमती रमा देवी :** अध्यक्ष जी, मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं को बेहतर रूप में धरातल में पहुंचाने के लिए हमारे माननीय मंत्री जी ने बहुत सारे पैसे देने की बात कही है, इसके लिए मैं उनको धन्यवाद देती हूं। स्थानीय सांसद की भूमिका को बढ़ावा देने के लिए क्या कोई नीति बनाई जा सकती है, जिसके माध्यम से सांसद अपने क्षेत्र में बड़े पैमाने पर एमएसएमई को प्रभावी रूप से शुरू करवाने के लिए अपना योगदान दे सके?

**श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा:** माननीय अध्यक्ष महोदय, आदरणीय सांसद महोदया एक अच्छी सांसद हैं और अपने क्षेत्र में भी ढेर सारे काम करती हैं। विशेष रूप से मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि वहां निरीक्षण के लिए सांसद जिले की विविध समितियों के मेंबर भी होते हैं और दिशा कमेटी के चेयरमैन भी होते हैं। ये सारी योजनायें उन्हीं के अंतर्गत आती हैं। वे जिस योजना की चाहें समीक्षा कर सकती हैं, देख सकती हैं। वहां भेजकर कोई सुझाव देना चाहती हैं, तो उसे दे सकती हैं।

**श्रीमती नवनित रवि राणा :** अध्यक्ष महोदय, इंप्लायमेंट जेनरेटेड बाई एमएसएमईज़ पर्टिकुलरली इन महाराष्ट्र, वेस्ट बंगाल, सोनीपत के बारे में मैं आपसे यह भी जानना चाहती हूं एमएसएमईज़ के अंतर्गत क्या सरकार अमरावती में नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर माइक्रो स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज़ स्थापित करने पर विचार कर रही है? इसके माध्यम से हमारे अमरावती में और महाराष्ट्र में कितनी इंप्लायमेंट डिपार्टमेंट की तरफ से जेनरेट हुई है?

**श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा :** अध्यक्ष महोदय, पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र में कुल 131.85 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जा चुकी है, जिसमें वहां करीब 29 हजार इंप्लाईज़ के लिए रोजगार जेनरेशन हुआ है। अमरावती जिले में 4.2 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई है और उससे करीब 1 हजार लोगों को उसका लाभ मिला है।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या 87,

श्री ए. राजा जी।

**(Q. 87)**

**SHRI A. RAJA:** Sir, I should appreciate my colleague, the hon. Minister, that a detailed answer has been given by him. At the same time, with due respect to the hon. Minister, I am not fully satisfied with the answer. How many flights were cancelled due to various reasons? Broadly speaking, three reasons were given by the Minister. One is weather. The second one is technical. We are travelling at a time when we have advanced systems in the scientific field. I can understand the technical reasons due to which suddenly a flight can be cancelled. For weather and commercial reasons, it can be foreseen early and advance intimation must be given. Suppose, I booked a ticket. It may be for attending a funeral or it may be for attending a very important function. If the flight is cancelled, the consequences will be irreparable.

My first question is this. You are having omnipotent authority over the statutory body. I would like to know whether the Government is going to devise detailed guidelines with dos and don’ts to avoid such hardship because people are forced to sit on the tarmac and take food. The Director General of Civil Aviation rightly said that it is a violation of apron discipline. Such a grave incident has taken place. What will be the comprehensive policy of the Government with dos and don’ts and punitive provisions to avoid all these things?

**SHRI JYOTIRADITYA M. SCINDIA:** Sir, Raja ji has raised a very pertinent question. I would like to just take his attention to the data. When one actually sees the data of cancellations in our country this year, it is 0.3 per cent due to weather; it is 0.2 per cent due to commercial and operation reasons; and it is 0.2 per cent

due to technical reasons. You look at our fleet size which has doubled in the last ten years. You look at the number of air traffic movements per week which has grown by 22 per cent in the last two years only. Even if you take all three reasons for cancellations together, it comes to 0.7 per cent of our total air traffic movements in civil aviation across the country. This is the first point.

Secondly, he is absolutely right that in the event of a cancellation or a delay, there are two things that need to be taken care of and I would like it to emphasise to him.

He has only emphasised one area, which is the security concerns with regard to an airport being integral to the security of a country. Therefore, if there is any infringement on that, strict action must be taken. But along with that Raja ji has made another very important point also that any inconvenience to passengers on that account and the very fact that an aircraft in Mumbai was parked on the tarmac and passengers had to have their meals on a tarmac is unacceptable as far as we are concerned. There was no reason for that to have happened. The airline should have radioed the airport in advance. That plane should have been parked at an air terminal with an apron. Passengers should have been disembarked. They should have been given food properly. Then when the plane was ready, they should have been boarded again and then taken to their destination.

We have imposed a fine on both the airline and the airport because it is unacceptable to us on both counts, one inconvenience to passengers and second infringement of security. That though, I must say, happened due to a very adverse

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** महोदय, इतना ही नहीं, किसानों के लिए जितना काम मोदी जी की सरकार ने किया है**,** उतना पहले कभी नहीं हुआ।… (व्यवधान) हमने एमएसपी को बढ़ाया भी और खरीद को भी दोगुना करने का काम किया, आप इसे पहले नहीं कर पाए थे। किसानों के हित में जितना कार्य हमने किया, उतना किसी ने नहीं किया। पीएम किसान सम्मान निधि 2,80,000 करोड़ रुपया हमारी सरकार ने दिए है।… (व्यवधान)

महोदय, सदन में जो सेंगोल लगा है, तमिलनाडु के लिए मान-सम्मान यदि किसी सरकार ने दिया है, तो मोदी जी की सरकार ने तमिलनाडु के लिए मान-सम्मान देने का काम किया ।… (व्यवधान)

---

**माननीय सभापति :** आप संक्षेप में बात रखिए। मैं इस बात को दोहरा रहा हूं कि कृपया संक्षेप में बोलें ताकि अधिक से अधिक माननीय सदस्य अपनी बात सदन में रख सकें।

**श्री कुलदीप राय शर्मा (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह):** महोदय, मेरे क्षेत्र में दिगलीपुर तहसील है। यहां सैडल पीक नेशनल पार्क है और वहां एक लामिया बे बीच है। इस बीच पर हजारों शिव भक्त अप्रैल के महीने में यहां से जल लेकर 50 किलोमीटर दूर शिवपुरी में एक मंदिर में जाते हैं। लोग साल में एक बार नेशनल पार्क से वहां जाते हैं और वहां शिवलिंग की स्थापना करते हैं। दुख की बात यह है कि फारेस्ट विभाग हर साल उस शिवलिंग को तोड़ देता है। मेरी आपके द्वारा अंडमान-निकोबार एडमिनिस्ट्रेशन से डिमांड है कि नेशनल पार्क में एक शिवलिंग की स्थापना करने की परमिशन दी जाए, ताकि श्रद्धालु भक्त एक दिन शांति से एक दिन पूजा करके वहां से जल ले जा सकें।

**माननीय सभापति :** आप एक मिनट में बात समाप्त कीजिए और एक ही विषय रखें। Only one subject please. There should not be any charter of demands.

**श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र):** सभापति जी, मैं सबसे पहले प्रधान मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने बजट में आंगनवाड़ी सेविकाओं और आशाकर्ताओं को "आयुष्मान भारत" से जोड़ने का काम किया है। मेरी करबद्ध प्रार्थना है कि आंगनवाड़ी सहायिका और सेविका सहित आशा कार्यकर्ताओं को जो वेतन केंद्र सरकार से मिलता है, उसे बढ़ाने का काम किया जाए ताकि उनका कल्याण हो सके। वे बहुत ज्यादा काम करती हैं।

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर):** महोदय, मैं जिस मुर्शिदाबाद डिस्ट्रिक्ट से आता हूं और यह हिस्टोरिकली इम्पोर्टेंट डिस्ट्रिक्ट है और यह स्ट्रेटेजिक प्वांट भी है। हमारे यहां इलेक्ट्रिसिटी जेनरेशन

के लिए जगह है, एनटीपीसी है और मिलिट्री कंटोंमेंट भी है। हमारे शहर से कोलकाता या दूसरी जगह से एयरपोर्ट जाने में काफी दिक्कत होती है इसलिए हम बार-बार मांग करते हैं कि यहां एयर स्ट्रिप की विमान सेवा उपलब्ध हो। वहां उड़ान सेवा के लिए मैं बार-बार गुहार लगाता हूं।

*__श्रीमती परनीत कौर (पटियाला):__ Thank you, Chairman Sir, for giving me the time to speak on an urgent matter of public importance. Sir, I want to talk about the problems of Asha workers and Auganwadi workers. They are compelled to do a lot of work in every field. They demand at least 21,000 Rs. for each of them.

Through you, I urge upon the Government to kindly take their demand seriously. Thank you.

**SHRIMATI PRATIMA MONDAL (JAYNAGAR):** Thank you, Chairperson, Sir.

I would like to draw the kind attention of the hon. Railway Minister to a matter of urgent public importance. Under my Parliamentary Constituency Jaynagar there is a halt station named Matla.

**13.00 hrs**

The old name is Chandkhali. The Sealdah Canning line was made operational on 15th August, 2021. Since then, people have been availing the opportunity of travelling on four up and down trains, but the problem remains the same for students of schools, colleges and employees of different sectors because there is no halt train service at the prime time in the morning and evening. As a result, people have to travel long distances.

**माननीय सभापति :** यदि आप अपनी बात समय में पूरा नहीं करेंगी तो आपकी बात अधूरी रह जाएगी। Please complete now.

---

* English translation of the speech originally delivered in Punjabi.

**SHRIMATI PRATIMA MONDAL:** It will take much time and money. So, my request to the hon. Minister is to give at least two more halts at stations both in the morning and evening. In the morning, the requested halt timings are 7:23 am and 10:05 am and in the evening, it is 16:35 pm and 17:52 pm.

**श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण):** माननीय सभापति महोदय, मुम्बई शहर में बी.डी.डी. चाल नामक चार गृह संकुल हैं। इनके अंग्रेजों के जमाने के होने की वज़ह से राज्य सरकार ने उनका पुनर्विकास करने का निर्णय लिया और उनके पुनर्विकास का काम शुरू भी किया, लेकिन इन चारों गृह संकुल में से तीन संकुल राज्य सरकार की जमीन पर हैं, जिसके कारण राज्य सरकार इनके पुनर्विकास का काम कर पाई। एक गृह संकुल मुम्बई पोर्ट ऑथोरिटी की जमीन पर है, मतलब केन्द्र सरकार की जमीन पर है। केन्द्र सरकार इसकी अनुमति नहीं दे रही है।

महोदय, एक तरफ तो हम 'विकसित भारत' की बात कर रहे हैं, पक्के घर देने की बात कर रहे हैं और दूसरी तरफ पुरानी इमारत ढह गयी है, उसके पुनर्विकास की अनुमति देने के लिए मैं आपके माध्यम से प्रार्थना करता हूं।

**श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज):** सभापति महोदय, मैंने आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र महाराजगंज, बिहार अन्तर्गत सारण जिला के जलालपुर प्रखण्ड मुख्यालय, जलालपुर में एक कृषि महाविद्यालय स्थापित करने के संबंध में पूर्व में भी कृषि विभाग से आग्रह किया था। फलस्वरूप, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मिशन शिक्षा/12-1 (पार्ट-II) दिनांक 20.05.2015 के माध्यम से बिहार सरकार से जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया, जिसके बाद बिहार सरकार के कृषि सचिव के द्वारा जमीन संबंधी ब्यौरा Secretary and Director General, Government of India, Department of Agriculture Research and Education and Indian Council of Agricultural Research, Krishi Bhawan को अपने पत्रांक 2167/27.04.2021 के द्वारा भेज दिया गया, लेकिन अभी तक कृषि महाविद्यालय स्थापित नहीं किया जा सका है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से आग्रह कर रहा हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में सारण जिलान्तर्गत जलालपुर प्रखण्ड मुख्यालय में एक कृषि महाविद्यालय शीघ्र स्थापित करने हेतु अपने स्तर पर आवश्यक दिशा-निर्देश देने का कष्ट करें।

**श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर):** आदरणीय अधिष्ठाता महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, मैं यहां पर पिछड़े वर्ग के आरक्षण के अन्दर जो अति पिछड़ा वर्ग है, उसके इससे वंचित रह जाने के मुद्दे को इस सदन में उठाने के लिए खड़ा हुआ हूं।

आदरणीय सभापति महोदय, 27 प्रतिशत के आरक्षण के अन्दर मेरे संसदीय क्षेत्र अम्बेडकर नगर में, खास तौर से, जो अति पिछड़े वर्ग हैं, जैसे कहार, कुम्हार, बिंद, मल्लाह, निषाद, भर, राजभर, मौर्य, कुशवाहा, नाई, विश्वकर्मा समाज के लोग इस 27 प्रतिशत के आरक्षण से पूर्णतया वंचित रह जाते हैं और इन्हें इसका लाभ नहीं मिल पाता है, जिसकी वजह से इनकी स्थिति दलित समाज से भी ज्यादा दयनीय हो गयी है।

महोदय, वर्ष 2017 में भारत सरकार ने रोहिणी आयोग का गठन किया था, जिसका काम ओबीसी आरक्षण के अन्तर्गत आरक्षण का असमान लाभ कुछ चन्द साधन सम्पन्न बिरादरी के पास रह जाता है, उसको बांटने का था, जिसमें 12 प्रतिशत अति पिछड़े वर्गों के लिए, जो पूरी तरह से वंचित है, 10 प्रतिशत उनके लिए जो थोड़े वंचित है, और 5 प्रतिशत जो साधन सम्पन्न हैं, उनके लिए करने का है। इसलिए रोहिणी आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक करके इसको लागू करना अत्यंत ही जरूरी हो गया है

**डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर):** सर, मेरा लोक सभा क्षेत्र भावनगर की दो ब्रॉडगेज लाइनें – बोटाड और साबरमती, ढेसा और झेतलसर दोनों बन कर तैयार हो गयी हैं, खुद पीएम साहब ने उनका उद्घाटन भी कर दिया है, जो सालों से हमारी मांग थी। लेकिन अभी क्या हो रहा है? यह ब्रॉडगेज कनवर्जन पूरा हो गया है, उद्घाटन भी हो गया है, लेकिन हमारे भावनगर और बोटाड की जो पैसेंजर ट्रेन्स हैं, जो लॉन्ग रूट की हैं, वे अभी भी पुराने रूट से जा रही है, जो लंबा रास्ता, मतलब 30 किलोमीटर ज्यादा लंबा रास्ता ले कर जाती हैं। सारी गुड्स ट्रेन ब्रॉडगेज रूट पर चलती हैं, लेकिन

पैसेंजर ट्रेन नहीं चलती हैं। मैं आपके माध्यम से रेलवे मंत्रालय से गुजारिश करती हूँ कि जब ब्रॉडगेज लाइन बन गयी है तो भावनगर और बोटाड की पैसेंजर ट्रेनें ब्रॉडगेज रूट पर चलाई जाएं।

***SHRIMATI APARUPA PODDAR (ARAMBAGH):** Khanakul's Radhanagar in my Arambagh Lok Sabha constituency is the birthplace of Raja Rammohan Roy who had played a pivotal role in eradicating the practice of Sati. This government always talks about women empowerment, therefore I request them that please understand that 600 years old Gopinath temple, Radhaballabh temple, Ghanteswar temple are all located in and around this Radhanagar village. It is at the centre. In the year 1914, during British regime, the British engineer S.S.G. Tulechur had conducted the survey work of Santragachi Bishnupur railway via Radhanagar. When my Chief Minister was the Railway Minister, at that time, she had constructed the railway line of Bishnupur Tarakeswar and had also completed the survey of via Radhanagar route. But I don't know why after this government came to power in the year 2014, the survey work was halted. Thus I request the Railway Minister to connect Mayapur via Radhanagar to Raghunathpur without further delay; this has been a long pending demand of the people of Khanakul. They are emotionally attached to this project. Kindly get it done if you people really respect and love Raja Rammohan Roy.

**श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर):** सभापति महोदय, मैं एक महत्वपूर्ण विषय यहां पर उठाना चाहती हूँ। राजस्थान के सभी जिलों में हमारे जाट भाइयों को आरक्षण दिया गया है, लेकिन मेरे भरतपुर और धौलपुर के जाट भाइयों को आरक्षण नहीं दिया गया है।

---

* English translation of the speech originally delivered in Bengali.

मैं सदन के माध्यम से अनुरोध करना चाहूंगी कि इन भाइयों को आरक्षण दिया जाए, जिससे कि युवा पीढ़ी का भविष्य उज्जवल रहे और आने वाले समय में भारत सरकार में अपना योगदान दे सकें।

***SHRI T. N. PRATHAPAN (THRISSUR):** Sir, Kerala is facing an acute crisis. Due to the incompetence of the State Government, they have time and again failed to submit required documents to the Centre; within the stipulated time, and due to this, the State has not got the financial help from the Central Government.

Sir, the people of Kerala are suffering due to this incompetency of the State Government.

Sir, the people of a State should not be victimized due to the failure of a State Government. Therefore, I request, you, to kindly disburse the funds that was due for Kerala.

Sir, there are several Centrally Sponsored Schemes, for which Kerala has not get its due.  I am urging again, that the people of Kerala, should not be victimized for the failure of the State Government.

**SHRIMATI MANJULATA MANDAL (BHADRAK):** Sir, through you, I want to draw the kind attention of hon. Minister of Road Transport and Highways towards the progress of Bharat Mala Pariyojana (Coastal Highway) from NH-16 Tangi to Ratanpur and Ratanpur to Digha; NH-16 from Jamujhadi to Dhamra. About 70 kilometres area is coming under my Parliamentary constituency. Therefore, I request that the hon. Minister of Road Transport and Highways may kindly inform

---

* English translation of the speech originally delivered in Malayalam.

regarding the total project cost, project outlay and plan, time frame of the projects, details of the area covered village-wise with map, land acquisition and rehabilitation for the above two National Highways.

**श्रीमती रेखा अरुण वर्मा (धौरहरा):** सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र की तहसील महौली में रेलवे लाइन के समीप स्थित उरदौली गांव का रास्ता लाइन पर गार्डर लगा कर बंद कर दिया गया है, जिससे आस-पास के कई गांवों की आबादी का अवागमन अवरुद्ध हो गया है। रेलवे के नक्शे में गेट अंकित होने के बावजूद भी गेट बंद किए जाने से आम जनता को काफी परेशानी हो रही है। मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि जनता के हित में इस स्थान पर गेट संख्या 41 के पास निर्धारित फाटक को तत्काल चालू किया जाए और भविष्य के लिए अंडरपास का प्रावधान किया जाए।

**श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली) :** सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आज मैं अपने प्रदेश दादरा और नागर हवेली के स्वास्थ्य विभाग के बारे में आपको अवगत कराना चाहती हूं। भारत सरकार की बहुत सी जन कल्याणकारी योजनाएं हैं। उनमें से आयुष्मान कार्ड योजना गरीबों के लिए काफी सराहनीय योजना है। इस योजना को समग्र भारत देश में गरीबों को कई बीमारियों का इलाज कराने में लाभ मिल रहा है। गरीबों के लिए यह योजना एक संजीवनी की तरह काम कर रही है। महोदय, पिछले कुछ समय से यह स्कीम बंद है, इसलिए प्रदेश की जनता को अपने इलाज कराने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अभी जो आयुष्मान कार्ड की सुविधा बंद है, उसे जल्द से जल्द फिर से शुरू कर लोगों की इलाज कराने में हो रही समस्याओं का हल करना चाहिए। साथ-साथ सरकारी अस्पतालों में दवाइयों की बहुत कमी है। उसको भी ध्यान में लेकर जरूरी दवाइयों को उपलब्ध कराने का प्रावधान किया जाए।

**सुश्री सुनीता दुग्गल (सिरसा):** सभापति महोदय, मैं रेल मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने मेरे निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे के बहुत काम करवाए हैं। इसलिए, हमारी उम्मीद भी ज्यादा हो जाती है। मैं यह कहना चाहती हूं, क्योंकि आप भी अग्रवाल समाज से आते हैं, हमारे यहां पर अगरोहा है। सभापति महोदय, हम चाहते हैं कि हिसार, अगरोहा और फतेहबाद होते हुए सिरसा

तक एक नई रेलवे लाइन बिछायी जाए। एलनाबाद से लेकर सिरसा तक भी नई रेलवे बिछायी जाए। इसके लिए रेल मंत्री जी से मेरा आग्रह है। इसके साथ-साथ चंडीगढ़ जो हमारी कैपिटल है, वहाँ से हमारे सिरसा को जोड़ा जाए, क्योंकि वह हमारी राजधानी है। यह मेरा आग्रह है। मुझे उम्मीद है कि आप भी मेरी तरफ से आदरणीय रेल मंत्री जी से आग्रह करेंगे। बहुत-बहुत धन्यवाद।

---

**HON. CHAIRPERSON:** Item No.32A, Shri Pankaj Chaudhary.

**13.11hrs**

**STATUATORY RESOLUTION RE: SEEKING APPROVAL OF THE HOUSE TO AMEND THE SECOND SCHEDULE OF THE CUSTOMS TARIFF ACT, 1975**

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी):** महोदय, मैं निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करता हूं:

> "सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 8 के अनुसरण में, यह सभा एतद द्वारा दिनांक 15 जनवरी, 2024 की अधिसूचना संख्या 01/2024-सीमा शुल्क, [सा.का.नि. 39 (अ), दिनांक 15 जनवरी, 2024] का अनुमोदन करती है, जिसका आशय सीटीएच 1703 के अंतर्गत आने वाले चीनी के निष्कर्षण या शोधन से उत्पन्न मोलासेस के निर्यात पर 18 जनवरी, 2024 से 50% निर्यात शुल्क लगाने के लिए सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम की दूसरी अनुसूची में संशोधन करना है"

**माननीय सभापति:** प्रश्न यह है:

> "सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 8 के अनुसरण में, यह सभा एतद द्वारा दिनांक 15 जनवरी, 2024 की अधिसूचना संख्या 01/2024-सीमा शुल्क, [सा.का.नि. 39 (अ), दिनांक 15 जनवरी, 2024] का अनुमोदन करती है, जिसका आशय सीटीएच 1703 के अंतर्गत आने वाले चीनी के निष्कर्षण या शोधन से उत्पन्न

मोलासेस के निर्यात पर 18 जनवरी, 2024 से 50% निर्यात शुल्क लगाने के लिए सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम की दूसरी अनुसूची में संशोधन करना है”

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM):** Thank you very much, Sir. The design of development of NH 66 from Edapallycottah to Kavanadu is in an unscientific manner. The design and implementation of the work is in such a manner so as to obstruct the livelihood of the local population. An elevated highway on pillars connecting Neendakara and Vettuthara is highly necessiated. At least an underpass at Vettuthara is inevitable for connecting lakhs of local population on the east of the National Highway with the Highway. The proposed underpass and service road at Neendakara is insufficient for movement of heavy goods carriages. The demand for underpass at Parimanam, Edapallycottah are not materialised. An elevated highway on pillars at Ayathil also not considered.

Hence, I urge upon the Government to initiate urgent action to construct elevated highway on pillars connecting Neendakara and Vettuthara or underpass at Vettuthara, and also underpass at Edapallycottah and Parimanam, and an elevated highway on pillars at Ayathil in NH 66.

Thank you very much, Sir.

**SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR):** Sir, a very massive statute of Sardar Vallabhbhai Patel is there in our country. But I would request the Government of India and the Prime Minister personally to set up a similar statute in Kolkata of Swami Vivekananda at his residence through Ramakrishna Mission, Belur Math which will be appreciated by whole of the country.

*__SHRI DHANUSH M. KUMAR (TENKASI):__ Hon Chairman Sir, Vanakkam, Construction of four lane work in my constituency, announced by the Union Government 4 years ago, is yet to be started. Moreover, the compensation to be given to the farmers affected by the road expansion work is very less. for acquiring land from them for construction of this four-lane highway. Thousands of persons from our district work in Gulf countries. They have been using Thiruvananthapuram airport for this purpose. This four-lane road was earlier announced up to Shengottai. I urge that this four-lane road should be extended up to Thiruvananthapuram. I request the Union Government through you that the affected farmers should be given more compensation and that too very soon. This is my demand. Thank you.

**श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर):** सभापति जी, मैं सदन का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र की तरफ दिलाना चाहूंगा। यहां किसानों को जो कपास का बीज मिलता है, वह बीटी और नॉन बीटी मिलता है। पहले बीटी और नॉन-बीटी कॉटन अलग-अलग था। अब मिक्स कर दिया है, इसकी वजह से किसानों को बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है। एक तो पंजाब से कैमिकल युक्त गंदा पानी राजस्थान में आ रहा है, इसके लिए कोई भी व्यवस्था नहीं है। केन्द्र सरकार ने 774 करोड़ रुपये की राशि पंजाब को एसटीपी लगाने के लिए दी थी। किसी भी फैक्ट्री पर अभी तक कोई एसटीपी चालू नहीं हुई है।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह है कि पंजाब में जितनी भी कैमिकल युक्त फैक्ट्रीज़ हैं, शुगर मिल्स हैं, उनमें 774 करोड़ रुपये की एसटीपीज़ लगाकर राजस्थान को शुद्ध पानी दिया जाए, ताकि राजस्थान में पीने और सिंचाई हेतु शुद्ध पानी फसलों और लोगों को मिल सके । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

---

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

**डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र थावे से नई दिल्ली की ओर और अन्य महानगरों के लिए सुपरफास्ट ट्रेन चलाने के लिए ध्यान आकृष्ट करना चाह रहा हूं। संसद के रूल 377, अनस्टार्ड, स्टार्ड, जीरो ऑवर एवं बजट डिबेट के माध्यम से लगातार पिछले साढ़े 4 सालों से मैं थावे जंक्शन से सुपर फास्ट ट्रेन संचालन की मांग कर रहा हूं। यहां कामर्शियल फीजिबिलिटी के साथ-साथ हैवी पैसेंजर ट्रैफिक भी है, लेकिन रेलवे अधिकारियों का जवाब आता है कि यहां से रेवेन्यू नहीं प्राप्त होता है। यहां इतना पैसेंजर ट्रैफिक है कि ट्रेन के अभाव में यहां से डेढ़ सौ से दो सौ प्राइवेट बसेज़ चलती हैं।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि गोपालगंज थावे से सुपर फास्ट ट्रेन दिल्ली एवं अन्य महानगरों को चलाई जाएं और वंदेभारत ट्रेन चलाई जाए।

*__SHRI SUSHIL KUMAR RINKU (JALANDHAR):__ Hon. Chairman, Sir, I thank you for giving me the opportunity to speak in this august House. Sir, through you, I would like to thank the Civil Aviation Minister of India, Shri Scindiaji. I met him twice. He has given the green signal to start Adampur airport in my Constituency, Jalandhar. I hope, the Adampur airport will start functioning shortly.

I urge upon the Government to name the airport at Adampur on the name of Shri Guru Ravidasji. The Punjab Legislative Assembly has unanimously passed this resolution. So, I urge upon the Hon. Minister Sir to kindly name the airport as Shri Guru Ravidas Airport.

Thank you.

---

* English translation of the speech originally delivered in Punjabi.

**श्री कमलेश पासवान (बासगाँव):** सभापति महोदय, हमारे यहां पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे बनकर पिछले दो वर्षों से चल रहा है। हमारे यहां एक ही सड़क गोरखपुर से लखनऊ जाने के लिए होती थी। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते लखनऊ जाने की दूरी कम हो गई और वहीं दूसरी तरफ भीड़ भी कम हो गई।

सभापति जी, मैंने आदरणीय मंत्री जी से भी आग्रह किया था और दो-तीन बार मैं इस बात को सदन में भी उठा चुका हूं। अगर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को देवरिया, गजपुर, खजनी, बासगांव होते हुए खजनी से जोड़ दिया जाए, तो निश्चित तौर पर यह सड़क लोगों आवागमन के लिए हो जाएगी और लगभग 50 लाख लोगों के लिए लखनऊ की दूरी भी कम हो जाएगी और ट्रैफिक भी कम हो जाएगा।

**माननीय सभापति :** श्री एस.आर. पार्थिबन : उपस्थित नहीं।

डॉ. रामशंकर कठेरिया जी।

**डॉ. रामशंकर कठेरिया (इटावा):** महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। राजस्थान में कोटा, कोटा से चंबल एक्सप्रेस-वे इटावा जनपद में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे उत्तर प्रदेश सरकार ने बहुत अच्छी बनाया है। इस बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को लखनऊ और आगरा एक्सप्रेस-वे से जोड़ा है। जो चंबल एक्सप्रेस-वे स्वीकृत हुआ है, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि चंबल एक्सप्रेस-वे, विशेष रूप से अटल जी के नाम से वह स्वीकृत हुआ है, चंबल के किनारे-किनारे कोटा से होते हुए यह इटावा में आता है। आप जानते हैं कि पूरा चंबल एक्सप्रेस-वे के किनारे बहुत बड़ा क्षेत्र है।

जो कई सालों तक दस्यु सम्राटों की गोलियों की गड़गड़ाहट के कारण विकास से वंचित रहा है। लेकिन बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे और चम्बल एक्प्रेस-वे बनने के कारण इस क्षेत्र का विकास हो सकेगा। इसके लिए राजस्व विभाग ने जमीन चिन्हित कर ली है, इसके कारण किसानों ने पूरी जमीन पर फसल नहीं बोयी है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि चम्बल एक्सप्रे-वे जिसका नाम अटल एक्सप्रेस-वे रखा गया है, शीघ्र बनवाने की कृपा करें। इसके साथ ही चम्बल एक्सप्रेस-वे को गंगा एक्सप्रेस-वे से जोड़ने का कष्ट करें। बहुत-बहुत धन्यवाद।

* **SHRIMATI SATABDI ROY (BANERJEE) (BIRBHUM):** In my Birbhum the adjoining road from Lohapur railway station to Morgram railway station is in extremely poor shape. I have flagged this issue umpteen number of times, I spoke to hon. Minister, to the General Manager, but to no avail. The platform from Guskara to Nalhati- Muraroi-Rajgram is so short and the train compartments are so long in comparison that when a train halts there it becomes very difficult for passengers to board or deboard. It is so inconvenient. During the Corona time, some trains were started with special fare. Now Covid situation no longer exists, but those trains continue to charge hiked fare. Why the pre Covid fares are not reintroduced? Bardhhaman- Malda Town Passenger train was introduced when Mamata Bandyopadhyay was the Railway minister. That train has been discontinued altogether, it is so surprising. Moreover there are some trains which stops while going up but does not stop in the down route and vice versa. I have raised these issues time and again with hon. Minister, with the GM, with DRM, but nothing happened. For last five years I have been making hue and cry and have become tired now. Kindly look into it.

***DR. SUKANTA MAJUMDAR (BALURGHAT):** Respected Chairman Sir, I wish to draw the attention of hon. Minister through you to the issue of Balurghat airport. Few years back Airport Authority of India handed over Balurghat airport to the state government in exchange of rupee one. The development work of this Balurghat airport was entrusted with the state government. The state government has developed that airport; it is now ready for operations. But since the state

---

* English translation of the speech originally delivered in Bengali.

government has not taken appropriate steps, despite being a part of the UDAAN scheme, no planes are at present flying from Balurghat airport; Thus I wish to request respected minister that, they should have a dialogue with the state government, so that if need be, the single engine aircraft which is operational till Cooch Behar, can be started from Balurghat airport. If this happens, then not only the people of Balurghat and South Dinajpur district, but those of Malda, Murshidabad, North Dinajpur, i.e. residents of about four five Lok Sabha constituency will benefit.

**श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर):** सभापति महोदय, देश के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में 740 नये एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना का प्रस्ताव माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री श्रौमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2023-24 के बजट में किया था। इन विद्यालयों के लिये 38800 शिक्षकों की नियुक्ति भी किये जाने का प्रावधान है। इस ट्राइबल मिशन के लिये माननीय वित्त मंत्री जी ने 15000 करोड रूपये की राशि का आवंटन किया है। करोडों आदिवासी बच्चे इससे लाभान्वित होंगे। मैं इसके लिये देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

माननीय अध्यक्ष जी मैं आपके माध्यम से माननीय जनजातीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में बनने वाले एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की सूची में मेरे ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आले वाले वाले पोहरी विधानसभा एवं भितरवार विधानसभा के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र को शामिल करने का कष्ट करें। धन्यवाद।

**श्री गिरीश चन्द्र (नगीना):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मांग रखता हूं, 1 जनवरी 2004 के बाद देश में नियुक्त 70 लाख से अधिक शिक्षक एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन व्यवस्था से वंचित कर शेयर बाजार पर आधारित नई पेंशन व्यवस्था के अंतर्गत लाया गया, जो किसी के हित में नही हैं। नई पेंशन व्यवस्था में वर्तमान समय में सेवा निवृत्त होने वाले शिक्षक एवं कर्मचारियों को मात्र 850

रूपये से 1243 रूपये तक की पेंशन दी गयी है, जिसके कारण सेवा निवृत्त होने वाले शिक्षक एवं कर्मचारी आज आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे है । पुरानी पेंशन व्यवस्था देश के कार्मिकों का संवैधानिक हक है, जो उसे संबंधित विभागीय सेवा की एवज में आर्थिक सामाजिक सुरक्षा दिया जाता हैं।

आज सरकारी विभागों को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है, जो देश की अर्थव्यवस्था और देश के योग्य बेरोजगार युवाओं के भविष्य की सुरक्षा के लिए घातक सिद्ध होगा । नई पेंशन व्यवस्था निजीकरण व पूँजीवाद को बढ़ावा देने वाली व्यवस्था है।

इससे कर्मचारियों में अत्यंत रोष है।

माननीय सभापति जी, मैं पुन: आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि 70 लाख से अधिक शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों एवं पेरा-मेडिकल फोर्स के सैनिकों की आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा हेतु नई पेंशन योजना को समाप्त कर पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू की जाए। धन्यवाद।

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** माननीय सभापति जी, देश में रेलों के सभी माल गोदामों में पीढ़ियों से लाखों श्रमिक काम कर रहे हैं। कोविड के दौरान जब देश में लॉकडाउन लगा था, उस समय भी इन श्रमिकों ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 24 घंटे काम करके, खाद्यान्न जैसे गेहूं, चावल आदि की लोडिंग और अनलोडिंग करके लोगों के घरों तक पहुंचाया था। इनका आज तक ठेकेदारों द्वारा एक्सप्लाएटेशन हो रहा है क्योंकि अब तक इनकी कोई मजदूरी तय नहीं की गई है। जिस तरह से फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया में डिपार्टमेंटल लेबर सिस्टम है, उसी तरह से मैं मांग करता हूं कि उनके एसोसिएशन के लोगों से मिला जाए। पीढ़ियों से ये लोग काम कर रहे हैं। उनको 50 किलोग्राम की एक बोरी उठाने के लिए एक या दो रुपये मिलते हैं। इस काम को करने से उनकी कमर भी झुक जाती है और वे 500 रुपये भी कमा नहीं पाते हैं।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि अब जब 4 कोड्स बन गए हैं तो इस तरह के अनस्किल्ड लेबर्स का पीस मील रेट तय किया जाए।

**SHRI VIJAYKUMAR *ALIAS* VIJAY VASANTH (KANYAKUMARI):** Sir, National Highway 47 is a very important road. The movement of multi-axle trucks on this road carrying boulders and building materials has damaged the road severely. So, I request the hon. Minister for allotment of sufficient funds for repairing the existing road.

Moreover, a four-way alternate road is also being built. But due to various constraints, the work of the new project is progressing very slowly. The major constraint is non-availability of land as well as pending payout to the land owners of 12 villages. Once this problem is settled, this project will be completed. So, I request the hon. Minister to give sufficient funds to improve the existing road and complete the new project immediately.

**कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर):** माननीय सभापति जी, गरीबों एवं वंचितों को समर्पित माननीय मोदी जी की सरकार का एकमात्र लक्ष्य 'गरीब कल्याण और लोक कल्याण' है।

मैं बुन्देलखण्ड क्षेत्र से आता हूं। यह क्षेत्र बहुत पिछड़ा हुआ है और गरीबी की मार झेल रहा है। यह क्षेत्र केवल कृषि पर आधारित है और जब कृषि साथ छोड़ जाती है तो लोगों को मजदूरी के लिए पलायन करना पड़ता है। हमारे यहां सिंचाई के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी ने देश के पहले नदी जोड़ो प्रोजेक्ट में केन-बेतवा नदियों को जोड़ने का प्रोजेक्ट स्वीकृत किया है। हमारे क्षेत्र को बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे मिला है, इससे यहां इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट हो रहा है और यहां चहुमुखी विकास भी हो रहा है।

मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन है कि वर्ष 2016 में रेल बजट में पिंक बुक में हमारे यहां से महोबा, चरखारी, राठ, उरई, भिंड रेलवे लाइन जोड़ दी गई थी। इस रेल लाइन की लोगों की नितांत आवश्यकता है क्योंकि लोगों को बाहर जाना पड़ता है। मेरा निवेदन है कि माननीय प्रधान मंत्री जी के मार्गदर्शन में इस कार्य को पूर्ण कराया जाए।

अंत में, मैं एक बात कहना चाहता हूं। माननीय प्रधान मंत्री जी की मंशा लोक कल्याण है, बुन्देलखण्ड की बहुत लंबे समय से पृथक प्रांत की मांग चल रही है। इसके पीछे यहां लोगों का उद्देश्य है कि चहुंमुखी विकास हो सके इसलिए बुन्देलखण्ड को राज्य बनाया जाए। धन्यवाद।

**DR. K. JAYAKUMAR (TIRUVALLUR):** Sir, I rise to request the hon. Minister of Road Transport and Highways for a road project in Tamil Nadu. The project is of an elevated corridor road from Chennai to Thara.

The estimated cost of this project is about Rs.1,900 crore. Each and every formality is completed. This project is pending owning to only thing. That is, the Central Government is asking the State Government not to levy State GST whereas the Central Government is levying Central GST. It is totally unfair. It is not right. If the tax is not to be levied, then both the taxes should not be levied. The Central Government should not ask the State Government not to levy the State GST.

The Central Government should not say that the State Government should not review when it is getting the taxes.

I, therefore, request that this project should be implemented.

Thank you.

**डॉ. एस. टी. हसन (मुरादाबाद):** शुक्रिया सर। मुरादाबाद, ब्रास सिटी से जबदस्त एक्सपोर्ट होता है। यहां पर एक एयरोप्लेन, एयरोड्रोम की सख्त जरूरत है। यह 10 साल से बन रहा है, लेकिन हमें बराबर तारीख पर तारीख मिलती रहती है, लेकिन इस हवाई अड्डे का उद्घाटन नहीं होता है। इसकी कनेक्टिंग रोड, जो जीरो पॉइंट से काशीपुर होती हुई कॉर्बेट नेशनल पार्क जाती है, उस पर इस कदर गड्ढे हैं कि अगर कोई मरीज एम्बुलेंस में जाएगा, तो सही-सलामत नहीं पहुंचेगा। इस पर बाहर के टूरिस्ट भी आते हैं, जिससे हमें बहुत शर्मिंदगी होती है। अत: इसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

**श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से नागरिक उड्डयन मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि हमारे भीलवाड़ा में एक बहुत बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है और वहां वायु-सेवा नहीं है। वहां एयर स्ट्रिप बनी हुई है। अत: जल्दी से जल्दी वहां पर वायुसेवा प्रारंभ की जाए, क्योंकि उसके पास ही चित्तौड़गढ़, जो ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, वह वहां से मात्र 20 किमी दूर पड़ता है। इससे दोनों शहरों का कनेक्शन हो जाएगा। धन्यवाद।

**SHRI ASIT KUMAR MAL (BOLPUR):** Hon. Chairman, Sir, thank you so much for giving me this opportunity. I would like to draw your kind attention to the issue of price hike of petrol, diesel, cooking gas, and all other daily commodities. Their prices have increased immensely. During the course of NDA regime, the middle-class people and low-income groups are suffering unbearably. I would like to request the hon. Prime Minister to bring down the prices of these things as early as possible.

**माननीय सभापति :** संघमित्रा जी, कृपया इधर भी ध्यान दीजिए।

**डॉ. संघमित्रा मौर्य (बदायूं):** धन्यवाद महोदय, मैं आपके माध्यम से इस देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी का ध्यान केंद्रित करना चाहूंगी। इस सदन के माध्यम से मैं पूर्व में भी महिलाओं की शिक्षा पर कार्य करने वाली और बच्चियों के लिए प्रथम स्कूल खोलने वाली माता सावित्री बाई फुले जी की चर्चा कर चुकी हूं तथा उनकी जयंती पर महिला शिक्षिका दिवस घोषित करने की मांग भी कर चुकी हूं, लेकिन अभी पूर्व में बीते 31 दिसम्बर को इस देश के यशस्वी प्रधान मंत्री मोदी जी ने मन की बात में माता सावित्री बाई फुले जी की जयंती पर अग्रिम बधाई देते हुए उनके कार्यों की जब चर्चा की, तो मन में एक बार पुन: जिज्ञासा जागृत हुई और उसका कारण यह भी है कि इस वक्त हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी के माध्यम से महापुरुषों और समाज सुधारकों को लेकर कार्य किए जा रहे हैं। उनको सम्मान देने का कार्य हो रहा है, इसलिए मैं आपके माध्यम से आदरणीय

प्रधान मंत्री जी से मांग करती हूं कि अपने कार्यकाल में ही माता सावित्री बाई फुले जी की जयंती पर महिला शिक्षिका दिवस एवं बाबा ज्योतिबाफुले जी को भारत रत्न दिया जाए। धन्यवाद।

**कुंवर दानिश अली (अमरोहा):** महोदय, आपने मुझे महत्वपूर्ण इश्यू उठाने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद। आज देश में जिस तरीके की हेट स्पीचेज हो रही हैं, उससे पूरे देश में माहौल खराब हो रहा है। मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि इस पर सख्त कानून बनाया जाए और जब संविधान निर्माता यह कानून बना रहे थे, तो उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि सदन के अंदर ... (व्यवधान)

**श्रीमती जसकौर मीना (दौसा):** माननीय सभापति जी, देश के गरीबों के मसीहा प्रधान मंत्री जी ने प्रधान मंत्री आवास योजना की जो प्रक्रिया चालू की है, वह बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन मैं आपके माध्यम से विशेष ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में विकसित भारत यात्रा के दौरान श्री हेमराज, दिव्यांग व्यक्ति, जो 90 परसेंट विकलांग है, उसकी मां 8 साल पहले खत्म हो गयी है। अभी उसकी शादी नहीं हुई है। दिव्यांग एकल पुरूष को प्रधानमंत्री आवास और शौचालय दिया जाए। यह मैं मांग करती हूं। मैं सोचती हूं कि यह परस्थिति केवल मेरे क्षेत्र में ही नहीं है बल्कि देश के अन्य जगहों पर भी इस तरह की परस्थितियां हैं।

**श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़):** धन्यवाद सभापति महोदय। मैं आज आपके माध्यम से भारत सरकार के रेल मंत्री एवं रेल राज्य मंत्री का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ के मुख्यालय से लगा रेलवे स्टेशन चिलबिला जंक्शन जो जनपद मुख्यालय की आर्थिक राजधानी की पहचान रखता है। व्यापारिक गतिविधियों एवं जनपद प्रतापगढ़ की मुख्य मंडी स्थल से लगा हुआ रेलवे स्टेशन होने के कारण वहां बड़ी संख्या में बाहर से भी व्यापारियों का आवागमन उस स्टेशन पर हुआ करता है। हाल के दिनों में रेलवे स्टेशन पर भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा अभूतपूर्व परिवर्तन करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि चिलबिला जंक्शन पर प्रतापगढ़ से अमेठी जाने वाले राजमार्ग की तरफ भी बाहर निकालने का रास्ता स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें] क्योंकि रेलवे स्टेशन के पश्चिम तरफ

अमेठी राजमार्ग से स्टेशन आने के लिए लोगों को 2 से 3 किलोमीटर की दूरी अनावश्यक रूप से तय करनी पड़ती है। साथ ही, मैं यह भी अनुरोध करना चाहता हूं कि रेल लाइन का विद्युतीकरण हो जाने के कारण फुट ओवरब्रिज अब अधिक ऊंचाई पर है। … (व्यवधान)

**श्री रवनीत सिंह (लुधियाना):** धन्यवाद सभापति महोदय। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है, जिसको मैं सदन के लाना चाहता हूं। कल जम्मू-कश्मीर में पंजाब के नौजवानों को शहीद किया गया, जिनमें अमृतपाल और संदीप मसीह शामिल हैं।

सर, पाकिस्तान पहले तो कश्मीर के लोगों को निशाना बनाते थे, पहले पंजाब में टेररिज्म था, ये बच्चे वहां पर काम करने गए थे, उनको ए.के.-47 के बट से मारा गया। यह बहुत ही फिक्र की बात है। अभी उनकी बॉडीज पंजाब के अमृतसर में पहुंची है। अभी तक उनके डेथ सर्टिफिकेट नहीं बने हैं। इसका कारण क्या है? वहां की सरकार ने तो बोल दिया कि यह टेररिस्ट एक्ट है। लेकिन, अब उनके परिवारों का ख्याल रखना बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि पंजाब और कश्मीर दोनों पर अटैक किया गया है।

सर, आंगनवाड़ी और आशा वर्कर्स का जरूर ध्यान रखा जाना चाहिए।

**श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्रालय का ध्यान जम्मू-कश्मीर के उन लोगों की तरफ ले जाना चाहता हूं, जो महाराष्ट्र में रोजी-रोटी कमाने के लिए मजदूरी करते हैं। जो लोग हैं, वे विशेष तौर पर जम्मू से मुम्बई और मुम्बई से जम्मू बाई ट्रेन आते जाते रहते हैं। लेकिन, जम्मू से मुम्बई जाने के लिए सप्ताह में दो ही ट्रेन्स हैं। एक हजार लोगों का जम्मू से मुम्बई रोज आना-जाना लगा रहता है।

मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से प्रार्थना है कि जम्मू से मुम्बई के लिए रोज एक ट्रेन जाए और मुम्बई से जम्मू के लिए आए। ऐसा होगा तभी लोगों की परेशानियों का निजात मिल सकेगा। धन्यवाद।

**SHRI KARTI P. CHIDAMBARAM (SIVAGANGA):** Sir, I wanted to raise this issue on December 13 when you were in the Chair, when unfortunate incidents happened in the House, but I could not get an opportunity to raise it. … (*Interruptions*)

Sir, this is an issue which concerns the man on the street. In India, we have six crore stray dogs. We are spending 150 million dollars in Rabies vaccines. About 36 per cent of all the Rabies cases in the world are in India. Recently in Chennai, one dog bit 29 people and they all had to be hospitalised because after testing it was found that the dog had Rabies. In Ahmedabad, an industrialist named Parag Desai who went for a walk in the morning was chased by a pack of dogs. In panic, he fell down. … (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Please put the demand now.

**SHRI KARTI P. CHIDAMBARAM:** Sir, the Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying or the Ministry of Health and Family Welfare do not take responsibility for this. The local bodies do not have the funds or the expertise to implement the Animal Birth Control (Dogs) Rules, according to which the dogs are to be caught and vaccinated. … (*Interruptions*)

So, through you, I would request the hon. Prime Minister to constitute a national task force and fund it to deal with this problem.

**श्री हसनैन मसूदी (अनन्तनाग) :** जनाब, 6 और 7 फरवरी की दरमियानी रात को जम्मू के बनिहाल कस्बे में एक भयानक आग लगी थी । सारा बाजार खाक हो गया । 100 के करीब दुकानें नज़्र-ए-आतिश हुईं। जो सौदा सेफ जोन में था, वह भी नज़्र-ए-आतिश हुआ ।

जनाब, मेरी यह गुजारिश है कि लोग बे-आसरा हो गए, जिनकी रोजी-रोटी का वहां पर एहतिमाम होता था। सरकार से मेरी यह गुजारिश है कि इनके रिलीफ, रिहैबिलिटेशन और कंपनसेशन के पूरे इंतजामात किए जाएं। रिहैबिलिटेशन के लिए अलग से एक जगह की व्यवस्था की जाए, ताकि ये बाजार वहां पर लग सकें।

**[جناب حسنین مسعودی صاحب (اننت ناگ): جناب 6 اور 7 فروری کی درمیانی رات کو جموں کے بانیہال قصبہ میں ایک بھیانک آگ لگی تھی، سارا بازار خاک ہو گیا۔ 100 کے قریب دوکانیں نظرِ آتش ہوئیں۔ جو سودا سیف زون میں تھا وہ بھی نظرِ آتش ہوا۔**

**جناب، میری یہ گُزارش ہے کہ لوگ بےآسرا ہو گئے، جن کی روزی روٹی کا وہاں پر اہتمام ہوتا تھا ۔ سرکار سے میری یہ گزارش ہے کہ ان کے ریلیف ، ریہبیلیٹیشن اور کمپنسیشین کے پورے انتظامات کئے جائیں۔ ریہبیلیٹیشن کے لئے الگ سے ایک جگہ کا انتظام کیا جائے تاکہ وہ بازار وہاں پر لگ سکے۔]**

**श्रीमती केशरी देवी पटेल (फूलपुर) :** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहती हूं कि प्रयागराज विमानपत्तन पर विमानों का प्रचालन भारतीय वायु सेना द्वारा किया जाता है। विमानों का प्रचालन सुबह से शाम तक होता है। ये संज्ञान में आया है कि प्रयागराज विमानपत्तन पर विमानों के प्रचालन हेतु आवश्यक लैंडिंग उपकरण आईएलएस सी82 भारतीय वायु सेना द्वारा ही स्थापित किए गए हैं।

सभापति महोदय, विमानपत्तन पर शीतकालीन कोहरे के कारण विमानों का प्रचालन बाधित रहता है। यदि प्रयागराज विमानपत्तन पर विमानों के प्रचालन हेतु आवश्यक लैंडिंग उपकरण आईएलएस सी83 को स्थापित कर दिया जाए, तो प्रयागराज में कोहरे के समय भी विमान उतर सकेंगे

**SHRI SAPTAGIRI SANKAR ULAKA (KORAPUT):** Thank you, Chairman, Sir. I would like to raise a very important issue which I raised multiple times in this august House. But, unfortunately, even after your direction to the hon. Minister, he has not been responding on this issue.

Sir, the issue is with regard to the establishment of a Kendriya Vidyalaya in Jeypore. We have discussed this issue with the hon. Minister multiple times. We have also discussed it with the District Administration. The land has been procured. We have done everything possible, and a temporary accommodation has also been provided. But now when we are requesting the hon. Minister, he is saying that it is in a mission mode. He is also not responding to my raising the matter in the Parliament during Zero Hour. I have been raising this issue for the last three-four times in every Session.

I would request you to give a special direction to the hon. Minister of Education to establish a Kendriya Vidyalaya in Jeypore at the earliest. Thank you, Sir.

**श्रीमती नवनित रवि राणा (अमरावती) :** सभापति महोदय, यह बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है । आंगनवाड़ी सेविकाएं पिछले कई महीनों से आंदोलन कर रही हैं। उनकी बहुत छोटी-सी मांग है कि उनको सरकारी सेवाओं में शामिल करके पेंशन और ग्रेच्युटी दी जाए। उनकी 21,000 से 26,000 रुपये स्थायी मानदेय की मांग है।

महोदय, मेरी विनती है कि जो हमारी आंगनवाड़ी महिलाएं और आशा वर्कर्स हैं, वे कई वर्षों से हर गांव और घर में जाकर सबकी जानकारी लेती हैं। हमारा कर्तव्य बनता है कि हम उनकी मदद की जाए। आशावर्कर्स सुपरवाइजर हैं। वे दीपावली में सिर्प 2,000 रुपये का बोनस मांग रही हैं। उनको बोनस देकर हमें उनकी मदद करनी चाहिए। वे पूरे गांव के गरीब लोगों को अपने साथ लेकर चलती हैं

और उनकी सेवा करती हैं। पूरा हाउस उनके साथ खड़ा होगा। मेरी विनती है कि हमें आशावर्कर्स की मदद करनी चाहिए।

*__SHRI K. NAVAS KANI (RAMANATHAPURAM):__ Hon Chairman Sir, Vanakkam. Coconut farmers live in my Ramanathapuram parliamentary constituency in huge numbers. Particularly in the area under Aranthangi Legislative Assembly segment coconut farmers are in good numbers. Coconut cultivation is done in more than 26 thousand hectares of land. More than 40000 families are dependent on coconut cultivation for their livelihood. In order to increase the income of coconut farmers and for them to get benefits every year, I urge that an industry related to manufacturing sub-products and by-products of coconut may soon be setup in my Ramanathapuram constituency. In the Ramanathapuram district of my constituency, in the areas surrounding Sayalkudi, palm growing farmers live in huge numbers. We have understood that protect of palm trees prevent soil erosion and provide soil health besides helping in increasing the ground water table. Our Hon Chief Minister of Tamil Nadu Shri M. K. Stalin has started a Scheme to sow 1 Crore palm seeds besides ensuring the protection of palm trees, as well. I urge that palm cultivation is very much necessary and Union Government should extend help to the State of Tamil Nadu by way of adequate allocation of fund. Thank you for this opportunity.

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

[*] **SHRI SAUMITRA KHAN (BISHNUPUR):** Thank you, Sir. After bowing before Ma Sarada of Jairambati, I am able to finish all my tasks today. I will not take much of your time, I just want to inform you that the central government has 500 acres of land in Bishnupur. If the central government decides to establish an AIIMS in that area, thousands of people will get its benefits - because within the radius of one hundred kilometres, no central facility is there for healthcare. I am fortunate enough to serve the people as I wished - whether it is Bishnupur-Jairambati rail track till Mosadgram or something else. All I want now is an AIIMS at Bishnupur for the people of the region.

[#]**DR A. CHELLAKUMAR (KRISHNAGIRI):** Hon Speaker Sir, Vanakkam. I request the Hon Minister for Railways to provide two subways in my Krishnagiri parliamentary constituency. One Rail Subway is to be provided at kilometer 238 at K. Ettipatti Panchayat near Samalpatti Railway station on the Jolarper-Salem rail route as this rail route passes across Kunrathur-K. Etipatti road. Another Rail Subway is to be provided at Kalkumarapatti Village. These two Rail Subways are very much required for the benefit of the people of my constituency. As regards Kalkumarapatti village, the people do not have any other way to commute. They have to enter forest area to come out of their village. Therefore I request Hon. Railway Minister to order for setting up of two Rail Sub-ways *viz* one at Kunrathur – K. Ettipatti road and another one at Kalkumarapatti village of my constituency. Thank you.

---

[*] English translation of the speech originally delivered in Bengali.

[#] English translation of the speech originally delivered in Tamil.

**श्री सतीश कुमार गौतम (अलीगढ़) :** सभापति महोदय, मुझे आपने जीरो आवर में बोलने का मौका दिया, मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री से निवेदन करना चाहता हूं कि कानपुर शताब्दी जो अप में रुकती है, लेकिन डाउन में नहीं रुकती है और एक वंदे भारत ट्रेन है । वंदे भारत अयोध्या और वंदे भारत बनारस दोनों ट्रेन्स का हमने भव्य स्वागत किया । देश के प्रधान मंत्री मोदी जी ने उन ट्रेनों को चलवाकर यात्रा बहुत सुलभ की ।

मेरा निवेदन है कि अगर अलीगढ़ में इन तीनों ट्रेनों का स्टोपेज मिलेगा तो वहां के यात्रियों को लाभ मिलेगा और राजस्व की भी प्राप्त होगी ।

**श्री अनिल फिरोजिया (उज्जैन) :** सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया । मैं अपने क्षेत्र की एक बहुत ही महत्वपूर्ण समस्या का बार-बार निवेदन करता आया हूं और आज भी आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री श्रीमान् नरेन्द्र मोदी जी से निवेदन करता हूं कि भारतमाला से जावरा, नागदा, उन्हेल, उज्जैन होते हुए पीथमपुर को नेशनल हाइवे किया जाए, क्योंकि मैं आज यहां सदन में बात कर रहा हूं, लेकिन वहां पर सौ प्रतिशत कोई न कोई एक्सीडेंट से मृत्यु हो रही होगी ।

मेरा आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी से निवेदन है कि इसको नेशनल हाइवे घोषित किया जाए । हमारे यहां उज्जैन में कहा जाता है कि "अकाल मृत्यु वह मरे, जो काम करे चाण्डाल का, काल भी उसका क्या करे, जो भक्त हो महाकाल का ।"

मेरा आपसे निवेदन है कि इसको नेशनल हाइवे किया जाए ।

**श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर):** महोदय, मेरे जमशेदपुर लोक सभा क्षेत्र का एक अति महत्वपूर्ण मुद्दा है, जो हमारे धालभूमगढ़ एयरपोर्ट के बारे में है । मैं उस मुद्दे को आपके समक्ष रखना चाहता हूं । विगत कई वर्षों से लगातार उड़ान स्कीम है, लेकिन बीच में राज्य सरकार ने इसको ऐलीवेटेड कॉरीडोर घोषणा के चलते उस प्रोग्राम को कैंसिल कर दिया गया था, लेकिन बाद में पता चला कि कोई ऐलीवेटेड कॉरीडोर नहीं है । अभी राज्य सरकार ने यह भी स्वीकार किया है कि इससे उपयुक्त जगह नहीं मिलेगी । राज्य सरकार ने अभी तक फॉरेस्ट एन्वायरनमेंट क्लीयरेंस भारत सरकार को नहीं भेजा है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि राज्य सरकार से तत्कालीन बात करके फॉरेस्ट क्लीयरेंस सर्टिफिकेट मंगाया जाए और उस काम को तत्काल शुरू किया जाए।

**SHRI HIBI EDEN (ERNAKULAM):** Sir, I thank you for giving me this opportunity to speak. I wish to raise a very important matter related to my constituency regarding the Kendriya Vidyalaya at Thrikkakara.

Sir, in 2019, 29 Kendriya Vidyalayas were approved by the Government of India, out of which 28 temporary KVs have been started. Thrikkakara is an area where the Central Government has a huge number of institutions, including the NPOL, Akashvani, Telecom Department, Central Advertising Field Division etc. My humble request, through you, to the Education Minister is to start a temporary KV at Thrikkakara as soon as possible. Land is a huge hurdle, but we have already identified the land. The conversion of land has not been done by the State Agriculture and Revenue Department. Also, the CMI institution, which is at the forefront of educational institutions, has given 20 cents of land free of cost. My humble request to the Government is to start in the next academic year a temporary KV at Thrikkakara.

Thank you.

**श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच):** सभापति जी, मेरे साथी राम कृपाल यादव जी ने आंगनवाड़ी वर्कर्स और आशा वर्कर्स के वेतन बढ़ोत्तरी के बारे में बात रखी है। मेरा भी मानना है कि आंगनवाड़ी वर्कर्स और आशा वर्कर्स बहुत मजबूती से काम कर रही हैं और छोटे बच्चों को ठीक तरह से संभालने का काम रही हैं। ऐसी आशा वर्कर्स और आंगनवाड़ी वर्कर्स के वेतन भत्ते में बढ़ोतरी हो, मेरा राम कृपाल यादव जी की बात को मेरा समर्थन है।

*__SHRI DEEPAK ADHIKARI (DEV) (GHATAL):__ Sir, thank you for providing me the opportunity to speak. I wish to speak in Bengali. I spoke about Ghatal Masterplan for the first time in Parliament. Today is my last day in the Parliament, and I again stand here to speak on the Ghatal Masterplan.

**13.50 hrs** (Shri N.K. Premachandran *in the Chair*)

Since 1950, there has been a lot of pain in the hearts of the people of Ghatal regarding the issue of Ghatal Masterplan. This is not an issue pertaining exclusively to a political party-whether it is TMC or BJP. This issue is beyond that. Through you, I want to request the honourable Prime Minister to kindly look into the matter and implement the Ghatal Masterplan. So that the people whose lives were affected by the flood get the benefit out of this. I hope the dream that people of Ghatal had finally becomes a reality. Whether I stay as an MP or not, i just want to see the plight of the people of Ghatal getting reduced. I hope to see happiness in the faces of these people. I want to thank our honourable Chief Minister who provided me this opportunity to represent the people of Ghatal for 10 long years. I thank all the people of Ghatalconsistuency- the ones who voted for me and those didn't vote for me- I express my gratitude to all of you. Whether I am there or not, Ghatal will always have a special place in my heart.

Thank you.

---

* English translation of the speech originally delivered in Bengali.

**श्री राहुल कस्वां (चुरू):** महोदय, मैं आपके मार्फत कृषि मंत्रालय और वित्त मंत्रालय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना के तहत तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड दिया गया, उससे किसानों को बहुत फायदा मिला। पहले किसान बाजार से जो पैसा लेते थे, उसका ब्याज बहुत ज्यादा होता था लेकिन हाल ही में प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के आने के बाद से मेरे लोक सभा क्षेत्र के किसानों को बहुत फायदा पहुंचा है।

**HON. CHAIRPERSON:** You put the demand.

**श्री राहुल कस्वां (चुरू):** महोदय, मेरी डिमांड है कि साल में एक-दो बार बैंकों में पैसा जमा करने के बाद, बैंक चार्जेज टीसीएस, टीडीएस के नाम पर पैसा काटता है, जिससे किसानों को बहुत लॉस होता है। किसान जब इनकम टैक्स भरता है, तो इससे उन्हें बहुत नुकसान होता है। मैं कहना चाहता हूं कि टीसीएस, टीडीएस को केसीसी के खातों में बंद करना चाहिए।

**श्रीमती कविता सिंह (सिवान):** धन्यवाद सभापति महोदय। महिलाओं के हित में यह सरकार बेहतर कार्य कर रही है तो मैं सदन के माध्यम से देश में कार्यरत आंगनवाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं, आजीविका दीदियों, आशा दीदियों, मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोइयों और सफाईकर्मियों के लिए मानदेय बढ़ाने की मांग करती हूं।

महोदय, कोरोना काल में इन महिलाओं ने बेहतर कार्य किया था और आज भी बेहतर कार्य कर रही हैं। इसलिए मेरा आग्रह है कि इनका मानदेय बढ़ाया जाए।

**श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ):** महोदय, हापुड़ से तथा गाजियाबाद से नोएडा पहुंचने का कोई साधन नहीं है। बहुत बड़ी संख्या में कर्मचारी और छात्र वहां जाते हैं। मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि स्मार्ट बस सिटी योजना के अंतर्गत हापुड़, गाजियाबाद और नोएडा के बीच में बस सेवा प्रारम्भ की जाए ताकि नौजवानों और छात्रों को सुविधा हो सके। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**HON. CHAIRPERSON:** So many Members are remaining. Please confine within 30 seconds. Just put the demand and close it.

Shri Khagen Murmu.

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूँ यदि वास्तव में सरकार अनुसूचित जनजाति के वर्ग के लोगों को आगे बढ़ाना चाहती है, देश की मुख्य धारा से जोड़ना चाहती है, तो पूरे देश में सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए जो रिक्त पद हैं, उनको शीघ्र भर कर बेरोज़गार लोगों को रोज़गार देने का काम करना चाहिए। अगर सरकार पूरा बैकलॉग भरेगी तो निश्चित तौर पर अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहूंगा कि जिस तरह से सरकार सार्वजनिक क्षेत्रों का निजीकरण कर रही है, उसमें भी अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों को आरक्षण के मुताबिक नौकरियां प्रदान की जाएं। साथ, परम पूज्म बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान में आरक्षण की जो व्यवस्था दी है, 15 पर्सेंट अनुसूचित जाति के लिए और 7.5 पर्सेंट अनुसूचित जनजाति के लिए, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि इस व्यवस्था के हिसाब से प्राइवेट सैक्टर में भी आरक्षण की व्यवस्था लागू होनी चाहिए। अगर सरकार सभी सरकारी विभागों का प्राइवेटाइज़ेशन कर देगी, तब तो आरक्षण की व्यवस्था खत्म हो जाएगी, इसलिए मेरी मांग है कि प्राइवेट सैक्टर में भी अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों को आरक्षण मिलना चाहिए।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि देश में जिस तरीके से यूपीएससी की परीक्षाएं होती हैं, उनमें भी अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राएं टॉपर स्थान प्राप्त करते हैं। यूपीएससी में टॉपर स्थान प्राप्त करने का काम भी अनुसूचित जाति की बहन-बेटियाँ करती हैं। आज अनुसूचित जाति के लोग यूपीएससी की परीक्षा में पास करके देश के सर्वोच्च नौकरी प्राप्त कर रहे हैं। पूरे देश के अंदर सुप्रीम कोर्ट में जो कोलेजियम सिस्टम है, वह खत्म हो। अगर जज की नियुक्ति हो तो वहां भी यूपीएससी की तरह एक परीक्षा हो। उसमें जो बच्चे पास करके आएं, चाहे वे एससी-एसटी के लोग हो,

उन्हें भी मौका मिले। सुप्रीम कोर्ट में भी उनको जाने का मौका मिले। उन्हें भी जज बनने का मौका मिले। मैं आपके माध्यम से ऐसी मांग रखना चाहता हूं। यूपीएससी की तर्ज पर अलग से एक कमीशन बनाकर विधि के क्षेत्र में भी नियुक्ति की जाए, जिससे समस्त वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचेगा। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE (BARAMATI):** Sir, I stand here in support of the Constitution (Scheduled Tribes) Order (Amendment) Bill, 2024 and the Constitution (Scheduled Castes and Scheduled Tribes) Orders (Amendment) Bill, 2024 in respect of Andhra Pradesh and Odisha.

Sir, my friend Saptagiri Ulaka has spoken extensively and extraordinarily well today about the entire problem of SC and ST communities. I cannot understand one thing, and with full humility I would like to ask the Government in this regard. आप हमेशा एससी-एसटी के लिए अनेक राज्यों के बिल लाते हैं। दो दिन पहले आप जम्मू-कश्मीर का बिल लाये थे। आज आप ओडिशा और आंध्र प्रदेश के बिल लाये हैं। आज की मंत्री महोदया महाराष्ट्र से हैं। मैं इनसे विनती करूंगी, क्योंकि वह खुद महाराष्ट्र से आती है।

सर, उनको पता है कि हमारे राज्य में अगर सबसे ज्यादा आंदोलन किसी चीज के लिए चल रहा है तो किसान की न्याय मांगने के लिए चल रहा है। किसान के ऋण माफ हो, इसकी मांग के लिए आंदोलन चल रहा है। दूसरा, मराठा, धनगर, लिंगायत, मुस्लिम, टाकारी और वैजयंती की भामटा और रामोशी समाज के लिए आरक्षण की मांग चल रही है। हमारा महाराष्ट्र का एक भाई है, वह युवा नेता के रूप में उभर रहा है। उनका नाम जारांगे पाटिल है। आज वह मराठा आंदोलन में बहुत लड़ रहा है। उसके बाद धनगर समाज का बहुत दिनों की मांग है, भारतीय जनता पार्टी जब अपोजिशन में थी, तब उन्होंने दस साल पहले वायदा किया था कि वह धनगर समाज को आरक्षण देंगे, उसका क्या हुआ? अगर आंध्र प्रदेश में हो सकता है, अगर ओडिशा में हो सकता है, अगर जम्मू-कश्मीर में हो सकता है तो महाराष्ट्र में यह अन्याय क्यों किया जा रहा है? यह सरकार महाराष्ट्र से क्यों नाराज है? यह 10 साल की मांग है। आज महाराष्ट्र में उनके 200 एमएलएज़ हैं और यहां 300 एमपीज़ है, तो फिर दिक्कत क्या है? अर्जुन मुंडा जी आज यहां नहीं है। वह हमेशा बहुत अच्छी तरह से हमारी बात भी सुन लेते हैं, लेकिन हमें न्याय नहीं मिल रहा है। वे कहते हैं कि महाराष्ट्र सरकार ने प्रस्ताव नहीं भेजा है। आज दोनों जगह आपकी सरकार है। आप हर रैली में कहते हैं कि मराठा समाज को आरक्षण

देंगे, धनगर समाज को आरक्षण देंगे, मुस्लिम समाज को आरक्षण देंगे, लिंगायत समाज को आरक्षण देंगे, रामोशी और भामटा समाज सहित सभी को आरक्षण देंगे, लेकिन फिर इसका प्रोसेस क्या है?

अभी प्रो. सौगत राय जी कह रहे थे कि क्यों न आप पूरे देश के लिए एक ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी बनाए और हर राज्य से एक ही बार अच्छी तरह से प्रस्ताव लाए। आरक्षण के जो छोटे-छोटे नए बिल हर हफ्ते आते हैं, उससे अच्छा है कि आप राज्यों से मांगें कि उनका प्रस्ताव क्या है। यदि सब ने प्रस्ताव दिया तो उस पर आप विचार करें। यह सिर्फ पोलिटिकल नहीं होना चाहिए। जिन लोगों को न्याय मिलने की जरुरत है, धनगर समाज के बारे में बहुत सारे आंदोलन हो चुके हैं। आप देख रहे हैं कि मराठा समाज के आरक्षण के बारे में शायद चेन्नई के पेपर में भी न्यूज आयी है। अभी कनिमोझी जी मुझसे कह रही थी कि आरक्षण के बहुत सारे मामलों के बारे में देश के जम्मू-कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक बातें हो रही हैं। इसके बारे में सरकार को महाराष्ट्र से क्या नराजगी है, यह मुझे पता नहीं, लेकिन इनको सोचना चाहिए। अगर आज भारती जी रिप्लाई में बोलेंगी तो हम सब की महाराष्ट्र से अपेक्षा ज्यादा है कि वह महाराष्ट्र को न्याय दें।

सर, अंत में, मैं दो छोटे प्वाइंट्स बोल कर अपनी बात खत्म करूंगी। धर्मेंद्र प्रधान जी बोलें कि आज तक इस देश में एससी-एसटी के लिए कुछ नहीं हुआ। मैं ऑन रिकॉर्ड लाना चाहती हूं। आपने सुना होगा कि डीएमके के वरिष्ठ नेता कलैग्नार करूणानिधि जी है। सर, आप भी उसी पार्टी से हैं। जब वह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने एससी-एसटी के लिए कितना काम किया था। श्री शरद पवार जी, जब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने आदिवासियों के लिए अलग बजट बनाया था। आज भी महाराष्ट्र में उनके लिए अलग बजट बनता है। ऐसा नहीं है कि पहले किसी राज्य में ऐसा हुआ नहीं है, लेकिन आरक्षण का जो मामला है, उसे राज्य नहीं सुलझा सकती है, वह दिल्ली में ही आता है और यहां पार्लियामेंट में संविधान संशोधन करना पड़ेगा।

महोदय, मैं बड़ी विनम्रता के साथ इस सरकार से कह रही हूं कि आपके पास बहुत बड़ा नंबर है। यहां पर आपके 300 एमपीज़ हैं। आप मराठा, धनगर, लिंगायत, मुस्लिम, टाकारी और वैजयंती के भामटा तथा रामोशी समाज की जो मांग है, उसके बारे में प्लीज सोचिए।

मैं बहुत विनम्रता से फिर एक बार विनती करती हूं कि यह सरकार इस बारे में सोचे और कोई निर्णय ले। सिर्फ राज्य की रैलियों में ये कहते हैं कि आरक्षण देंगे, लेकिन जब करने की बात होती है, तो यह सरकार कुछ नहीं करती है। यह सरकार महाराष्ट्र के सारे समाज के खिलाफ है, ऐसा हमारा सरकार पर आरोप है।… (व्यवधान) To just clear the record, it is Maratha, Dhangar, Lingayat, Muslim, Takari, Vijyanti, Bhamta and Ramoshi Samaj, सबका नाम मैंने लिया। So, the record is straight.… (व्यवधान) मराठा पर चर्चा करेंगे। सर, अगर आप एक मिनट दें तो मैं बोल सकती हूं। मराठा समाज की भी मांग हो रही है। … (व्यवधान)

… (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Not now.

**श्री तापिर गाव (अरुणाचल पूर्व):** ऑनरेबल चेयरमैन सर, मैं आज ऑनरेबल ट्राइबल अफेयर्स मिनिस्टर जो अमेंडमेंट लाए हैं, दि कांस्टीट्यूशन (शेड्यूल्ड ट्राइब्स) आर्डर (अमेंडमेंट) बिल, 2024 आंध्र प्रदेश के लिए और दि कांस्टीट्यूशन (शेड्यूल्ड कास्ट्स एंड शेड्यूल्ड ट्राइब्स आर्डर्स अमेंडमेंट बिल, 2024 ओडिशा के लिए लाए हैं, मैं उनका समर्थन करने के लिए यहां खड़ा हुआ हूं। आज यह सदन और यह देश इसका गवाह है कि भारतीय जनता पार्टी की जब-जब सरकार आती है, वह इस देश के ट्राइबल्स के लिए अच्छा काम करती है । पहले यह ट्राइबल अफेयर्स मिनिस्टर, सोशल जस्टिस मिनिस्ट्री में हुआ करता था। अटल बिहारी वाजपेयी जी के आने के बाद अलग से ट्राइबल अफेयर्स मिनिस्ट्री क्रिएट करके बना दिया। यह भारतीय जनता पार्टी की देन है। उस समय यह था कि नेशनल कमीशन फॉर शेड्यूल्ड कास्ट एंड शेड्यूल्ड ट्राइब्स कमीशन हुआ करता था, लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी जी के समय में the Scheduled Caste Commission and the Scheduled Tribe Commission have been separated. सौभाग्य से उस समय मैं ट्राइबल कमीशन में वाइस चेयरमैन था। मोदी जी के आने के बाद भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिन को इस देश में ट्राइबल दिवस के रूप में घोषित किया गया। यह ट्राइबल्स के लिए बहुत गौरवशाली दिन है।

मैं कांग्रेस के वक्ता की बात सुन रहा था । जहां ट्राइबल है, वहां जल, जंगल, जमीन है । जहां ट्राइबल नहीं हैं, सब डेजर्ट हो गए हैं। ट्राइबल एरिया, ट्राइबल जंगल कहीं डिसप्लेस हुआ है तो पहले की कांग्रेस की सरकार में ही हुआ है। ट्राइबल्स का एविक्शन हुआ, ट्राइबल्स की लैंड छीनी गई, वहां इंडस्ट्री बैठाई गई, वहां फैक्ट्री बैठाई गई, ट्राइबल्स के राइट को छीना गया तो वह कांग्रेस सरकार के समय में हुआ। हमारे दोस्त बिष्ट जी बोल रहे थे कि एजुकेशन एक बहुत इंपोर्टेंट विषय है। देश भर में मोर दैन 400 एकलव्य रेजीडेंशियल मॉडल स्कूल्स हैं। अभी मंत्री जी बता रहे थे कि वर्ष के अंत तक 700 एकलव्य रेजीडेंशियल मॉडल स्कूल्स देश भर में होंगे । इसमें खाना, पीना, रहना, किताब, हॉस्टल सारा कुछ फ्री है। यह मोदी जी की गारंटी है।

मैं डॉ. भारती जी को एक चीज कहना चाहूंगा। रेजीडेंशियल मॉडल स्कूल में जो पॉपुलेशन क्राइटेरिया है, इसको हमें घटाना पड़ेगा। पहाड़ी क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर से लेकर अरुणाचल प्रदेश नार्थ ईस्ट तक डिस्ट्रिक्ट्स हैं, लेकिन उनकी पॉपुलेशन कम है।

उसमें एकलव्य रेसिडेन्शियल मॉडल स्कूल बनाने में तकलीफ है। एकलव्य रेसिडेन्शियल मॉडल स्कूल बनाने का जो क्राइटेरिया है, इसको आप घटा देंगे तो ठीक होगा। आज पूरे नॉर्थ ईस्ट में शांति हो गयी है और नक्सल एरिया में भी शांति आ रही है।

Hon. Chairman, Sir, tribals are very emotional and very sentimental. पूर्वोत्तर राज्यों में बहुत एक्सट्रिमिस्ट था, सेंट्रल इंडिया में बहुत नक्सलाइट था। आज मोदी जी द्वारा उस एक्सट्रिमिज्म की अच्छे से सुनवाई हुई, पूर्वोत्तर के जितने भी उग्रवादी हैं वे सब मोदी जी के नेतृत्व में मेन स्ट्रीम में आ गए हैं। वे सब ट्राइबल थे, ट्राइबल को डेवलपमेंट चाहिए, ट्राइबल की आवाज को आप इमोशनली सुनेंगे और इमोशनली उसके इश्यूज को टैकल करेंगे तो ट्राइबल इस देश से वादा करता है कि ट्राइबल इस देश के लिए अच्छा नागरिक बन सकता है। आज नक्सलिज्म को रोकने में गति आ रही है, मोदी जी द्वारा उसकी सुनवाई हो रही है। पूर्वोत्तर में जितने भी उग्रवादी थे, एक-दो आर्गेनाइजेशन को छोड़कर सब मेन स्ट्रीम में आ गए। यह मोदी जी की ट्राइबल वेलफेयर की पॉलिसी है।

अभी ओडिशा में जितनी एनोमलीज थी, उसको करेक्शन करके यहां लाया, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में कुछ ट्राइब्स का इनक्लूजन हुआ। मैं मंत्री जी और इस सदन से कहना चाहूंगा कि प्रिमिटिव ट्राइव शब्द को खत्म करना होगा। आखिर वे इंसान है, उसको 70 साल तक प्रिमिटिव बनाकर रखना उन पार्टियों की कमी है। आज मोदी जी के नेतृत्व में प्रिमिटिव शब्द को इस डिक्शनरी से हटाना पड़ेगा। इंसान को इंसानियत में लाना होगा, सभी को ट्राइबल बना दीजिए, वे एजुकेशन में आएंगे, एकलव्य स्कूल में पढ़ेंगे, फ्री-राइज दे रहे हैं। 75 साल की आजादी के बाद प्रिमिटिव शब्द को हमारे समाज के लिए अच्छा नहीं है।

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**श्री तापिर गाव:** महोदय, अंडमान निकोबार आइलैंड में सेंटीनेल है, सेंटीनेल आइलैंड आज तक दुनिया से डिसकनेक्ट होकर बैठा है। वह भी हमारा ट्राइबल है। इसको कांग्रेस सरकार ने उन लोगों को प्रिवेंट करके रखा है कि किसी को भी उस आइलैंड में नहीं जाना चाहिए। No communication should be made to the Sentinelese. वह नोटिफिकेशन आज तक है। सेंटीनल्स को एक म्यूजियम का स्पेसिमेन बनाकर रखा हुआ। मेरी सरकार से अपील है, We should make efforts now. सेंटीनल आइलैंड को, सेंटीनल्स ग्रुप को मेन स्ट्रीम में लाना होगा। ट्राइबल एक्टिविटिज, ट्राइवल डेवलपमेंट देना होगा, उसको दुनिया के साथ जोड़ना होगा। कांग्रेस ने जो कानून बनाकर रखा था, उस कानून को बदल कर सेंटीनल्स को भी हमको लाना होगा।

**HON. CHAIRPERSON:** Please wind up your speech.

**SHRI TAPIR GAO:** Yes, Sir, I am concluding within a few seconds. अरूणाचल प्रदेश से जितना स्टेट गवर्नमेंट ने सिफारिश किया, रजिस्ट्रारर जनरल ऑफ इंडिया से भी सर्टिफाइड है, एसटी ट्राइबल कमीशन से भी सर्टिफाइड है, मिनिस्ट्री में फाइल आया हुआ है। योबिन समाज आज तक एसटी लिस्ट में नहीं आया है, इसको भी लाना चाहिए। मेरी मिनिस्ट्री से यही दरख्वास्त है। मैं इन्हीं शब्दों के साथ दोनों बिल्स का समर्थन करता हूं। नमस्कार, थैंक्यू।

**श्री अब्दुल खालेक (बारपेटा):** सभापति महोदय, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के कुछ समुदायों को जनजाति का दर्जा देने के लिए यह बिल लाया गया है। इसके पहले सत्रहवीं लोक सभा में छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कुछ समुदायों को एसटी का दर्जा देने के लिए बिल लाया गया था। हमारे देश में एसटी के दर्जे के लिए जितनी कम्युनिटीज़ मांग कर रही हैं, मेरी मांग है कि इन सबके लिए एक जेपीसी होनी चाहिए।

महोदय, असम में एक समुदाय है जो काफी दिनों से एसटी के दर्जे के लिए डिमांड कर रहा है और केंद्र सरकार वादा कर रही है कि एसटी का दर्जा दे देंगे लेकिन अब तक कुछ नहीं किया गया। असम में बीजेपी सरकार ने एक ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स बनाया था। ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स के दो मैम्बर इस हाउस के भी मैम्बर हैं लेकिन अभी तक ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स रिऑर्गेनाइज भी नहीं किया गया।

महोदय, एक समुदाय कोच राजवंशी है, इनको पश्चिम बंगाल में एससी, मेघालय में एसटी और असम में ओबीसी का दर्जा मिला हुआ है। माननीय अर्जुन मुंडा जी इस समय हाउस में नहीं हैं, असम और टी गार्डन में मुंडा लोगों को एसटी का दर्जा नहीं मिला है, उरांव और कुर्मी को एसटी का दर्जा नहीं मिला है। हमारे यहां आदिवासी, जो टी गार्डन में हैं, अहोम कम्युनिटी की भी यही मांग है। गोरिया मुसलमान, देसी मुसलमान और कलिता कम्युनिटी भी एसटी दर्जे के लिए मांग कर रही है, लेकिन अभी तक सरकार ने इस बारे में अपना स्टैंड क्लियर नहीं किया है। मणिपुर के पंगल मुस्लिम्स की ट्राइबल्स के साथ काफी सिमीलेरिटीज़ हैं। ये काफी दिनों से एसटी दर्जे की मांग कर रहे हैं, इस पर भी सरकार की तरफ से कोई फैसला नहीं आया है।

महोदय, मैं इस बिल का समर्थन करता हूं और सरकार से मांग करता हूं कि एक जेपीसी, ज्वाइंट पार्लियामेंटरी कमेटी बननी चाहिए और जो भी समुदाय मांग कर रहे हैं, इनको एक साथ लेना चाहिए। एक पोलिटिकल लक्ष्य रखा जा रहा है, यह बिल्कुल ठीक नहीं है।

एकलव्य मॉडल स्कूल के बारे में तापिर गाव जी ने भी कहा है। इसका जो क्राइटेरिया है, उसे घटाना चाहिए क्योंकि किसी ब्लॉक में तो 50 परसेंट पापुलेशन ही है। इससे ट्राइबल्स को फायदा नहीं

हो रहा है इसलिए इस क्राइटेरिया को घटाना चाहिए । इसके साथ ही, मैं मांग करता हूं कि एसटीज़ और एसटीज़ के लिए जो बजट है, उसे भी बढ़ाया जाना चाहिए ।

अंत में, मैं इन्हीं शब्दों के साथ अपनी वाणी को विराम देता हूं ।

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल):** माननीय सभापति जी, मैं अपनी पार्टी शिव सेना की तरफ से बात रख रहा हूं।

महोदय, दोनों विधेयक ओडिशा और आंध्र प्रदेश राज्य में अनुसूचित जाति की सूची में कई नए समुदायों को जोड़ने और शामिल करने वाले हैं। मेरे चुनाव क्षेत्र में ऐसी अनुसूचित जातियां हैं जो पहाड़ों में रहती हैं। उनको केवल आरक्षण से संरक्षण नहीं चाहिए बल्कि सुविधाओं से संरक्षण भी मिलना चाहिए। जहां ये लोग रहते हैं, वहां कोई रास्ता नहीं है, लाइट नहीं है, पानी नहीं है और यहां तक कि शिक्षा की सुविधा भी नहीं मिलती है। इस समुदाय के लोग काफी संख्या में जंगलों में रहते हैं। ये लोग अपने निर्वाह के लिए पूरी तरह से जंगलों में ही खेती करते हैं। इनको कोई सुविधा केंद्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा नहीं दी जाती है।

महोदय, मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं देश में कई जातियां हैं, जिनको केवल आरक्षण देने या केवल अनुसूची में शामिल करने से न्याय नहीं दिया जा सकता, उनको न्याय देने के लिए असल में वहां की समस्याओं को जानकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के अधीन लाना होगा।

महोदय, ओबीसी समाज की काफी संख्या में रिजर्वेशन है। महाराष्ट्र में जो मुद्दा चल रहा है, उस पर केंद्र सरकार को ध्यान देना चाहिए। ओबीसी मराठा समाज के आरक्षण के लिए मुख्यमंत्री जी प्रयास कर रहे हैं, केद्र सरकार को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

**16.00 hrs**

मैं यह भी ध्यान दिलाना चाहता हूं कि स्वर्गीय वाजपेयी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के दौरान आदिवासियों के उत्थान के लिए एक अलग मंत्रालय स्थापित करके इस विभाग का बजट 6 गुना बढ़ा है। केवल बजट बढ़ाने की बात नहीं है, बल्कि यह बजट उन लोगों तक जाना चाहिए तथा उन लोगों को सुविधा मिलनी चाहिए, यह बात मैं आपके माध्यम से रखना चाहता हूं। धन्यवाद।

**16.01 hrs** (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

**श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी (कटिहार):** सभापति महोदय, अनुसूचित जाति और जनजाति विधेयक, जो माननीय मंत्री जी द्वारा लाए गए हैं, हम इनका समर्थन करते हैं। बिहार राज्य की कुछ जातियां, जो विसंगति के कारण पूर्व से छूटी हुई हैं, माननीय मंत्री जी से हम उनके लिए मांग करना चाहते हैं और उसमें से कुछ के लिए हमारे माननीय मुख्य मंत्री आदरणीय नीतीश कुमार जी की बिहार सरकार ने इन जातियों को जोड़ने के लिए केंद्र सरकार के पास भी प्रस्ताव भेजा है। इनमें लोहार और लोहारा हैं। जब जाति आधारित गणना हो रही थी और जातियों का विभाजन हो रहा था, उस समय अंग्रेज सरकार द्वारा लोहारा को अंग्रेजी में राइट-अप किया गया। उसमें R के बाद A पड़ता है। अत: लोहारा, जिनके लिए हिंदी में लिखा गया, वे तो अनुसूचित जनजाति में हैं, लेकिन जो लोहार में है, वह पिछड़ा वर्ग में आ गया। अत**:** एक ही परिवार, जाति, एक ही संस्कार, एक ही भाव के बावजूद लोहारा तो अनुसूचित जनजाति के आरक्षण का लाभ ले रहा है, लेकिन लोहार को किसी तरह का लाभ नहीं मिल रहा है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी और सरकार से कहना चाहता हूं कि इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उसी तरह से बिहार, पश्चिम बंगाल से सटा हुआ राज्य है। जो बंगाली हैं, वे समझते होंगे कि किसान का अर्थ है कृषक, जो कृषि करते हैं तथा चसोर का अर्थ हुआ चासी, जो किसान के नीचे होते हैं। वे जोत आबाद करते हैं। बिहार में किसान जाति को अनुसूचित जनजाति में आपने लिया है, लेकिन चसोर, जो बंगाल से आकर बिहार में बसे हैं, उनको इसका लाभ नहीं मिल रहा है। अत: मैं यह चाहता हूं कि चसोर जाति को भी आने वाले दिन में जनजाति में जोड़ना चाहिए। उसी तरह से हम लोग बंगाल के बॉर्डर में हैं। वहां एक राजवंशी जाति है, जिसको बंगाल में अनुसूचित जनजाति का आरक्षण प्राप्त है, लेकिन राजवंशी, जो बॉर्डर में हैं, बंगाल-बिहार से जिनका रिश्ता-नाता, रोटी-बेटी का संबंध है, लेकिन बिहार में उनको अनुसूचित जनजाति का कोई लाभ नहीं है। अत: मैं इनके लिए भी केंद्र सरकार से मांग करता हूं। इसके अलावा, जो प्रस्ताव राज्य सरकार ने भेजा भी

था, जिसके लिए पूरे देश में आंदोलन हो रहा है। यह जो मल्लाह जाति है, जिसको हम मछुआरा कहते हैं, इसके लिए बार-बार राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को याचना भेजी है कि मल्लाह, मछुआरा जाति को भी इसमें शामिल करना चाहिए। वर्ष 2019 में सांसद बनने के बाद केंद्र सरकार की जो नीति है, देश के विभिन्न प्रांतों में जो अनुसूचित जनजाति की छूटी हुई उप जातियां हैं, आप उनको संकलित करके और उनकी विसंगतियों को दूर कर रहे हैं, तो मेरा आपके माध्यम से केंद्र सरकार से मांग है कि बिहार में जो भी विसंगतियां उप जातियों के साथ हैं, कृपा करके बिहार पर ध्यान देकर इसको भी दूर करने का काम करें, जिससे बिहार में ऐसी अनुसूचित जनजातियों को लाभ मिलेगा। आपने मुझे समय दिया, इसके लिए धन्यवाद।

*__SHRI K. NAVASKANI (RAMANATHAPURAM):__ Hon Chairman Sir, Vanakkam. I thank you for giving me the opportunity to speak on the amendment bill for inclusion of some communities of Andhra Pradesh and Odisha in the SC/ST list. I am thankful to you for considering these backward communities for inclusion as they can get reservation and ensuring their socio-economic development. I thank you for including Narikkuravar and Kuruvikkarar communities of Tamil Nadu in the ST list earlier on a demand of the State government of Tamil Nadu. In Tamil Nadu, people belonging to the fishermen community live in large numbers in our Ramanathapuram area who are educationally and economically backward. There is a long pending demand from this community for inclusion in the list of STs. I urge that you should consider for including the fishermen community of our area in the list of STs. Even after 75 years of Indian Independence, we have been including the backward communities in the lists of SCs and STs for ensuring their development. Can you clarify that how many more will be included in this list and which are the communities to be included? On one side, this Government is ensuring this reservation so that these communities get educational and employment opportunities for their socio-economic development. On the other side, year after year, this Government has been reducing the allocation of funds meant for education and scholarships of SCs and STs. You have been privatising our PSUs. The people of these communities get employment only in these PSUs through reservation and if you start privatising them, their future becomes gloomy. The Government is not providing them the Scholarships. This Government on the

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

other side is misleading in the pretext of providing employment by extending reservation to these communities by including them in the lists of SCs and STs. This is for sure to prove the double standards of the present Government. I condemn this. This government must ensure whether the concessions given to SCs and STs are fully utilised by them besides implementing their reservation in due manner. I demand that even if there is privatisation of PSUs, benefits of reservations are to be extended to these communities without fail. Thank you for this opportunity.

***श्री एस. मुनिस्वामी (कोलार):** Hon'ble speaker Sir, thank you for giving me the opportunity to speak The Constitution (scheduled castes and scheduled tribes) orders (amendment) bill, 2024. This bill is about providing reservation for inclusion of (i) Bondo Porja, (ii) Khond Porja, and (iii) Konda Savaras into the list of scheduled tribes.

This is the vision of Shri Narendra Modi ji. He has given us a slogan of Sabka Saath Sabka Vikas. With this noble objective the honble Prime Minister is ruling the country for the past 10 years. We have our first women scheduled tribe woman Smt Draupadi Murmu as the President of India. The Congress party shown disrespect and speaking low for our honorable Rashtrapati ji.

On 22nd January 2024 we installed the Lord Ram in Ayodhya Ram Mandir. The government has renamed the airport at Ayodhya after Valmiki in the respect to the Scheduled tribe community.

The Congress party, from the beginning ruled the country for 60 years. They just planted the seed of poison amongst all the communities. They have been continuously following the British policy of divide and rule in the country as was done by the colonial period.

They say that BJP brought this bill at the time of election. They are opposing for our claim of 400 seats. Just after 3 months they will understand what their position would be.

* English translation of the speech originally delivered in Kannada.

Prime Minister Modi has given funds to the state of Karnataka we should remember this. In the states of Andhra Pradesh, Odisha these three communities are living. Now they are being included in the scheduled tribe list.

From the last 60 years they they have ruled the country and established only 100 Ekalavya residential schools. But now 600 Ekalavya residential schools have been sanctioned and 400 schools are functioning. Our honble Minister Shri Arjun Munda ji and Smt Bharati madam have done tremendous work in this regard. As a result the schools are functioning very well and imparting quality education to the tribal students. Today the Congress say that they are pro dalits and pro scheduled castes. However Dr Babasaheb Ambedkar was not given the due respect by the Congress party.

Even when he contested elections the Congress made all efforts to defeat him. This was the insult the congress did to the tall leader of the scheduled castes. You gave Bharat Ratna to Indira Gandhi, Jawaharlal Nehru and Rajiv Gandhi but the person who is considered as the founding father of the Constitution Dr Baba Saheb Ambekar was not given the Bharat Ratna. It was during V P Singh government, the Bharat Ratna was awarded to Dr. B R Ambekar. That is the respect we give to Ambedkar.

When Hindu code bill came up for the discussion the Congress disrespected Ambedkar. The Congress people disrespected him and also defeated him in the elections. Congress did not give Bharat Ratna to Ambedkar. Instead the Congress gave Padma Bhushan award to the candidate, who defeated Dr. Babasaheb Ambedkar.

In this scenario when we are trying to give justice to the scheduled castes and scheduled tribes under the leadership of Modi the congress gives election colours to it. Under Jan dhan yojana Modiji ensured social justice to all the communities.

Today, Shri Narendra Modi has given benefits to all the communities and equal justice to all. The objective of his initiative is to empower the people.

Yesterday we saw the tallest leaders of Congress from Karnataka are bombarding in Delhi that Karnataka has been meted out injustice and lost about Rs.8,000 crore in 10 years.

From 2014-2024 the Centre has given ₹ 281000 crore for developmental works. Be it the functioning of local panchayat, construction of houses, toilet construction or free food grains to the poor, the distribution of Ujwala Gas, the gram sadak yojana, the highway construction for the development of Karnataka with the said funds.

The opposition questioning us about dalits, but they themselves have disrespected the dalits. I belong to a Dalit community from Kolar district of Karnataka and I have stood here with my self respect.

In Kolar district of Karnataka state Channa dasari, Gonda- kuruba and other communities have not received the community/caste certificate. Due to this they have failed to enjoy the benefits due to the scheduled caste and scheduled tribes including reservation benefits.

Today Shri Arjun Munda Sir and Smt Bharati Madam have brought this bill and are thriving to bring justice to these communities. In the coming days these communities will also receive better education and other facilities.

This is my request that when the BJP was in power in the staof Karnataka, 17% reservation given to st community. For which the due credit should be given to former Chief minister Shri Basavaraj Bommai ji and Yediyurappa ji.

Similarly for the SC community the reservation was enhanced from 3% to 7% during the tenure of Bommai ji. The opposition doesn't recognise the same, but they are talking disrespectful towards the community and spreading communal ideas inside and outside the Parliament.

We removed article 370 of Jammu and Kashmir, removed triple talaq for Muslim women. In Jammu and Kashmir now a Muslim woman would say I have not seen God but seeing god in Modiji. Women wish to see shri Narendra Modi ji as Prime Minister and blessing him.

We used to hear sounds bombs every day in Kashmir but now we see peaceful life.

The people of Jammu and Kashmir are saying next time also BJP should come to power to make India a developed nation.

And Congress should remove the seeds of poison from the society. They should work for the development of the country and should not talk about the division of the country. Yesterday Mr. D K Suresh spoke of the same. He should apologize to the Parliament.

Today our Union Government brought this bill to give reservation to scheduled tribes. For this I once again thank and support the bill. Dhanyavad, Jai Bharat.

**श्री सय्यद ईमत्याज़ जलील (औरंगाबाद) :** सभापति महोदय, हमें यह बात समझ में नहीं आ रही है और हमें इसका तर्क बताना चाहिए कि हर लोक सभा के अधिवेशन के अंदर आप ये कॉन्स्टीट्यूशन शैड्यूल्ड कास्ट्स एंड शैड्यूल्ड ट्राइब्स ऑर्डर्स अमेंडमेंट बिल अलग-अलग राज्यों के लेकर आते हैं। आप कभी कर्नाटक का लेकर आते हैं, कभी जम्मू और कश्मीर का लेकर आते हैं तथा आज आप ओडिशा और आन्ध्र प्रदेश का लेकर आए हैं। ये बहुत अहम मुद्दे हैं, जहां पर आप कॉन्स्टीट्यूशन अमेंडमेंट कर रहे हैं और किसी ट्राइब को इन्क्लूड कर रहे हैं। आप पूरे देश का एक कॉम्प्रिहेंसिव बिल लेकर आइए। टुकड़ों-टुकड़ों में लाने का हमें भी कुछ तर्क समझ में नहीं आ रहा है कि इसके पीछे आपका क्या मकसद है।

सभापति महोदय, मैं एक बात यह कहना चाहता हूं कि जब सरकार को किसी को कुछ देना नहीं होता है तो सबसे आसान तरीका यह होता है कि कमेटी बना लीजिए। मैं किस मुद्दे के ऊपर यह बात कर रहा हूं और हमारी भारती पवार मैडम महाराष्ट्र से आती हैं, वह भी अच्छी तरह से जानती हैं कि वर्ष 1955 से महाराष्ट्र का एक धनगर समाज गुहार लगा रहा है। सरकारें कितनी आईं और चली गईं। उनकी यह मांग है कि हमें शैड्यूल्ड ट्राइब्स के अंदर इन्क्लूड किया जाए। महाराष्ट्र के अंदर धनगर समाज को एनटी के अंदर इन्क्लूड किया गया है और सेंट्रल लिस्ट के अंदर उन्हें ओबीसी का दर्जा दिया गया है। यह अजीब तरह का तर्क है। आप यह भी अच्छी तरह से जानते हैं कि धनगर और धनगढ़ एक ही हैं। धनगर समाज के लोगों का भी कहना है कि दूसरे राज्यों के अंदर, चूंकि वहां पर धनगढ़ लिखा हुआ है और महाराष्ट्र के अंदर इन्हें धनगर बुलाया जाता है तो महाराष्ट्र की सरकारों ने इन धनगरों के साथ कैसी नाइंसाफी की है। वह कहते हैं कि यह स्पैलिंग मिस्टेक है। आप धनगढ़ नहीं है तो हम आपको एसटी के अंदर इन्क्लूड नहीं कर सकते हैं।

राणे साहब आप भी अच्छी तरह से जानते हैं। मराठाओं को रिज़र्वेशन मिलना चाहिए और किसी ने भी उसका विरोध नहीं किया है। जरांगे पाटील का हम सम्मान करते हैं कि एक छोटे से गांव के सामान्य आदमी ने पूरे महाराष्ट्र सरकार की नाक में दम कर दिया कि मेरे समाज के साथ नाइंसाफी हो रही है, उसको इंसाफ मिलना चाहिए। दुर्भाग्यवश आप लोगों ने धनगर समाज का कोई

नेता तैयार नहीं होने दिया और सिर्फ अपने राजनैतिक स्वार्थ के खातिर ऐसा किया। धनगरों की आबादी कितनी है? धनगरों की 45 ट्राइबल्स महाराष्ट्र के अंदर है, लेकिन पॉपुलेशन के बारे में पूछेंगे तो कोई नहीं बताएगा। कोई कहता है कि चार परसेंट है और कोई कहता है कि दस परसेंट है, क्योंकि वर्ष 2011 के सेंसस के हिसाब से ये बातें चली आ रही हैं। इसलिए जब कास्ट सेंसस होगा तो इनका डेवलपमेंट उसी के हिसाब से होगा कि इनकी आबादी कितनी है। जिसकी जितनी संख्या भारी, उसके हिसाब से ही सब काम चलता है। हमारा यह कहना है कि महाराष्ट्र सरकार इनको कुछ नहीं दे रही है तो राणे साहब, 20 नवंबर, 2023 को एक बार फिर से धनगरों के हाथ में एक लॉलीपॉप दे दिया गया कि हम एक कमेटी बना रहे हैं।

वह कमेटी यह तय करेगी कि दूसरे राज्यों के अंदर तुमको जो बेनीफिट दिए जा रहे हैं, वह महाराष्ट्र के अंदर कैसे देना है तो यह कमेटी बना दी है। कमेटी के बारे में आपको मालूम है कि कमेटी के ऊपर कमेटी, कमेटी के ऊपर कमेटी और कमेटी के ऊपर कमेटी। यह आप भुगत चुके हैं। आप देख चुके हैं कि महाराष्ट्र सरकार को जब मराठाओं को रिजर्वेशन देना था तो कितनी सारी कमेटी बना दीं। आखिर लोगों ने बोला कि हम सड़क के ऊपर आएंगे। आप धनगरों के साथ क्यों इस तरह की नाइंसाफी कर रहे हैं। जब कुछ नहीं देना होता है तो होता यह है कि केन्द्र सरकार कहती है कि हमारे पास राज्य सरकार की तरफ से कोई प्रस्ताव नहीं आया है। जबकि श्री पृथ्वीराज चव्हाण, कांग्रेस के नेता और लीडर्स यह मांग करते हैं कि इनको देना चाहिए। उस वक्त उन्होंने झूठ कहा था कि हमने ऑलरेडी केन्द्र सरकार को भेज दिया है कि धनगरों को रिजर्वेशन मिलना चाहिए। पृथ्वीराज चव्हाण साहब, जो उस वक्त के मुख्यमंत्री थे, उन्होंने झूठ बोला था। कोई प्रस्ताव नहीं भेजा गया था। अब तो आपकी ही सरकार महाराष्ट्र के अंदर है। आप केंद्र में भी बैठे हुए हैं और महाराष्ट्र में भी आप बैठे हुए हैं। अब तो एक-दूसरे के ऊपर इलजाम लगाने का कोई मतलब नहीं है। आपको अगर सही मायनों में इंसाफ देना है तो दे सकते हैं। महाराष्ट्र के अंदर आपको मालूम है कि अगर हम 48 लोक सभा सीटों की बात करते हैं तो चार लोक सभा की सीटों के अंदर तो सिवाय धनगर के कोई आना ही नहीं चाहिए। आप अच्छी तरह से जानते हैं कि बारामती में उनका टोटल इनफ्लुएंस है। माधा, पूरा धनगर समाज

का है, वहां से आना चाहिए। इसके अलावा शोलापुर और सतारा है। ये चार लोक सभा की सीटें हैं। 280 विधान सभा सीटों की अगर हम बात करते हैं तो कम से कम 35 से 40 विधान सभा की ऐसी सीटें हैं, जहां पर सिर्फ धनगर समाज का ही प्रतिनिधि चुनकर आ सकता है। धनगर समाज का इतिहास रहा है। अहिल्याबाई होल्कर जी का आपने नाम सुना होगा। 18वीं सदी में एक महारानी थीं, जिन्होंने अपने समाज के लिए काम किया। लेकिन उनकी पहचान महारानी की नहीं है। उन्होंने अपने समाज के लिए और अपनी जेनरोसिटी के लिए जानी जाती थीं। आज धनगर समाज कई सालों से जालना जिले के अंदर अहिल्याबाई होल्कर के लिए जगह मांग रहा है और आप वह जगह भी नहीं दे रहे हैं। अपने समाज के लिए इतना काम करने वालीं हैं। हम महाराष्ट्र सरकार से अनुरोध करते हैं कि जल्द से जल्द अहिल्याबाई होल्कर के स्मारक के लिए बड़ी जगह दी जाए।

महोदय, सांसद कहते हैं कि मुसलमानों को भी आरक्षण देना चाहिए। लेकिन मैं आपको ईमानदारी के साथ कहता हूं कि मुझे आपसे मांगना मतलब अपना सिर दीवार के ऊपर फोड़ना है, क्योंकि आप लोगों ने तो हमारे साथ एक ऐसा रवैया अख्तियार कर लिया है कि हम आपको सांस लेने दे रहे हैं, यही बहुत बड़ी बात है। इसलिए मैं आपसे रिजर्वेशन कैसे मांग सकता हूं? लेकिन इस मुल्क को अगर तरक्की करनी है तो आपको यह मानकर चलना पड़ेगा कि मुसलमान भी इस देश का बहुत बड़ा हिस्सा है। उसके साथ भी इंसाफ होना चाहिए। अगर आप सभी समाजों को साथ में लेकर जाएंगे, राणे साहब, जिस्म का अगर एक हिस्सा कमजोर हो गया तो वह ताकतवर जिस्म नहीं कहलाता है। वह अपाहिज हो जाता है, वह हेण्डिकैप्ड हो जाता है। इसीलिए अगर आपको इंसाफ करना है, तो आप जिस तरह से आज ओडिशा और आंध्र प्रदेश के शेड्यूल्ड ट्राइब्स को एड कर रहे हैं तो मेरी यह मांग है कि धनगरों को भी आप महाराष्ट्र के अंदर जल्द से जल्द रिजर्वेशन देने का फैसला करिएगा और कुछ इंसाफ मुसलमानों के साथ भी करेंगे। कभी न कभी तो करेंगे। एक न एक दिन आपको यह एहसास होगा कि यह भी मेरा एक भाई है और इसके साथ भी इंसाफ होना चाहिए।

**SHRI VINCENT H. PALA (SHILLONG):** Thank you Sir for giving me this opportunity.

Sir, I stand here to support both the Bills namely, the Constitution (Scheduled Tribes) Order (Amendment) Bill, 2024 and the Constitution (Scheduled Castes and Scheduled Tribes) Order (Amendment) Bill, 2024. India has an ancient civilisation with rich culture and heritage of unity and diversity. Indians cherish the values of religious harmony, non-violence and peace which are enshrined in the Constitution of India. India has made a tremendous advancement in scientific, technological, economic and many other fields for which we feel proud of. All this has happened with the contributions of each and every citizen of India.

Sir, the Government has brought this Bill for Andhra Pradesh and Odisha.

A Bill for amending of the Sixth Scheduled has been there for the last five years. The Committee had been constituted for this. The Committee visited all the North-Eastern States. But till now, the Bill has not been brought back to the Parliament.

The people under Sixth Schedule Areas are hundred per cent tribals. Why has that Bill been shelved? Why has that Bill not been brought? I demand from the Government that the Bill for amending the Sixth Schedule should be brought back and passed in this House.

There is another important aspect. The Baite community in Meghalaya is a tribal community. But it is tagged as a part of Kuki community. Last time, the hon. Minister assured us that the North-Eastern Hill University has been entrusted with

of job of research in relation to this. But till now, it has not given any report. I demand from the Government that the Baite community should also be given a tribal status.

I am here as a tribal; I am here as a Christian. Crores of our Dalit Christians have been denied the rights of the Scheduled Castes or of the Scheduled Tribes. Therefore, I request the Government to see and do equitable justice to the Dalit Christians and they should be brought under the Scheduled Castes. The benefits of the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes should also be given to Dalit Christians. Catholic Bishops' Conference of India has exactly moved on this line in order for India to grow. In order for people to grow, we have to see that the issue of Scheduled Castes should not be mixed with religion.

Shri Tapir Gao has said that this Government has solved lot of problems of the Scheduled Tribes. The Framework Agreement has been signed between the Government of India and NSCN-IM. Till now, the issues have not been solved. Until and unless the issues between the Government and NSCN-IM are settled, the entire North-East will remain disturbed and it will not get peace. Therefore, I demand from the Government that the solution should be brought as soon as possible. Then only we can say that the Tribals in the North-East will be developed.

There are Autonomous District Councils in North East India. For the last one year, these Councils have not got their salaries. Why? It is because there is no direct funding from the Government. Only adding the Tribals in the List is of no use until and unless we provide them with funds.

Therefore, I demand from the Government that direct funding should be given to the Autonomous District Councils in Meghalaya and the rest of the North-Eastern States so that the salaries can be paid and the people can also enjoy the benefits of being a tribal. With these words, I conclude my speech and I support the Bill. Thank you.

**माननीय सभापति :** श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी जी।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** माननीय मंत्री जी।

… (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर):** सर, मुझे भी बोलने के लिए मौका दीजिए। मुझे पार्टी की तरफ से बोलने के लिए समय दिया गया था। यह क्या बात है?… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्य, आपकी पार्टी के काफी लोग बोल चुके हैं।

… (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Now, listen to the hon. Minister.

**डॉ. भारती प्रवीण पवार :** आदरणीय सभापति महोदय, आज के जो बिल हैं, वे आंध्र प्रदेश और ओड़िशा के संबंध में है। संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2024 और संविधान (अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2024 पर इस सदन में अच्छी चर्चा हुई। यहां पर काफी गंभीर तथा अच्छी चर्चा की गई, उसके लिए मैं सभी को धन्यवाद देती हूँ।

जिसमें आदरणीय सांसद श्री सप्तगिरी शंकर उलाका और आदरणीय मंत्री, धर्मेन्द्र प्रधान जी ने इस पर बहुत अच्छा विवरण भी दिया। डॉ. डीएनवी सेंथिलकुमार. एस, प्रोफेसर सौगत दादा, श्री एन. रेड़डप्प, श्री रमेश चन्द्र माझी, श्री गिरीश चन्द्र, श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले, श्री तापिर गाव, श्री अब्दुल खालेक, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी, श्री के. नवासखनी, श्री एस. मुनिस्वामी और श्री सय्यद ईमत्याज़ जलील भाई ने चर्चा में भाग लिया है और मुझे लगता है कि बहुत अच्छी चर्चा इस माध्यम से हुई है। मैं एक बार फिर बड़ी विनम्रता से कहना चाहती हूं कि आप इस चर्चा को सुने की पीवीटीजी क्या है? आज जिनको सम्मिलित किया गया है, यह पीवीटीजी क्या है? एक प्रोसिजर होती है और उस प्रोसिजर से कई आदरणीय सांसदों ने कहा है कि इन्हें सम्मिलित किया जाए। हर एक राज्य से अलग-अलग माननीय सदस्यों ने अपने विचार रखे हैं। इसकी एक प्रक्रिया है और इस प्रक्रिया को भी जानना बहुत आवश्यक है। शेड्युल्ड ट्राइब के संशोधन के अनुसार कुछ तौर-तरीके भी निर्धारित किए गए हैं, जिसके अनुसार उस राज्य में, उन प्रस्तावों पर संशोधन किया जाता है। उसके बाद संबंधित राज्य सरकार द्वारा अनुशंसित और उसे उचित ठहराया जाता है एवं उसके बाद भारत के रजिस्ट्रार जनरल, आरजीआई के बाद उसे एनसीएसटी, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा सहमति दी जाती है। मुझे लगता है कि आप सभी इस पर जरूर गौर करेंगे। इस प्रोसीजर को समझेंगे और शेड्युल्ड ट्राइब की लिस्ट में लाने के लिए आज का विषय बहुत ही स्पेसिफिक है। उसमें आपके बहुत अलग-अलग सुझाव मिले हैं कि इसको सम्मिलित किया जाए। हर एक राज्य के सांसद महोदय ने अपने क्षेत्र के बारे में कहा है, लेकिन आज स्पेसिफिक जनजाति का विषय है, उसमें भी जो हमारे प्रीमिटिव्स हैं, वे कम होते जा रहे हैं। आदरणीय प्रधान मंत्री जी ऐसे

प्रधान मंत्री हैं जिन्होंने सिर्फ जनजातियों की ही नहीं बल्कि उसमें भी अतिपिछड़े जनजाति पर गौर किया। उनको ढूंढा। उनकी संख्या कम होती जा रही है और अभी इस दृष्टि से उनका विकास होना जरूरी है।

**16.33 hrs** (Hon. Speaker *in the Chair*)

इस दिशा में प्रधानमंत्री जन मन विकास के योजना से एक बजट दिया। बजट की सिर्फ घोषणा नहीं हुई, बल्कि उस बजट को तुरंत लागू किया गया। 24 हजार करोड़ रुपए का अलग बजट दिया गया। हमने रूरल डेवलपमेंट की बात कही थी, एक लाख घरों के लिए भी बजट दे दिया गया है। इसके अलावा हमने 1200 किलोमीटर रोड भी सैंक्शन किया है। जल शक्ति मंत्रालय के माध्यम से ऐसे 1830 घरों तक इस स्कीम से वाटर सप्लाई पहुंचाने का काम जारी है। जैसे-जैसे डिमांड आएगी, वैसे-वैसे बजट बढ़ेगा। इसके अलावा हम हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर की बात करें, तो मोबाइल मेडिकल यूनिट्स मुख्य हैं। जैसा कि तापिर भाई ने कहा है कि हमारे ईएमआर स्कूल्स के लिए कुछ अलग से नॉर्म्स बनाइए। हमारे जनजाति समुदाय के भाई पहाड़ी इलाको में रहते हैं। हम उसमें मेडिकल यूनिट्स को भी ऑपरेशनल कर रहे हैं। लगभग 100 एजुकेशन फंड के माध्यम से हॉस्टल्स सैंक्शन हो रहे हैं। वुमेन चाइल्ड डेवलपमेंट के माध्यम से 900 आंगनवाड़ियां सैंक्शन हो चुकी हैं। जिनके लिए बजट भी दे दिया गया है। ट्राइबल अफेयर के माध्यम बीडीवीकेज, बंधन केन्द्र भी सैंक्शन हुए हैं। उनके अलावा मल्टी परपस सेंटर्स सैंक्शन हुए हैं। यह बहुत बड़ा आंकड़ा है, लेकिन मैं यह कहना चाहूंगी कि इसके अलावा आदि आदर्श ग्राम योजना जैसी योजना भी है। जनजातीय विकास मिशन ट्राइफेड के माध्यम से चल रहा है। हमारे साथी ने कहा है कि युवाओं के लिए कुछ नहीं हो रहा है, आप एन्टरप्रेन्योरशिप के बारे में कुछ कहिए। आदि महोत्सव जैसा बड़ा मेला भी लगता है। जिसमें हमारे ट्राइबल के आर्टिजंस को भी परखा जाता है। उनको मेले में प्राइज भी मिलता है, तो मुझे लगता है कि एन्टरप्रेन्योरशिप पर भी इस सरकार का ध्यान है।

आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं धन्यवाद भी देती हूं।…(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** आदि आदर्श ग्राम योजना क्या है?…(व्यवधान)

**डॉ. भारती प्रवीण पवार :** अधीर रंजन जी, अगर मैं कल की बात कहूं।...(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** अंडमान निकोबार के लोगों इसमें शामिल नहीं किया जाता।...(व्यवधान)

**डॉ. भारती प्रवीण पवार :** आपने बिल्कुल अच्छा सवाल पूछा है। मैं आपको धन्यवाद देती हूं कि आपने चिंता की है। पीएम जनमन के माध्यम से पहली बार ऐसा हुआ है कि हमारे 18 राज्य और एक यूटी, जिसमें अंडमान-निकोबार को बजट दिया गया है। शायद आपने वह बजट पढ़ा नहीं है।...(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** पीवीटीजी में शामिल नहीं किया है।... (व्यवधान) आप देख लीजिए।...(व्यवधान)

**डॉ. भारती प्रवीण पवार :** पीवीटीजी में ही किया है।... (व्यवधान) आप पढ़िये। आप मेरे मंत्रालय में आइये।... (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** फंड काफी बाकी रह गया है।... (व्यवधान)

**डॉ. भारती प्रवीण पवार :** मैं आपको यह कहना चाहती हूं कि जनजाति के लोगों का इतना विकास हो रहा है कि हमारी द्रौपदी मुर्मू जी पहली बार महामहिम राष्ट्रपति बनी हैं। इस बात का आपको स्वागत करना चाहिए।... (व्यवधान) मुझे लगता है कि उसके अलावा... (व्यवधान) जनजातीय मामलों का मंत्रालय स्वतंत्रता के बाद सितंबर, 1985 तक गृह मंत्रालय में था। फिर हमारी ट्राइबल मिनिस्ट्री 1985 से 1998 तक सामाजिक न्याय मंत्रालय में थी, तब तक हमारा विचार नहीं हुआ। जब स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी प्रधान मंत्री बने, तो उन्होंने हमारी संस्कृति और रक्षण के लिए अलग मंत्रालय बनाया। हमारे सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए बजट भी दिया। यह बात आप भली-भांति जानते हैं कि वह बजट भी बढ़ा है।... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** सभी सहमत हैं।

**डॉ. भारती प्रवीण पवार :** कई सारे सांसदों ने कहा कि बजट का क्या, फाइनेंस का क्या, लेकिन यह बजट बढ़ा है। दो बजट के अलावा, 'पीएम जनमन' का तीसरा बजट अलग है। यह 24 हजार 500

करोड़ रुपये का बजट है और वह हमारी अलग-अलग मिनिस्ट्री से ट्राइबल वेलफेयर के लिए जाता है। आज वह बजट बढ़ा है और वह 1 लाख 17 हजार करोड़ रुपये हुआ है। बजट पांच गुना ज्यादा बढ़ा है। इसके अलावा मिनिस्ट्री ऑफ ट्राइबल अफेयर्स का बजट तीन गुना बढ़ा है। आज वह 4200 करोड़ रुपये से 12 हजार 400 करोड़ रुपये हुआ है।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** दादा, सात गुना बजट बढ़ गया है**,** क्या आपको उस पर कुछ कहना है?

**डॉ. भारती प्रवीण पवार :** मुझे लगता है कि ऐसी कई सारी बातें हैं।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** सात गुना बढ़ गया है, उस पर आपको कुछ कहना है?

**प्रो. सौगत राय :** यह अच्छी बात है।… (व्यवधान)

**डॉ. भारती प्रवीण पवार :** आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मुझे लगता है कि आज ऐसी कई बातें हैं, चाहे एस्पिरेशनल ब्लॉक्स की बात हो या एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स की बात हो, आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने उस पर काम करना शुरू किया है। अभी एस्पिरेशन टू इंस्पिरेशन की ओर काम करने की सरकार की मंशा है और इस दिशा में पूरी तरह से यह सरकार प्रतिबद्ध है। यहां बहुत सारी चर्चाएं अच्छी हुई हैं, इसके लिए मैं धन्यवाद भी देती हूं। कई सदस्यों ने सवाल जरूर किए हैं, लेकिन सभी ने अपने सुझाव… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप कुछ बोल रहे थे? मंत्री जी, एक मिनट रुकिये। आप इनका क्लेरिफिकेशन दे दीजिए।

**श्री सय्यद ईमत्याज़ जलील :** मैडम, आप महाराष्ट्र से आती हैं। आप धनगरों के बारे में भी बोलिये।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैंने आपको इजाज़त नहीं दी है।

… (व्यवधान)

**डॉ. भारती प्रवीण पवार :** अध्यक्ष महोदय, मैंने पहले ही शुरुआत में यह कहा… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मंत्री जी, एक मिनट रुकिये। आप मसूदी जी के सवाल का जवाब दीजिएगा।

… (व्यवधान)

**श्री हसनैन मसूदी (अनन्तनाग):** जनाब, आपने मुझे इजाज़त दी, उसके लिए आपको शुक्रिया।

**माननीय अध्यक्ष :** यह जम्मू कश्मीर के लिए नहीं है।

… (व्यवधान)

**श्री हसनैन मसूदी :** सर, यह तो पूरे मुल्क के लिए है। मेरी यह गुजारिश है कि यह सही बात है कि हम इससे एतराफ़ कर रहे हैं कि हमारी जो कुछ कम्यूनिटीज़ हैं, वे तरक्की की दौड में पीछे रह गई हैं। यह उनको लेवल पर लाने का एक अफर्मेटिव एक्शन प्लान है, लेकिन वास्तव में कुछ होना चाहिए।… (व्यवधान) अब देखिए, मैं दो मिनट में जम्मू कश्मीर का हिसाब रख दूंगा। वहां पर हमारे देश की जो आबादी जाती है, जम्मू से श्रीनगर जाते हैं, उनके लिए हमने एजुकेशन सेन्टर्स बनाए हैं। वे सीजनल हैं और पिछले आठ-दस सालों से उनके जो टीचर्स हैं, उनको डिसएंगेज किया जाता है। वहां पर ट्रेनिंग की कोई व्यवस्था नहीं है। वहां पर रेन शेडो एरियाज़ हैं। वहां पर नेट कनेक्टिविटी नहीं है।

जनाब, आज डिजिटल एजुकेशन का जमाना है। वहां पर रेन शेडो एरियाज़ हैं, जहां पर नेट कनेक्टिविटी नहीं है, तकरीबन उन सभी एरियाज़ में यह कम्यूनिटी रहती है। इससे उनके बच्चों को डिजिटल एजुकेशन की एक्सेस नहीं रहती है। दूसरी बात यह है कि इसी साल 17 फीसदी कम बजट दिया गया है। जनाब, हेल्थ केयर के हवाले से, उज्ज्वला के हवाले से जो भी प्रधान मंत्री जी ने सराहनीय स्कीम्स बनाई हैं, उनकी शुरुआत की है। लेकिन उनको इन स्कीम्स का बेनिफिट नहीं मिल रहा है और न ही उनको डिजिटल एजुकेशन की एक्सेस है। वास्तव में इस रियलिटी को देखकर उनके लिए एकदामात उठाने की जरूरत है। यह अपनी जगह है कि आपने किसको इनक्लूड किया, किसको नहीं किया है। लेकिन आप नोट कर लीजिए कि ये जो हमारे सीजनल एजुकेशन सेन्टर्स हैं, 10 साल से डिसएंगेज के लिए हमारा यह मुतालबा था कि जम्मू और कश्मीर में उनको स्कूल सिस्टम के साथ इंटीग्रेट किया जाए, ताकि टीचर्स की ट्रेनिंग हो जाए। वहां पर ट्रेनिंग नहीं होती है।

**डॉ. भारती प्रवीण पवार :** माननीय अध्यक्ष महोदय, सांसद महोदय ने जो चिन्ता जताई है, सरकार उस पर काम कर रही है, लेकिन आप पहले समझ लें कि जनजातीय मंत्रालय अलग होना और उसके लिए अलग से बजट का प्रावधान करना, सिर्फ बजट देना ही नहीं, बल्कि उसे अलग-अलग मंत्रालयों

से भी जोड़ना, उसके बाद प्रधानमंत्री जन-मन का कार्यक्रम आना, जो अति पिछड़े हैं, विशेष तौर पर वल्नेरेबल ट्राइबल ग्रुप्स को आइडेंटिफाई करके उनके विकास के लिए यह सरकार काम कर रही है।

आज भी, जहाँ आन्ध्र प्रदेश के तीन समुदाय- बोंडो पोर्जा, खोंड पोर्जा और कोंडा सवारा को पीवीटीजीज को तथा ओडिशा की पौड़ी भूइयाँ, चुक्तिया भूइयाँ, बोंडा और मंकिडी समुदाय वंचित थे। इनकी तरफ वे कभी नहीं आए, उन्होंने कभी मांग भी नहीं की। वे ऐसे क्षेत्र में रहते हैं, पहाड़ियों में रहते हैं, वे जंगल, जमीन से जुड़े हुए हैं और राष्ट्र भक्त की तरह वे अपना काम समर्पित भाव से कर रहे हैं। वे ऐसी पिछड़ी जनजातियाँ हैं कि उनको आज तक न्याय नहीं मिला।

यह आज का संशोधन है, जो उनको न्याय देने की दिशा में है। आज जरूर इस पर चर्चा करें, लेकिन आप उनके समर्थन में उनके साथ खड़े रहें ताकि जो 70 साल से वंचित थे, जिनकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया था। अगर आज यह बिल पारित होता है, तो उनके लिए घर, पानी की व्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य आदि सभी दृष्टियों से उनको न्याय मिलेगा।

मुझे लगता है कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में और माननीय अर्जुन मुंडा जी के दिशा-निर्देश में इस मंत्रालय की तरफ से पूरा न्याय मिलेगा।

धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** आइटम नम्बर 34.

प्रश्न यह है:

"कि आंध्र प्रदेश राज्य के संबंध में, अनुसूचित जनजातियों की सूची का उपांतरण करने के लिए संविधान (अनुसूचित जनजातियाँ) आदेश, 1950 का और संशोधन करने वाले विधेयक, राज्य सभा द्वारा यथापारित, पर विचार किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

**माननीय अध्यक्ष :** अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

प्रश्न यह है:

"खंड 2 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 1,अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

**डॉ. भारती प्रवीण पवार :** अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करती हूँ :

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

**माननीय अध्यक्ष :** आइटम नम्बर 35.

प्रश्न यह है:

"कि ओडिशा राज्य से संबंधित अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की सूची को उपांतरित करने के लिए संविधान (अनुसूचित जातियाँ) आदेश, 1950 और

(अनुसूचित जनजातियाँ) आदेश, 1950 का और संशोधन करने वाले विधेयक, राज्य सभा द्वारा यथापारित, पर विचार किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

**माननीय अध्यक्ष :** अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

प्रश्न यह है:

"खंड 2 से 4 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 से 4 विधेयक में जोड़ दिए गए।

अनुसूची 1 विधेयक में जोड़ दी गई।

अनुसूची 2 विधेयक में जोड़ दी गई।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

**डॉ. भारती प्रवीण पवार :** अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करती हूँ :

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

---

**16.44 hrs**

## PAPERS LAID ON THE TABLE… Contd.

**THE MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN):** Sir, I beg to lay on the Table a copy of the White Paper on the Indian Economy (Hindi and English Versions).

[Placed in Library, See No. LT 11350A/17/24]

---

**16.45 hrs**

## WATER (PREVENTION AND CONTROL OF POLLUTION) AMENDMENT BILL, 2024

*AS PASSED BY RAJYA SABHA*

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा श्रम और रोजगार मंत्री (श्री भूपेन्द्र यादव):** महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:-

"कि जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 का और संशोधन करने वाले विधेयक, राज्य सभा द्वारा यथापारित, पर विचार किया जाए।"

महोदय, क्या मैं कुछ कह सकता हूँ?

**माननीय अध्यक्ष :** हाँ, कह दीजिए, थोड़ा हल्का सा बोल लीजिए।

**श्री भूपेन्द्र यादव :** महोदय, प्रस्तुत संशोधन विधेयक द्वारा जो महत्वपूर्ण बदलाव प्रस्तावित किए गए हैं, उससे न सिर्फ उद्योगों को गति मिलेगी, अपितु ये बदलाव पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सहायक सिद्ध होंगे। हमारे देश में औद्योगिक इकाईयों की स्थापना, संचालन, आवश्यक अनुमतियाँ, उल्लंघन पर कार्रवाई आदि की प्रक्रिया को सरल और सहज बनाने के लिए इन बदलावों को किया जा रहा है। इसके साथ ही सामान्य गलतियों के लिए उद्यमियों को जो कारावास की सजा दी जाती है, उसको पूरी तरह से हटाने का प्रस्ताव इस विधेयक के अंतर्गत किया गया है। प्रस्तावित संशोधन पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए व्यापार की सुगमता, ईज ऑफ लिविंग बिजनेस की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की कड़ी में से ही एक कड़ी है।

महोदय, वर्तमान में जल प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम 1974 के अंतर्गत के प्रावधानों में धारा 41 से लेकर धारा 45ए तक, धारा 47 और धारा 48 में विभिन्न छोटी-छोटी चीजों में दंड का प्रावधान किया गया है और उनका वर्णन किया गया है। अब नये संशोधनों में धारा 25 और 26 के प्रावधानों के उल्लंघन, जुर्माना या अतिरिक्त जुर्माना देने की विफलता को छोड़कर सभी प्रावधानों से कारावास देने का जो प्रावधान था, उसको समाप्त किया जा रहा है। अब यह आज जो

नामांकन के तरीके और सेवा के शर्तो को निर्धारित करेगी। प्रदूषित पदार्थ का बहना एक्ट के तहत एसपीसीबी ऐसी किसी भी गतिविधि को तुरंत रोकने के लिए निर्देश जारी कर सकता है जिससे जलाशयों में हानिकारक या प्रदूषणकारी पदार्थ बहता हो। अन्य अपराधों पर दंड एक्ट के तहत ऐसा अपराध जिसके लिए सजा स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट नहीं है। तीन महीने तक की कैद या 10 हजार रुपए तक का जुर्माना या दोनों से दंडनीय है। दंड निर्धारित करने वाले अधिकारी केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव या राज्य सरकार के सचिव स्तर तक का होना चाहिए। अगर अपराधों का संज्ञान CPCB या SPCB ने कोई शिकायत की है या बोर्ड को नोटिस देकर किसी व्यक्ति ने शिकायत की है तो अदालत अपराध का संज्ञान ले सकती है। सरकारी विभागों द्वारा अपराध - एक्ट के तहत सरकारी विभागों द्वारा किये गए अपराधों के लिए उस विभाग के प्रमुख को दोषी माना जाएगा, बशर्ते की वह साबित करे कि इस तरह के उल्लंघन से बचने के लिए सम्यक किया गया था।

माननीय उपरोक्त तथ्यों का महत्व, दूरगामी परिणाम और देश के भविष्य को देखते हुए बिहार के माननीय मुख्यमंत्री जी नीतीश कुमार जी कहते हैं कि जल से ही हरियाली है और हरियाली है तो जीवन है।

अतः मैं इन्हीं बातों के साथ मैं अपनी पार्टी की ओर से इस बिल का समर्थन करता हूं।

**SHRI ANUBHAV MOHANTY (KENDRAPARA):** Sir, today I am standing here on behalf of my Party the Biju Janata Dal to speak on the Water (Prevention and Control of Pollution) Amendment Bill, 2024.

Sir, this amendment has come after 50 long years. I welcome it on behalf of my Party. But at the same time, I have a few suggestions to make here, through you, to the hon. Minister. मैं पहला स्पीकर जरूर हूं, लेकिन मेरी पार्टी में दूसरी स्पीकर भी मेरे बाद बोलेंगी, इसलिए मैं ज्यादा वक्त नहीं लूंगा । I will just in brief point out some recommendations and suggestions. A recent RTI reply revealed that no penalties have been collected under the Water Act for two years from 2020 to 2022 in Kerala. This corelates with the National Crime Records Bureau's data which shows that no cases have been lodged under the Water Act over the past two years in the State. This is really surprising as this means that no violations of the Water Act have been reported over two years. This raises concern about the state of enforcement and monitoring of the Pollution Control Boards in the country.

The Environment Relief Fund under the Public Liability Insurance Act, 1991 has a corpus of Rs. 810 crore lying unutilised. Similarly, Rs. 410 crore collected as Goa Iron Ore Permanent Fund is also untouched. It is surprising. It is clear that what is needed is not new funds but a mechanism to ensure proper utilisation of the collected funds. Hence, as per the amendments, crediting of penalties to EPF is a step in the right direction. However, efforts must be made to ensure funds are efficiently utilised. A three-tier model can be used to access the penalty amount which considers the history of violation, unlawful gains from the act of pollution,

and pollution clean up cost for calculating the penalty. Thus, the proposed penalty has components of environmental compensation and punitive deterrents in addition to statutory penalties which are prescribed by the law. What I have understood 'by the law' is that certain mistakes, certain wrongs are done knowingly and certain unknowingly. Perhaps, the hon. Minister wants to convey to us, or through this amendment wants to bring a change that any person who is unknowingly doing any mistake which is not harmful to the humanity or to the environment may be penalised by an amount but not be imprisoned as it used to be till today. But I have a concern from my side. हम लोगों ने एक बहुत अच्छी कहावत बचपन में सुनी थी और पढ़ी भी थी । ऑनरेबल मिनिस्टर को तो ज्यादा पता होगा । Justice delayed is justice denied. जो पैनल्टी लगाते हैं, जो गवर्नमेंट ऑफिशियल्स रहेंगे, उनकी मिनिमम क्वालिफिकेशन जॉइंट सेक्रेटरी टू द स्टेट गवर्नमेंट और द सेंट्रल गवर्नमेंट कैटेगरी से नीचे न हो । सर, वह फैसला करेंगे कि कौन सा जुर्म कितना पीनलाइज किया जाएगा? अगर उनसे कोई अग्रीव्ड है, जिनको पीनलाइज किया गया है, तो वह एनजीटी को एप्रोच करे । But at the same time, if you believe in 'justice delayed is justice denied', केसेस पेंडिंग न रहे, लेकिन यहां पर कोई टाइम बाइंडिंग नहीं है । ऐसे केसेस में, जिसमें किसी निर्दोष को दोषी ठहराया जाता है या दंडित किया जाता है और वह यदि एनजीटी में जाता है तो किस टाइम फ्रेम के अंदर न्याय पाएगा? Kindly look into this matter also. There has to be a timeframe to this.

While reconsidering that penalties are important, another point is that penalties must not become an excuse to pollute. It is not like that these amendments advocate a pay-and-pollute principle. That has effectively become pay-and-pollute principle and that is why it is important that imprisonment must be a possibility at least for extreme and very, very extreme crimes or mistakes.

Sharing of data and coordination between bodies responsible for addressing ground water pollution, such as State Government departments, Pollution Control Boards and agencies, such as CGWA must be encouraged.

While finishing my speech, Sir, I would just like to point out one or two things. While we are talking on prevention of pollution or checking pollution of water and environment, we must also talk about saving water. इन 75 वर्षों में, हम आज़ादी का जो अमृत महोत्सव मना रहे हैं, माननीय प्रधान मंत्री जी ने अमृत सरोवर की घोषणा की थी । If I am not wrong, as I got to know from the speech of hon. Minister in the other House, the Rajya Sabha, that he is very happy that the target has been achieved by the Government of India.

I would like to know what is the target for it. It will be very good if the hon. Minister gives a clarification and data on this issue.

We humans, ऐसे कितने भी लॉज़ बन जाएं, ऐसे कितने भी अमेंडमेंट्स क्यों न आ जाएं, unless and until we are aware and we are committed to ourselves कि हमारा भी कर्त्तव्य बनता है कि हम लोग भी इसमें चेक करें कि कैसे पल्यूशन को कम किया जाए और कैसे हम पिनलाइज न हो, हमसे कोई गलती न हो । इस पर भी हम लोग सोचें, क्योंकि we all are public representatives and elected representatives. So, on behalf of all of us, I would like to convey an overall message to the nation that we also must support the Government in such an Act, and if such amendments are coming, which are for the betterment of the society and the environment, then we also must make a collective effort from our end by checking pollution and checking crime. Thank you so much. Jai Hind! Vande Matram!

**श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती) :** माननीय सभापति महोदय, आज जल प्रदूषण निवारण और नियंत्रण (संशोधन) बिल, 2024 पर मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए हम आपके बहुत-बहुत आभारी हैं।

जैसा कि विदित है कि जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) संशोधन बिल, 2024; 5 फरवरी, 2024 को राज्य सभा में पेश किया गया था और यह 6 फरवरी, 2024 को पास पास हुआ था। इस बिल का मुख्य उद्देश्य सर्वप्रथम हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और राज्य संघ क्षेत्रों में जल प्रदूषण को रोकने के लिए पहले से बने हुए कानून को और सशक्त बनाकर पूरे देश में बढ़ रहे जल प्रदूषण को नियंत्रित करना है। यदि कोई व्यक्ति जल प्रदूषण करता है, तो पहले डेढ़ वर्ष की जेल और फाइन दोनों सजा दी जाती थी, लेकिन वर्तमान में इस बिल का मकसद जेल की सजा को हटाकर उसके स्थान पर आर्थिक दण्ड के रूप में 10 हजार रुपए से लेकर 15 लाख रुपए तक करने का प्रावधान है।

महोदय, मेरा मानना है कि जल प्रदूषण दो प्रकार से होता है। एक तो मानवीय और दूसरा प्राकृतिक रूप से। मेरा संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती है, जो तराई क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इसके अलावा, पिछड़े जनपदों- श्रावस्ती, रामपुर, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर के साथ-साथ अन्य जनपद भी आते हैं। हमारे यहाँ जब राप्ती नदी में बाढ़ आती है तो इतनी गंभीर समस्या पैदा कर देती है, जैसे किसानों की फसलों का नुकसान होना, इसके साथ-साथ इतनी भयंकर बाढ़ आती है कि तमाम किसानों के जानवर, जीव-जंतु आदि की मृत्यु हो जाती है और उसके कारण नदी में भयंकर प्रदूषण हो जाता है।

इसलिए पूरे देश समेत, इस प्रदेश की स्थिति को देखते हुए मैं माननीय मंत्री जी और सरकार से चाहूंगा कि वे ऐसी भयंकर स्थिति से निपटने के लिए मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जो पिछड़े जनपद हैं, के अंतर्गत आने वाली राप्ती नदी के दोनों किनारे पर ऊँचे बांध बनाकर और पानी को रोकने का प्रयास किया जाए। हमें लगता है कि हर साल आने वाली बाढ़ से कई हजार घर नदी में समा जाते हैं और काफी संख्या में किसानों के जानवरों की भी मृत्यु हो जाती है। जब वर्ष 2021 में बाढ़ आई थी, तो मैं स्वयं वहाँ गया था। वहाँ मैंने देखा था कि गांवों के तमाम जानवर नदी में बह गये थे। ऐसी स्थिति

में सरकार की जो मंशा है, मैं उसका समर्थन करता हूँ कि यदि जल प्रदूषण को रोकना है, तो इस तरह के कदम उठाने होंगे।

इसलिए मैं भारत सरकार से यह मांग करते हुए, मैं इस बिल का समर्थन करता हूँ और मेरी पार्टी भी इस बिल का समर्थन करती है।

जिस तरह से, हमारे क्षेत्र में इतना ज्यादा प्रदूषण है कि यदि उसे रोकने का काम किया जाता है, हमने नदी के दोनों किनारे पर बांध बांधने की जो बात कही है, उसे बनाए जाएं ताकि लोगों में जल-जनित रोगों की वृद्धि न हो सके।

इसी के साथ मैं इस बिल का समर्थन करते हुए अपनी वाणी को विराम देता हूँ।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

**18.00 hrs**

**SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE (BARAMATI):** Sir, I am in a dilemma and I hope the Chair will guide me and the hon. Minister in his reply will give clarification for all of us because he is a very effective Minister. Even if I am in opposition, I must compliment him. अच्छे को अच्छा बोलना चाहिए । He is a very competent Minister.

**HON. CHAIRPERSON:** He is a very competent Minister.

**SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE:** I can expect a little more of him because he is very competent, but the Bill he has brought is not making me feel that confident. I would ask him some questions. I am not taking away from the intent. As I always say, नीयत हर सरकार की अच्छी होती है । But what matters is how you implement it and what the outcomes are.

I appreciate the Bill but I feel it is like a toothless tiger because it really has no power and I would like to make some comparison. I would like to take it back to the National Water Academy, Central Water Commission जो पूना में है, मेरे निर्वाचन क्षेत्र में ही है । This is a very good academy but the problem in this academy is that it does not have enough staff. How is this Government mapping pollution and water? I think we need to start from the base. बेस में ही जाना चाहिए, आगे सरकार क्या करेगी, इंडस्ट्री क्या करेगी, वह सब होगा । Has the Government mapped all the pollution? नॉर्मली किसी भी न्यूजपेपर में आ जाता है कि this is red or this is green. So, whenever I visit the National Water Academy, the first complaint is that they do not have enough staff. What is the role and the scope of this entire Commission? What is the outcome of this Commission? Today, this question is related to this Bill.

The first impact that comes to me is on cooperative federalism. हमारे पुराने हाउस में Arun Jaitley ji's entire focus used to be on cooperative federalism. He was a great supporter and a champion of cooperative federalism every time. After Arun ji, I must say that this Government is not as proactive in cooperative federalism as it used to be. Now, this entire Bill is actually taking away a lot of powers from the States. That is very, very alarming to me. There is a sort of an unsaid rule that comes to my mind. By taking away the power from the States to reject or to accept, I appreciate your standardization, such things should be standardized, is it going to be crony capitalism? It is something that worries me.

**HON. CHAIRPERSON:** If the House agrees, we may extend the time of the House till this Bill gets passed.

**SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE:** Sir, if the State takes a decision, the Centre will supersede it. I am playing devil's advocate in this situation. What if there is a State which may be of a different ideology than yours? Let us not make this law where it is a tug of war between the two different ideologies and the outcomes will be hurting the industry.

I come from one of the most industrialised States in the country. So, we support the industry and I am never ashamed of saying that this is good. इंडस्ट्री होनी ही चाहिए, उनको सपोर्ट करना ही चाहिए, because they create wealth and jobs. All the jobs cannot be done by the Government. The Government also creates jobs like it has brought Mudra, but the industry also contributes extraordinarily in creating wealth and jobs. So, we must support them. My question to the

Government is how will they manage this balance between the States and the Centre.

The other thing is that it is completely anti-federal now. I just seek clarification. I understand from whatever I have read in the Bill that your intention is that the Chairman will be decided by the State, but the rules and regulations will be decided by you. There is no nomination or any role. I just seek clarification on that point. The second thing is that you are talking about imposing a penalty of Rs. 15 lakhs and the punishment has been removed. I am a big supporter for removing imprisonment because by putting people in jail, solutions do not come out. There are so many companies involved in financial frauds.

आप जेल में डाल देते हैं, बैंक डूब जाता है और वह बेचारा जेल में पड़ा रहता है। So, I feel some financial frauds need to be brought up in this House. There are so many intelligent minds sitting on both the sides and I want to ask them if imprisonment a solution to every crime. Three days ago, in the Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Bill which was passed, there is a provision for fine of Rs. 1 crore if there is a syndicate which is involved in copying. I am not asking for imprisonment at all. I am against that. But the whole point is that if you copy, the fine imposed is Rs. 1 crore, but if you pollute, it is so less.

Can we at least connect it to the size of the pollution? It could be a very big organization which is just polluting. It could be a big multinational which is polluting. उनके लिए 15 लाख रुपये कुछ नहीं होंगे, वे भर देंगे और आगे निकल जाएंगे। So, can you explain to us the mechanism to control this pollution? In my Parliamentary constituency, there are two places where pollution is reaching an all-time high.

One is Ujjani and there is another place called Kurkumbh which is a chemical area. All the big boys have invested there. A lot of pharmaceutical companies are there. There is always a tug-of-war. फार्मास्यूटिकल कम्पनीज कहती हैं कि हमने कुछ गलत नहीं किया। बाहर का किसान कहता है कि यह प्रदूषित पानी है और हमारी जमीन खराब हो रही है। What are the checks and balances for this?

The other big gap which I feel is missing in this is urbanization. Sir, you see buildings are coming up everywhere. All the sewage coming out of all the societies goes untreated. Khadakwasla Dam is one of the biggest dams in Pune city which supplies drinking water to Pune city.

All the people who are living in new societies or coming over there and there is no control on the sewage. I have spoken to the hon. Minister and he has been very indulgent and helpful in supporting Pune Municipal Corporation in solving that problem. So, why should this be limited only to industry? Why can we not expand the role to all these municipalities because municipalities today are getting away with murder on polluting. Pune city today is destroyed because of urbanization. Mumbai water is destroyed because of urbanization.

Urbanization is a huge opportunity. With bridges and metros, the cities do get made. But if the city has a beautiful metro, beautiful bridges, beautiful roads, and polluted water, what is the point of it? The whole game of this infrastructure does not help. So, I request the hon. Minister to clarify some of our doubts. If he clarifies it, we will be happy to support him because I trust the Minister. I am not sure about the whole Government, but I am very confident that he is a very good and a kind Minister. So, he could kindly clear our doubts and ensure that

industries, societies and buildings are held accountable. There has to be a mass movement in this country about awareness. I moved a Private Members' Bill on this because drinking water is somebody's basic right.

In 21st century there is so much artificial intelligence. I would like to make one last point. In farming we are using a lot of AI. To check pollution, is it possible to use Artificial Intelligence? We are using it in Baramati. We are trying AI with Oxford and Microsoft to help us improve farming and improving growth and development. Is there a possibility that the same technology can be used for water? I just want these small clarifications.

Thank you.

**श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर):** सभापति जी, यह जो संशोधन कानून लाया गया है, यह जल प्रदूषण के साथ संपर्क रखता है । यह बहुत अफसोस की बात है कि बार-बार केंद्र सरकार कहती है कि आर्थिक व्यवस्था में देश आज विश्व गुरु बन चुका है लेकिन यह दुख के साथ कहना पड़ेगा कि प्रदूषण के मामले में भी आज हमारा भारत देश एक विश्व गुरु बन चुका है। यदि वायु प्रदूषण की बात करें तो दुनिया में सबसे 10 जहरीले शहर, जहां सांस लेना भी जान को जोखिम में डालना होता है, उनमें भारत भी है। यदि जल प्रदूषण की बात करें, तो नीति आयोग ने स्वयं अपनी रिपोर्ट में कबूल किया है कि दुनिया भर के 122 देशों में जहां जल प्रदूषण एक संवेदनशील मामला है, उन 122 देशों में इंडिया का रैंक 120वां है। वर्ल्ड बैंक कहता है कि यहां 70 प्रतिशत सरफेस वॉटर यदि हम पीते हैं, तो वह हमारे जीवन के लिए हानिकारक है। गंगा, जिसकी हम सब पूजा करते हैं, माँ गंगा में लगभग 40 हजार मिट्रिक टन का सिवेज जाता है। यमुना में जहां लोग छठ पूजा के लिए जाते हैं, तो हमने वह चित्र देखा है कि चारों तरफ प्रदूषित झाग है और इस प्रदूषित झाग में हम छठ देवताओं को पूजते हैं। यह कितने दु:ख की बात है।

सर, असम में भी हमारे केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कहा है कि 10 नदियों में ऐसे 11 स्ट्रेचेज हैं, जो बहुत प्रदूषित हैं। उन नदियों में भाराली, बेगा, धनसिरी, खरसांग, मोरा भराली हैं। यह बहुत दु:ख की बात है कि भारत नदियों का देश है और इस नदियों के देश में हम अपनी नदियों में हर दिन बिना ट्रीटमेंट किया हुआ कचरा, चाहे वह इंडस्ट्री का हो, चाहे हमारे घरों का हो, उसे डाल रहे हैं।

बॉस्टन कंसल्टिंग ग्रुप के अनुसार नदियों में या वॉटर बॉडीज़ में जितना यह कचरा डालता है, हमारा भारत देश उसमें से केवल 13 प्रतिशत कचरे को ही ट्रीट कर पाता है। यह जो हम सबसे चूक हो रही है, इसमें मैं राजनीति नहीं लाना चाहूंगा, पर, इस चूक का क्या प्रभाव हो रहा है? इसका प्रभाव हमारे बच्चों पर पड़ रहा है। आज उन्हें टायफॉयड, कॉलेरा, हेपेटाइटिस जैसी बीमारियां हो रही हैं। हम खुद इसे असम और पश्चिम बंगाल में देख रहे हैं कि आर्सेनिक के कारण कितनी बीमारियां हो रही हैं। हमने देखा है कि उत्तर प्रदेश में लोग ऐसा पानी पी रहे हैं, जिसमें कार्सिनोजेनिक तत्व पाए गए हैं।

इसके कारण लोगों की किडनी की बीमारी हो रही है और इसके कारण उन्हें अपने मेडिकल पर बहुत खर्च करना पड़ रहा है।

महोदय, इस संदर्भ में मैं बहुत दुविधा के साथ यह कहना चाहूंगा कि वर्ष 2017 में एक रिपोर्ट के हिसाब से यह बताया गया था कि वर्ष 2017 में चम्पानगर में माँ गंगा में लगभग 21,000 एमपीएन प्रति 100 मिलीलीटर फीकल बैक्टीरिया मिला था। वर्ष 2021 में यह बढ़ गया। वर्ष 2021 में उसी स्थान पर माँ गंगा में यह फीकल बैक्टीरिया 21,000 से बढ़ कर 31,500 एमपीएन प्रति 100 एम.एल. मिला। यह कितने दु:ख की बात है। उसके बावजूद भी सरकार अपनी पीठ थपथपाना चाहती है। वह कहती है कि काम हुआ है, इसमें प्रगति हुई है। क्या प्रगति हुई है? वर्ष 2018 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को 351 पॉल्यूटेड स्ट्रेचेज मिले और वर्ष 2022 में वही 351 पॉल्यूटेज स्ट्रेचेज 311 हो गए। बस इतना ही कम हुआ। इसी को लेकर ये खुश हो रहे हैं कि चार सालों में 351 से 311 हो गए। मुझे लगता है कि इसे लेकर सरकार को अपनी पीठ थपथपानी नहीं चाहिए, बल्कि आपको और सतर्क हो जाना चाहिए। इसीलिए, हम अपेक्षा करते थे, जैसा कि आदरणीय सुप्रिया जी ने कहा कि हमारे जो मंत्री जी हैं, उन सभी के प्रति हमारा सम्मान है, लेकिन उनका जो विभाग है, वह अब पर्यावरण की रक्षा के लिए नहीं है, बल्कि उनका विभाग अब उद्योगों की रक्षा का विभाग बन चुका है, ताकि उद्योगों की रक्षा हो और उन्हें आसानी से और ज्यादा क्लियरेंसेज मिलते जाएं, जल्दी क्लियरेंसेज मिलते जाएं। यह पूरा विभाग पर्यावरण संरक्षण से हट कर अब उद्योग के संरक्षण का विभाग बन चुका है। यह हो सकता है कि वे इतने सज्जन हैं, इसलिए उनका मिस-यूज किया जा रहा है। अगर उनकी वाणी में हमारे प्रति कटुता होती, हमें गाली देते, तो शायद उन्हें एक और शक्तिशाली विभाग मिलता और उन्हें और शक्ति मिलती। पर, ऐसा नहीं हुआ, क्योंकि वे सज्जन हैं। सज्जन व्यक्ति होने के नाते उन्हें एक कमजोर मंत्रालय और एक कमजोर कानून की जिम्मेदारी मिली है।

सर, वर्ष 2018 में माँ गंगा में क्या हो रहा था?… (व्यवधान) हमें बोलने दीजिए। हम गंगा नदी की बात कर रहे हैं। गंगा की बात तो सुनिए। 'नमामि गंगे' पर आपने कितने करोड़ रुपये खर्च कर दिए, पर क्या हो रहा है? वर्ष 2018 में 'नमामि गंगे' में लिखा गया – out of the 10 river systems in

the world, the river Ganga carries 93 per cent of the plastics which ends up directly in the oceans.  बहुत सारे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स काम नहीं कर रहे हैं।… (व्यवधान) आप इसके बारे में तथ्य दे दीजिए। मैं तथ्य मांगता हूं। 'नमामि गंगे' में आपने लगभग 12,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। कितने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स काम नहीं कर रहे हैं, उसका विवरण दीजिए।

महोदय, इसके साथ ही साथ मैं इसकी सारी जिम्मेदारी केन्द्र सरकार पर नहीं डालना चाहता हूं। माँ गंगा के तट पर बहुत-से छोटे-छोटे उद्योग हैं, छोटे-छोटे टैनरीज हैं।… (व्यवधान)

Sir, I am not yielding. … (*Interruptions*) No, I am not yielding. He is not quoting a Rule.

**HON. CHAIRPERSON:** Rudy ji, he is not yielding. You can speak later.

… (*Interruptions*)

**श्री गौरव गोगोई :** माँ गंगा के तट पर बहुत सी टेनेरीज़ हैं, कैमिकल इंडस्ट्रीज़ हैं, स्लॉटर हाऊसेज़ हैं, टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज़ आदि ये छोटे-छोटे उद्योग हैं। इनको भी अपना इंडस्ट्री एमिशन साफ करना है तो इनको भी मदद चाहिए, पैसे चाहिए, क्रेडिट चाहिए, टैक्नोलॉजी चाहिए। इसलिए ऐसे-ऐसे छोटे उद्योगों को तो हम पनिश नहीं कर सकते हैं या माइक्रो, मीडियम और स्माल इंडस्ट्रीज़ को पनिश नहीं कर सकते हैं। ऐसे छोटे और मध्यम उद्योगों को केंद्र सरकार क्या मदद करेगी हम वह भी जानना चाहते हैं। साथ ही, मैं यह पूछना चाहता हूँ कि ये बड़े उद्योगों पर कितनी सतर्कता से अपनी नज़र रखेंगे। आज कॉपर में पानी का बहुत इस्तेमाल होता है और बहुत सारा इंडस्ट्री एमिशन होता है। सर, दुनिया का सबसे बड़ा कॉपर मैनुफैक्चरिंग प्लांट, कच्छ कॉपर लिमिटिड कुछ ही महीनों पहले उद्घाटन हुआ, जिसमें एक मिलियन टन कॉपर का प्रोडक्शन होता है, जिसका मालिक वर्तमान सरकार के बहुत करीब है, मैं उसका नाम नहीं लूंगा, सब समझ चुके हैं, जो सरकार के सबसे करीबी उद्योगपति हैं, यह उन्हीं की फैक्ट्री है। ऐसे कॉपर प्लांट पर केंद्र सरकार क्या निगरानी रखेगी, यह हम जानना चाहते हैं। सर, वैसे तो यह बिल राज्य सरकार की ताकत को कम करने वाला है, लेकिन इसके जो दो मूल उद्देश्य हैं, जैसे हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और होते हैं। जो हाथी के दांत छुपाए हुए हैं, वह

सैक्शन 4 में है। It says, 'Provided that the Central Government, by notification in the Official Gazette, exempt certain categories of industrial plants from the provisions of this sub-section'. ये कैटेगरीज़ कौन सी हैं, इसका कोई विवरण नहीं है। कब पता चलेगा, इसका कोई पता नहीं है। दूसरा, सैक्शन 5 में यह है कि Section 5 says, 'Notwithstanding anything in this Act, the Central Government in consultation with the Central Board, may, by notification in the Official Gazette, issue guidelines on the matters relating to the grant, refusal or cancellation of consent by any State Board'. तो बीच-बीच में ये नोटिफिकेशन निकालेंगे और स्टेट बोर्ड ने अगर कोई कदम लिया, जो इनको मंजूर नहीं है तो स्टेट बोर्ड की परमिशन कैंसल कर सकते हैं। इसलिए ये दो मेन चीज़े हैं। हम तो इन पर विवरण चाहेंगे कि क्या रूल्स हैं? क्या यह पार्लियामेंट लॉ मेकिंग बॉडी नहीं है? केंद्र सरकार बार-बार ऐसे वेग कानून लाती है, और पूरी रूल मेकिंग अथॉरिटी सेंट्रल गवर्मेंट के किसी कर्मचारी को दे देते हैं या जॉइंट सैक्रेट्री को दे देते हैं और बीच-बीच में गज़ेट नोटिफिकेशन निकाल कर पूरी इंडस्ट्री का रेग्युलेशन आज बिल के द्वारा नहीं गज़ट नोटिफिकेशन के द्वारा हो रहा है। तो हम लोग यहां पर किस लिए हैं? क्या हम यहां पर सिर्फ डिबेट करने के लिए हैं? हम कोई रूल नहीं बना रहे हैं, हम कैटेगरीज़ लिस्ट नहीं कर रहे हैं। हमारी मांग है कि बिल में और डीटेल्स लाइए। Give us the list of the categories. What are those rules? Why do you not put them in this Bill? That is what we want. सर, इसीलिए हम पूछना चाहते हैं कि इसमें राज्य सरकार का उल्लेख क्यों नहीं है। सैक्शन 4 और सैक्शन 5 में कहीं नहीं लिखा कि 'Provided that the Central Government in consultation with the State Government'. आपको एग्ज़ंप्ट करना है तो कीजिए, गज़ट नोटिफिकेशन निकालना है तो निकालिए, लेकिन राज्य सरकार के साथ कंसल्टेशन कर के तो कीजिए। क्या राज्य सरकार सक्षम नहीं हैं, कुछ इंडस्ट्री कैटेगरी को एग्ज़म्प्ट करने के लिए? क्या राज्य सरकार सक्षम नहीं हैं कि वॉटर, जो स्टेट का विषय है, उसके लिए ऑफिशल नोटिफिकशन लाने के लिए? आप इस प्रकार के कानून क्यों ला रहे हैं? अगर आपको वास्तव में जल प्रदूषण की

चिंता होती तो आप सेंट्रल पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड और स्टेट पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड को मज़बूत करते। वहां पर जो पद रिक्त हैं, उनको भरते। अगर आप सचमुच में सतर्क होते तो सेंट्रल पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड और स्टेट पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड को और फंडिंग देते। अगर आप सचमुच में सतर्क होते ता रिसर्च पर ध्यान देते। डेटा, वॉटर पॉलयुशन, हाटस्पॉट्, मॉड्यूलिंग जिसका उल्लेख सुप्रिया जी ने किया है, उस पर ध्यान देते।

अंत में अगर आप सचमुच में सतर्क होते तो कैपेसिटी बिल्डिंग पर ध्यान देते। ये जो विभिन्न कानून हैं, इसके जो छोटे-छोटे अमेंडमेंट्स हैं, सैक्शंस हैं, अगर आप लोकल पंचायत में जाएंगे, लोकल अर्बन बॉडीज़ में जाएंगे, म्यूनिसिपल बॉडीज़ में जाएंगे, डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन में जाएंगे, तो उनको कुछ भी पता नहीं है, तो किस प्रकार से आप इंडस्ट्री और लोकल सरकार के बीच में, लोगों के बीच में किस प्रकार से अवेयरनेस करेंगे?

अगर आप इस प्रकार के कानून लाते हैं, तो आज हमारा देश, जिसकी जनसंख्या बढ़ती जा रही है, वहां पर और शहरीकरण हो रहा होगा। इस समस्या को मद्देनज़र रखते हुए आप एक ठोस कानून लाते, न कि ऐसा कमज़ोर जो आप ला रहे हैं, उसको लाते, इसका हम घोर विरोध करते हैं।

धन्यवाद।

**श्री गणेश सिंह (सतना):** सभापति महोदय, मैं (जल प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) संशोधन विधेयक 2024 का, जो राज्य सभा से पारित होकर यहां पर माननीय मंत्री जी द्वारा लाया गया है, समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

महोदय, मैं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने एक बहुत ही महत्वपूर्ण विधेयक इस सदन में प्रस्तुत किया है। इस विधेयक की सबसे खास बात यह है कि जहां (जल प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) संशोधन विधेयक, 2024 पर्यावरण को भी संरक्षण प्रदान करेगा और उद्यमी को भी संरक्षण प्रदान करेगा।

महोदय, इसमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष के नियुक्ति प्रक्रिया को भी डिफाइन किया गया है। जिन उद्योगपतियों को सजा का डर रहता था, जेल जाने का डर रहता था, उससे मुक्ति देकर जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जो जुर्माना राशि होगी, वह पर्यावरण संरक्षण कोष में जमा की जाएगी।

महोदय, वैसे तो यह बात सही है कि जल संविधान की सातवीं सूची के अनुसार राज्य का विषय है, लेकिन केंद्र सरकार को दो से अधिक राज्य अगर अपनी विधान परिषद में संकल्प पारित करते हैं तो उसमें कानून बनाने का अधिकार केंद्र सरकार को है। इसमें जल अधिनियम संविधान के अनुच्छेद 252 के खंड 1 के अनुसरण में अर्थात् असम, बिहार, गुजरात, हरियाण, हिमाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों के राज्य परिषदों ने बकायदा प्रस्ताव पारित करके भेजा है। इस अधिनियम में आठ अध्याय और 64 धाराएं हैं। केंद्र सरकार ने इसमें नोटिस लिया और इसका संशोधन विधेयक लेकर आई है। इसमें अभी तक जो प्रावधान थे, उन प्रावधानों के बारे में मैं बता दूं। अभी गौरव गोगोई यहां कह रहे थे, मुझे लगता है कि वह उद्योग के विरोधी हैं। ऐसा उन्होंने प्रस्तुत किया है। क्या देश के विकास में उद्योगों की जरुरत नहीं है? हालांकि वह बड़े उद्योगों का विरोध कर रहे थे और छोटे उद्योगों की बात पूछ रहे थे। मौजूदा अधिनियम में विभिन्न दण्डात्मक प्रावधान निर्धारित किए गए हैं, जो वर्तमान के कानून में था। धारा 20, 32 और 33ए के तहत जारी किए गए निर्देशों का उल्लंघन करने पर उल्लंघनकर्ता को तीन

महीने तक की कैद या जुर्माने से दंडित किया जा सकता था। धारा 30 और 31ए का उल्लंघन करने पर एक साल की अवधि के लिए दंडित किया जा सकता था। ऐसी अवधि जो एक वर्ष या छह महीने से कम नहीं होगी। इसे छह साल तक बढ़ाया जा सकता है। उन पर जुर्माना लगाया जा सकता है। यदि विफलता जारी रहती है तो अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया जा सकता है। प्रत्येक दिन के लिए पाँच हजार रुपये तक का जुर्माना बढ़ाया जा सकता है। ऐसी विफलता जारी रहने पर इस विफलता को दोषी ठहराने के बाद किया जाता है। यदि उल्लिखित विफलता दोष सिद्धि की तारीख के बाद एक वर्ष की अवधि से अधिक जारी रहती है तो दोषी पाए जाने पर अपराधी के कारावास की सजा होगी, जो दो साल से कम नहीं होगी। इसे सात साल तक बढ़ाया जा सकता है।

महोदय, यह इतना कठोर कानून था, जिसमें तमाम सारे उद्योगों को बड़ी कठिनाई हो रही थी। हमारी सरकार इसमें कुछ नए संशोधन लाकर, इसे राज्य सभा में पारित करके लोक सभा में लेकर आई है। जल प्रदूषण के रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम 1974 के प्रस्तावित संशोधन में महत्वपूर्ण परिवर्तन इस प्रकार है- "राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष की नियुक्ति के तरीके और योग्यता को एक समान बनाने और प्रक्रिया में सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित किया गया है।" अभी तक अलग-अलग राज्यों के नियम है, अलग-अलग प्रदूषण बोर्ड बने हुए हैं, अलग तरीके के उनके नियम कानून हैं।

दूसरा, वायु प्रदूषण की रोकथाम के नियंत्रण अधिनियम 1974 के प्रावधानों का उल्लंघन या गैर अनुपालन के एक निर्णायक अधिकारी द्वारा जुर्माना लगा कर निपटाया जाएगा। हालांकि लोगों को स्थापित और संचालित करने के लिए पूर्व सहमति से संबंधित अधिनियम की धारा 25 और 26 के तहत घोर उल्लंघन करने से रोकने के लिए धारा 25 और 26 के तहत अभियोजन के प्रावधान को बरकरार रखने की आवश्यकता है, जो आपराधिक दायित्व को आकर्षित करता है। इसमें प्रावधान किया गया है। धारा 25 और 26 के तहत अभियोजन का प्रावधान एक नई धारा 45(ङ) डालकर निपटाया जाएगा। धारा 20, 24, 32, 33ए, 42, 45ए और 48 से संबंधित उल्लंघनों को अदालत में अभियोजन के स्थान पर वित्तीय दंड के आधार पर निपटाने का प्रावधान किया गया है। मैं मानता हूं कि यह बहुत सराहनीय कदम है। इसे माननीय मंत्री जी बिल में प्रावधान करके लाए हैं।

महोदय, यह संशोधन छोटे अपराधों के लिए कारावास के डर को खत्म कर देगा और व्यापार करने में आसानी की दिशा में एक कदम है। प्रस्तावित दंड छोटे उल्लंघनों में अभियोजन के उत्पीड़न के बिना उल्लंघनों के खिलाफ एक निवारक भी साबित होंगे।

ये प्रस्ताव सभी न्याय क्षेत्रों में प्रक्रियाओं को एक समान बना देंगे, ताकि उद्योगों को कई अलग-अलग अनुपालनों का पालन न करना पड़े। यह वाकई में एक बहुत अच्छा कदम उठाया गया है। यह बात सही है कि जल एक बड़ा विषय है। जल प्रदूषण, जल का संरक्षण और उद्योगों से निकलने वाले जल का ट्रीटमेंट कैसे हो, यह बहुत बड़ा विषय है। हमारी सरकार ने, हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी ने इसे बहुत गम्भीरता से लिया और अलग जल शक्ति मंत्रालय का गठन किया, जलजीवन मिशन योजना बनाई। उन्होंने पानी के संरक्षण के लिए 75 अमृत सरोवर बनाने के लिए हर जिले में जो प्रावधान किया, उसके बहुत सार्थक परिणाम आए हैं। अभी पूछा जा रहा था कि इसके क्या परिणाम हैं? माननीय मंत्री जी इसका जवाब देंगे। सच्चाई यह है कि गांव-गांव में इतना जबरदस्त इसका प्रचार हुआ कि बरसात के पानी को कैसे रोका जाए, जल संरक्षित किया जाए और अमृत सरोवर बहुत सार्थक तरीके से पूरे देश में बनाए गए हैं। मैं मानता हूं कि जिन राज्यों में दूसरी विचारधारा की सरकारें हैं, वहां उतना अपेक्षित सहयोग नहीं मिला होगा और हो सकता है कि वहां कुछ कमी रह गई होगी।

जहां तक नमामि गंगे योजना का सवाल है, तो नमामि गंगे योजना में बहुत बेहतर तरीके से काम चल रहा है। मैं गौरव गोगोई जी से कहना चाहता हूं, वर्ष 2004 से 2014, दस सालों तक उनकी सरकार थी और दस सालों में वे भी सांसद थे, मैं भी सांसद थे, लेकिन इस तरह की कोई योजना बनाने का कभी भी कोई प्रयास नहीं हुआ। न तो वायु प्रदूषण को रोकने के लिए कोई कारगर उपाय किए गए, न जल प्रदूषण को रोकने के लिए कोई कारगर उपाय किए गए। ऐसा कोई कानून बनाने का काम नहीं हुआ। आज यहां पर जो वे कह रहे हैं, चूंकि उनको विरोध करना ही है, इसलिए विरोध कर रहे हैं। नमामि गंगे के संबंध में एक बात मैं जरूर माननीय मंत्री जी से कहूंगा कि उन्होंने बहुत काम किया है। झीलों के संरक्षण में रामसर साइट्स देखिए। आजादी के 75 वर्ष होने पर भारत की 75

वॉटर बॉडीज़ को रामसर साइट्स का दर्जा दिया गया। उसमें एक-दो साइट्स हमारे मध्य प्रदेश में भी हैं।

गंगा नदी में सहायक नदियां मिलती हैं। मेरा लोक सभा क्षेत्र सतना, मध्य प्रदेश है। टमस नदी और सतना नदी, ये दोनों शहर के पास निकलती हैं और जाकर गंगा नदी में प्रयागराज में मिलती हैं। आज वहां बहुत बड़ी मात्रा में जलकुम्भी हो गई, जल प्रदूषित हो रहा है। उसका ट्रीटमेंट कैसे किया जाए? गुजरात में साबरमती नदी का जिस तरह से ट्रीटमेंट हमारे उस समय के मुख्यमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी जब थे, उन्होंने तब किया था। वाकई में वह देखने लायक है। वह देश में एक मॉडल टाइप का है। सभी नदियों का उस तरह से कैसे संरक्षण किया जा सकता है? हालांकि यह मामला माननीय मंत्री जी के विभाग से जुड़ा हुआ नहीं है, यह जल शक्ति मंत्रालय का विषय है। वही इसे करेंगे। जल संरक्षण के मामले में बात हो रही है, जल प्रदूषण के मामले में बात हो रही है। आज सबसे बड़ा विषय यह है कि हमारी जमीन के नीचे जल स्तर बहुत नीचे जा रहा है और प्रदूषित जल आ रहा है। आज इसीलिए हमारे प्रधान मंत्री जी जलजीवन मिशन के माध्यम से हर घर में नल से जल पहुंचे, शुद्ध जल लोगों को पीने के लिए मिले, एक विशेष बड़ा अभियान पूरे देश में चला रहे हैं। बहुत सफल तरीके से, अब तक लगभग 11 करोड़ से ज्यादा घरों में नल से जल पहुंच चुका है। मेरे लोक सभा क्षेत्र में बाणसागर से एक-एक गांव में, एक-एक घर में नल से जल पहुंचाने के लिए साढ़े 6 हजार करोड़ रुपये की एक स्कीम चल रही है, जो लगभग 70 पर्सेंट पूरी हो चुकी है। आने वाले समय में जब वह पूरी होगी, तब हम लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का काम कर सकेंगे। वाकई में उद्योगों के समक्ष कठिनाई है। उद्योगों का जो प्रदूषित जल निकलता है, वह कहीं न कहीं से नदियों में पहुंचता है। उसका संरक्षण होना चाहिए, उसका ट्रीटमेंट होना चाहिए। इजरायल जैसा छोटा देश 62 पर्सेंट जल का उपयोग ट्रीटमेंट जल से कर रहा है। हमारे यहां हालांकि 4 पर्सेंट पानी है। देश की आबादी 17 पर्सेंट है, लेकिन पानी हमारे पास कम है, 4 ही पर्सेंट है। हमें कहीं न कहीं पानी के संरक्षण के बारे में भी काम करना पड़ेगा। हमारी सरकार बेहतर तरीके से इसमें काम कर रही है। मैं चाहता हूं कि इसमें

और विशेष रूप से कुछ प्रावधान किए जाएं। मैं इस बिल का पूरी तरह से समर्थन करता हूं और माननीय मंत्री जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं।

**श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग):** सभापति महोदय, इस बिल के माध्यम से सदन में एक महत्वपूर्ण विषय डिस्कशन के लिए आया है। आज वायु प्रदूषण बहुत तेजी से बढ़ता जा रहा है, इसके साथ-साथ जल प्रदूषण भी उतनी ही तेजी से बढ़ता जा रहा है। दोनों प्रदूषण के दुष्परिणाम मानवीय जीवन पर होता है। खासकर जलवायु प्रदूषण का विपरीत परिणाम जिस भारी मात्रा से मानवीय जीवन पर हो रहा है, इसके साथ-साथ सामाजिक जीवन पर भी हो हो रहा है।

माननीय मंत्री महोदय ने जो बिल लाए हैं, उसका हम समर्थन नहीं करेंगे। लेकिन मेरा सजेशन जरूर रहेगा कि इस बिल को आज मंजूरी न करते हुए पार्लियामेंटरी कमेटी के पास भेजें और इस पर भारी चर्चा करें। प्रदूषण के खिलाफ और पर्यावरण क्षेत्र में काम करने वाले एक्सपर्ट्स की राय इस बिल के माध्यम से लेने की आवश्यकता है।

सभापति महोदय, खासकर वॉटर पोल्यूशन में कई तरह के होते हैं। मानव निर्मित वॉटर पोल्यूशन एक गंभीर गुनाह होना चाहिए। मानव निर्मित वॉटर पोल्यूशन को अनदेखा या छुटकारा देने की कोशिश यदि इस बिल के माध्यम से होती है तो मानव जाति या देशवासी के साथ बहुत बड़ा गुनाह हो जाएगा।

सभापति महोदय, कई जगह पोल्यूटेड इंडस्ट्रीज होती है, केमिकल फैक्ट्री होती है। ऐसे केमिकल फैक्ट्रीज में एसटीपी प्लांट लगाने की आवश्यकता होती है। अगर मुझसे पूछें, मेरे क्षेत्र रत्नागिरी में लोटे परशुराम की कमेकिल प्लांट है, वहां से हर वर्ष भारी मात्रा में प्रदूषित पानी नदी में छोड़ा जाता है जिससे भारी संख्या में मछलियां मर जाती हैं और लोगों को बीमारी भी सहन करनी पड़ती है। ठाणे, पालघर जिले में बोईसर जैसी बड़ी केमिकल इंडस्ट्री है। वहां समुद्र तटीय क्षेत्र है, वहां भी ऐसी स्थिति होती है। पानी प्रदूषण के दुष्पारिणाम को देखें तो मानवीय जीवन के ऊपर ज्यादा से ज्यादा बुरा असर करने वाला प्रदूषण जल प्रदूषण होता है। ऐसे जल प्रदूषण को रोकने के लिए कोशिश करने की आवश्यकता है, कानून बनाने की आवश्यकता है।

**HON. CHAIRPERSON:** Hon. Member, please conclude.

… (*Interruptions*)

**श्री विनायक भाउराव राऊत :** सभापति महोदय, सिर्फ हिमाचल प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों को देखकर अगर कानून बनाना चाहते हैं, लेकिन इसका इम्पिलिमेन्टेशन तो सारे देश में होगा। इसका अमल पूरे देश में होने वाला है। अगर ऐसे चोर लोगों को पनिशमेंट करने की बजाए छुटकारा देने का कानून तैयार करते हैं तो चोरी करने वाला और आगे जाएगा। पानी की शुद्धता और पानी शुद्धता का महत्व आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने समझाया है इसीलिए उन्होंने नमामि गंगे प्रोजेक्ट शुरू किया। आज वैसे ही कई जगहों पर शुद्ध पानी की आवश्यकता है, ऐसी पानी देने की बजाए जल प्रदूषण करने वाले लोगों को कारावास दें, ऐसा मेरा नहीं कहना है।

**HON. CHAIRPERSON:** Hon. Member, please conclude now.

… (*Interruptions*)

**श्री विनायक भाउराव राऊत :** सभापति महोदय, लेकिन जो ऐसे गुनाह करने वाले हैं, उसके ऊपर जो कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। अगर दस हजार रुपये, पन्द्रह हजार रुपये भरेंगे और छूट जाएंगे तो ऐसे गुनाह करने वालो और आगे जाएंगे, ऐसा न हो। इसमें अपीलीय अथॉरिटी एनजीटी को रखिए। आज इस बिल में एनजीटी का महत्व बिल्कुल स्पष्ट नहीं हुआ। डिपार्टमेंट की तरफ से इसमें कोई ऑफिसर आ जाएगा कि पन्द्रह हजार रुपये की पैनल्टी लगानी चाहिए, इसके लिए जो ऑफिसर आएगा, उसको संभालने के लिए देना-लेना होगा, वह काम ज्यादा होगा। कई जगह पर ऐसा भी हो सकता है कि जानबूझकर ऑफिसर उसके ऊपर कार्रवाई कर सकते हैं। अगर कार्रवाई के खिलाफ एनजीटी के पास गए, ऐसे ऑफिसर के खिलाफ आप क्या कार्रवाई करेंगे? इसे भी जानने की आवश्यकता है। धन्यवाद।

**ADV. A.M. ARIFF (ALAPPUZHA):** Sir, thank you for allowing me to speak on the Water (Prevention and Control of Pollution) Amendment Bill, 2024 on behalf of CPI(M).

Sir, all of us know that the amount of clean water sources on Earth is alarmingly decreasing. According to the WHO report, many people do not have access to clean water. But the trend of polluting drinking water sources is increasing. It is a truth, Sir. It is important to keep the drinking water clean. But at the same time, industrialisation should also take place for the growth of the country. The State Pollution Control Boards are working to reconcile these two goals. For this purpose, the Government of Kerala has started an initiative known as 'Haritha Keralam', that is, the Green Kerala Project. Under this, various activities are going on in the State of Kerala.

**18.36 hrs** (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

Sir, almost every State of our country is promoting ease of doing business. So, we should understand one thing. All the matters relating to water conservation except inter-State water conservation, come under the State jurisdiction. It is unconstitutional to encroach upon the powers of the State Pollution Control Boards beyond what is stated in a general standard. Sir, this Bill is actually drafted in such a way that it interferes with the guidelines of the State Pollution Control Boards. The Central Pollution Control Board shall not be empowered to cancel the license granted by the State Pollution Control Boards. Therefore, the State Governments are the main stakeholders, and they are the

real owners of the water bodies in the States. So, bringing any amendment against the interests of the State Governments means concentration of the power at the Centre.

Sir, after this Government came into power, the Central Government has enacted a lot of legislations on various matters falling under the jurisdiction of State Governments as specified in the Constitution. I am not going into much detail because of the time constraint. So, I am of the opinion that this legislation should not be passed now. This should be sent to the concerned Standing Committee again for further discussion. With these words, I conclude my speech.

Thank you.

**श्री सय्यद ईमत्याज़ जलील (औरंगाबाद):** माननीय सभापति जी, पिछले सत्र में माननीय अमित शाह जी भारतीय न्याय संहिता, 2023 बिल लेकर आए थे। उसमें हिट एंड रन का कानून था कि अगर कोई गाड़ी चला रहा है और एक्सीडेंट में सामने वाला मर गया, ड्राईवर भाग गया, डर या किसी और वजह से चला गया तो उसके लिए 10 साल की सज़ा का प्रावधान था। देश भर में जब उसका विरोध हुआ तो आपने कहा कि इसे रोक देते हैं। अब आप जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) संशोधन विधेयक लेकर आए हैं, इसके अंदर जितने भी गुनाह करने वाले लोग हैं आप उनको डिक्रिमिनलाइज कर रहे हैं। एक्सीडेंट तो दो लोगों के बीच की बात थी लेकिन पॉल्यूशन तो उससे भी गंभीर बात है। इसका प्रभाव कितने लोगों पर पड़ता है, इसे आप भी अच्छे से जानते हैं। आप इस बिल के ज़रिए कहना चाहते हैं कि 10,000 रुपये से 15 लाख रुपये तक फाइन भरिए, चलते रहिए, काम चलाते रहिए। आप अच्छी तरह से जानते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पॉल्यूशन और पर्यावरण एक बहुत बड़ी चिंता का मुद्दा बन गया है। आप भी इंटरनेशनल और नेशनल लैवल कांफ्रेंसेज़ अटैंड करते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि कानून तो आना ही चाहिए। यह ऐसा मुद्दा है जिसके प्रति लोगों में अवेयरनेस, चेतना और जागरुकता होनी चाहिए और इसलिए सरकार को इस तरफ बहुत ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

आज इस देश के अंदर एनवायरमेंट और पॉल्यूशन रिलेटेड इश्यूज को हैंडल करने के लिए ग्रीन ट्रिब्यूनल बनाए गए हैं। किसी ने कभी सोचा नहीं था कि केवल इस इश्यू पर सेपरेट कोर्ट्स बनाए जाएंगे, लेकिन आज ये ट्रिब्यूनल्स बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। हमारा आपसे यह अनुरोध है कि अब इसका स्कोप बढ़ाया जाए और इसके जितने कोर्ट्स हैं, उनकी संख्या भी बढ़ाने की जरूरत है। अगर हम बिल के बारे में बात करते हैं, तो सेक्शन-48(1), जिसके अंदर ऑफेंसेज बाय गवर्नमेंट डिपार्टमेंट के तहत आपने यह कहा है कि अगर कोई सरकारी विभाग इन नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके हेड ऑफ द डिपार्टमेंट पर कार्रवाई होगी। यह कार्रवाई इतनी बड़ी होगी कि जो हेड ऑफ द डिपार्टमेंट है, उसको केवल एक महीने की जो बेसिक सैलरी है, उसे देना पड़ेगा। अगर यही तर्क लगया जाए, तो

कोई बड़ी फैक्ट्री या कंपनी यदि इसका उल्लंघन करती है, तो हमें मालूम है कि आपके स्टेट बोर्ड से सेंट्रल बोर्ड जाता है किसी बेचारे सुपरवाइजर या छोटे-मोटे मैनेजर को नोटिस जाता है। अगर आप सरकारी डिपार्टमेंट में हेड ऑफ द डिपार्टमेंट को अकाउंटेबल ठहरा रहे हैं, तो किसी बड़ी कंपनी या फैक्ट्री के मैनेजिंग डायरेक्टर या चेयरमैन को इसके तहत क्यों आरोपी नहीं बनाया जा सकता है? वरना आप कहेंगे कि नहीं, आपकी भी एक महीने की बेसिक सैलरी दे दीजिएगा और मामला खत्म हो जाएगा। … (व्यवधान)

मंत्री जी, मैं पूना से आता हूं और यह मुद्दा किसी जाति, मजहब से ताल्लुक नहीं रखता है। मैंने बहुत पॉजिटिव चेंज देखे हुए हैं। मैं पहले पत्रकार था। जब गणेश जी का त्यौहार आता है, तो महाराष्ट्र में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। मैं जब कवर करता था, तो लोग कहते थे कि नहीं साहब, ये हमारे धर्म से जुड़ा है, गणेश जी की मूर्ति का विसर्जन हम नदियों में ही करते हैं। फिर भी आप कोई कानून लेकर नहीं आए। उसके बावजूद भी एक पॉजिटिव डेवलपमेंट पूना जैसे शहरों में देखने को मिलता है। मेरे अपने शहर औरंगाबाद में आर्टिफिशियल लेक्स, पाँड्स बनाए जाते हैं, टैंक्स बनाए जाते हैं और उन मूर्तियों को उनके अंदर डालते हैं। यह एक सोशल अवेयरनेस का नतीजा है कि यहां पर इस तरह का बदलाव देखने को मिल रहा है।

**माननीय सभापति :** कृपया कनक्लूड करें।

**श्री सय्यद ईमत्याज़ जलील :** सर, दूसरी बात यह है कि आप हर घर नल से जल दे रहे हैं। वह जल जो आप दे रहे हैं, वह पॉल्यूटेड है या नहीं है? आप कहेंगे कि नहीं, इसकी जिम्मेवारी फूड एंड ड्रग डिपार्टमेंट की है, महा-नगर पालिकाओं की है, नगर पालिकाओं की है। आपके पास यह पॉवर है कि आप देश भर में अपने स्टेट बोर्ड्स को यह कहें कि बड़े-बड़े शहरों, गांवों में एक मुहिम चलाएं और आप देखेंगे कि जा जल आप हमें दे रहे हैं और जिसका जमकर प्रचार हो रहा है कि हर घर नल। तो नल में जो जल आ रहा है, क्या वह भी पॉल्यूशन फ्री है, इस बारे में जरा देखें। मेरे अपने चुनाव क्षेत्र के बारे में मैं आपको बताता हूं। औरंगाबाद एक ऐतिहासिक सिटी है। अजंता, एलोरा, शिरडी के सांई बाबा के दर्शन के लिए लोग आते हैं। जैसे ही एयरपोर्ट से सुबह फ्लाइट उतरती है, लोग बाहर निकलते हैं तो

उनको अपनी नाक बंद करनी पड़ती है, क्योंकि औरंगाबाद बियर कैपिटल ऑफ महाराष्ट्र हो गया है, क्योंकि बहुत सारी बियर फैक्ट्रीज एयरपोर्ट के करीब में हैं। सुबह इतना पॉल्यूशन होता है कि लोगों को अपनी नाक बंद करनी पड़ती है। मुझे यदि बू आ सकती है, तो आपके स्टेट बोर्ड के अधिकारी ऐसी कौन-सी दफ्ती लगाए हैं, इस पर भी थोड़ा ध्यान दीजिएगा। यही अनुरोध है। धन्यवाद।

**माननीय सभापति** : माननीय सदस्यगण, कृपया ब्रीफ में बोलें। मुझे टोकने की आवश्यकता न पड़े।

*SHRI K. NAVASKANI (RAMANATHAPURAM):** Hon Chairman Sir, Vanakkam. I thank you for giving me the opportunity to speak on the Water (Prevention and Control of Pollution) Amendment Bill. This Amendment Bill is presented in a way proving BJP Government to be against the people and environment. I oppose this Bill as this paves way for easy environmental degradation. This Bill ends in making irregularities legal. This Government, from the day it came to power, has been diluting several Acts besides bringing amendments to make irregularities legal. This bill which you have taken for consideration is the basis of the livelihood of every citizen. If we do not control water pollution, if we do not punish those who exploit natural resources through stringent laws, we would have been seen as disloyal to our future generations. Through this Bill, if you provide concessions to those who engage in irregularities History will not forgive you. The punishment given and the severity of the irregularity has a mismatch. If you permit this, water which is the central point of environment will be polluted once for all.

Through this Bill it is seen that the Government is encouraging everyone to pollute our water bodies. Some of the powers of the State Government have been snatched away through some restrictions. The Central Government wants to prove that it wants to take all the powers in its hands. It is aimed at bringing all the Bills with this motive of centralization of powers. Only when protection of natural resources lies in the hands of State Government it can be effective. As per Section-21 of the existing Act, the State Governments and State Boards have powers. With the amendments being made by you through Sections 25, 26 and

---

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

27 you have ensured centralization of powers. You have diluted all the Sections which are against the nature. It has been proposed in this Bill many exemptions from punishment than ensuring punishments to those who act against environment and environment protection zones. This Government wants to acquire all the powers by bringing a post in the name of Adjudicative Officer. This Officer can be an Officer of the State or Central Government. The Union Government, through this amendment, holds all the powers unilaterally, as it can decide whether an Adjudicative Officer of a State Government can be appointed or not. Through Section 45 C of this Bill, against the actions and judgements of the Adjudicative Officer, one can approach the National Green Tribunal and appeal directly. Hence it is dangerous as a common man has to reach the NGT for redressal of complaints against a big organisation engaged in polluting water bodies.

This Government should understand the limits of a common man in reaching the NGT against the mighty companies involved in pollution related activities. The level of expenditure to be incurred by a common man in his fight against big companies should be considered by the Government. Therefore, this Government should set up a separate Tribunal in this regard. Moreover, the imprisonment clause of this Bill, from 2 years up to 7 years, seems to be less and unclear. As these acts are against humanity and Mother Nature, the term of punishment should be severe and for many years. It is not apt to provide a lesser punishment. Although the existing severe punishments are unable to tackle this issue, it would not be apt to minimize the years of imprisonment. It is said that

those who throw polythene bags are also punished. On one side, you have allowed manufacturing of polythene bags and on the other hand you are punishing those who use it and throw.

I urge that such polythene bag manufacturing industries should be banned permanently rather punishing the general public. As per the 1986 Act, the industries which allow their effluents to be released into a river can be punished. I want to know from you that how many polluting industries have been punished under this provision. This Act should be implemented effectively. I urge upon this Government to increase the fine amount up to 20 lakhs. I also request that a compensation should be provided to those affected victims of environmental pollution, only by collecting this amount from those persons or organisation who commit this mistake. For rejuvenation and cleaning river Ganges, this Government has spent Rs. 12000 Crore. Environmental activists say that even now, river Ganges is in polluted condition. If that is so, what happened to the Rs 12000 Crore spent by this Government in cleaning river Ganges? If you increase the water flow of this river, cleaning will happen so naturally. This was stated by a Professor of Banaras Hindu University named P.T. Tripathi. Ganges flows in several parts of north India. But it gets importance when it flows in Varanasi, as it is the Constituency of Hon Prime Minister. There are several examples to prove that this Government has failed in cleaning river Ganga. National Mission for Clean Ganga, NMCG was set up by the Ministry of Water Resources as per the Environmental Protection Act of August 2021. NMCG faced several challenges. On an experimental basis, a Scheme was implemented in Mathura, to tackle the

various types of effluents and industrial wastes flowing into river Ganges. This Scheme was to purify the polluted river water of Ganges and ensure its reuse by these Industries. I want to ask what the outcome of this Scheme is. How much money was spent under this Scheme? Urge that the way this Union Government gives importance to river Ganges of the north, the south Indian rivers like Cauvery should also be given importance. I want this Bill to be looking into all aspects of prevention and control of water pollution. Thank you for this opportunity.

**डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत) :** आदरणीय सभापति जी, मुझे इस बिल पर बोलने का समय देने के लिए मैं आपका और अपनी पार्टी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। इस जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) संशोधन विधेयक, 2024 पर बोलते हुए मुझे वह दिन याद आ रहा है, आज से लगभग एक वर्ष पहले आप स्वयं हाथ में कुदाल और फावड़ा लेकर कृष्णा नदी का प्रदूषण दूर करने में लगे थे, इसलिए मैं आपका भी बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूं।

आदरणीय सभापति जी, जब से आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी इस देश के प्रधानमंत्री बने हैं, तब से उन्होंने तीन बातों पर बहुत जोर दिया है। शासन में पारदर्शिता हो, सब जगह स्वच्छता हो और हम अपनी विरासत पर गर्व करते हुए विकास की ओर बढ़ें। उसी के तहत जब वह वर्ष 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री बने, अभी यहां पर गौरव गोगोई जी जिस गंगा नदी का जिक्र कर रहे थे, गंगा नदी की स्वच्छता के लिए हजारों-करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। मैं इस देश के आदरणीय जल शक्ति मंत्री और आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी का इसलिए अभिनंदन करना चाहता हूं, क्योंकि आज गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक गंगा नदी को पवित्र किया गया है, शायद आज एक भी गंदा नाला गंगा नदी में नहीं गिरता है। आदरणीय भूपेन्द्र यादव जी पर्यावरण मंत्री होने के नाते, वे जिस प्रकार से पर्यावरण प्रदूषण की समस्याओं से दूर कर रहे हैं, इस बिल को लाने के लिए मैं उनका भी बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूं।

आदरणीय सभापति जी, जैसा मैंने कहा कि जब नरेन्द्र मोदी जी इस देश के प्रधानमंत्री बने थे, तब 'राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन' (नमामि गंगे) चलाया गया था। उसमें हमें जो सफलता मिली है, न केवल गंगा नदी, बल्कि उसके बेसिन की जितनी भी नदियां हैं, उन सबको साफ करने का अभियान चलाया गया है। वर्ष 2019 में एक नया मंत्रालय भी बनाया गया। अभी गौरव गोगोई जी यह कह रहे थे कि हजारों-करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि वर्ष 2004 से लेकर 2014 तक गंगा नदी को स्वच्छ करने के लिए जो 'गंगा रिजूवनेशन प्लान' बनाया गया था, उसके ऊपर भी एक 'श्वेत पत्र' (व्हाइट पेपर) जारी करने की जरूरत है, ताकि पता चले कि वह पैसा कहां गया। तब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा कि उन्होंने कितना पैसा खर्च किया था और

उसका परिणाम क्या निकला। हमने कहां पैसा खर्च किया है, आज उसका परिणाम पूरी दुनिया के सामने है।

आदरणीय सभापति जी, कौटिल्य ने अर्थशास्त्र लिखा था। अगर हम विशेष रूप से उस जमाने की बात करें, तो उन्होंने कहा था कि तीन तरह के प्रदूषण होते हैं। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और जमीन का प्रदूषण। उन्होंने कहा था कि इन तीनों को अलग-अलग नहीं किया जा सकता है। यहां पर आदरणीय पर्यावरण मंत्री जी बैठे हुए हैं। हम तीनों प्रदूषणों को अलग-अलग टैकल नहीं कर सकते हैं। अगर वायु प्रदूषण होता है, तो हम कम साधनों से उस प्रदूषण को दूर कर सकते हैं। अगर जल प्रदूषण होता है, तो उस प्रदूषण को दूर करने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है। अगर जमीन का प्रदूषण हो जाए, तो उस प्रदूषण को दूर करने में वर्षों लग जाते हैं।

कौटिल्य ने यह भी लिखा है कि वायु प्रदूषण करने वाले, जल प्रदूषण करने वाले या जमीन का प्रदूषण करने वाले लोगों को क्या-क्या सजा मिलनी चाहिए। इसलिए हमें अर्थशास्त्र को भी देखना चाहिए कि उस जमाने में चाणक्य ने जो बात कही थी, उन्होंने इस बात पर बहुत जोर दिया था। अगर वायु गंदी या प्रदूषित होगी, तो जल भी प्रदूषित होगा। अगर जल प्रदूषित होगा, तो भी वायु प्रदूषित होगी। अगर जल और वायु दोनों प्रदूषित है, तो जमीन भी प्रदूषित होगी। हमें इस बात को अपने ध्यान में रखने की जरूरत है। इसलिए हमारे पूर्वजों ने इस बात पर बहुत जोर दिया था कि प्रत्येक व्यक्ति और गृहस्थ का सबसे बड़ा कर्तव्य यह होना चाहिए कि वह जितनी भी गंदगी करता है, कोई कितना भी अच्छा हो, कितना भी बड़ा हो, कोई कितने ही बड़े पद पर बैठा हो, वह रोज पर्यावरण को गंदा करता है। इसलिए उन्होंने कहा था कि रोजाना यज्ञ या अग्निहोत्र करना चाहिए।

कुछ लोगों को लगता होगा कि अग्निहोत्र एक धार्मिक चीज है। ये पर्यवारण को साफ करने या पर्यावरण की सफाई करने का एक बहुत ही वैज्ञानिक तरीका है। ये हजारों-लाखों वर्षों से हो रहा है। इसलिए हमारे शास्त्रकार कहते हैं कि पांच तत्व होते हैं। दुनिया पांच तत्वों से बनी है। आप जल को प्रदूषित कर सकते हो, वायु को प्रदूषित कर सकते हो, आप जमीन/पृथ्वी को प्रदूषित कर सकते हो,

आज आकाश भी प्रदूषित हो रहा है, इतने सैटेलाइट्स इत्यादि चल रहे हैं, लेकिन चाहते हुए भी इस दुनिया का कोई भी व्यक्ति अग्नि को प्रदूषित नहीं कर सकता है।

इसलिए प्रदूषण को दूर करने के लिए उन्होंने कहा कि अग्नि का प्रयोग करना चाहिए और उन्होंने यज्ञ के लिए कहा। हमारे शास्त्रकार कहते थे कि देवानाम अग्निमुखम, देवों का जो मुख है, वह अग्नि है। हमें उसमें भोग लगाने की जरूरत है। हमारे गुप्त काल में कालिदास ने लिखा है, जिसको इतिहास का स्वर्णिम काल कहते हैं। उस जमाने में स्वच्छता थी, पर्यावरण साफ था। वे उस जमाने में कहते थे कि – मलीनता हर्वि धूर्मेषू। केवल यज्ञ मात्र के धुएं से … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** सात मिनट हो चुके हैं।

… (व्यवधान)

**श्री राजीव प्रताप रूडी :** अभी तो प्रस्तावना है।

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्य, विद्वान व्यक्ति हैं, वह बहुत बोल सकते हैं, लेकिन समय की सीमा है।

**डॉ. सत्यपाल सिंह :** सर, मैं समय कम कर रहा हूं। जो मूल समस्या मैं कह रहा था और मुझ से पहले वक्तओं ने इस बात को कहा है कि उद्योगों की समस्या है, इंडस्ट्रीज़ की समस्या है, क्योंकि उनका प्रदूषण जाता है। हम लोगों ने एसटीपी की बात की है, लेकिन यह बात भी सही है कि बहुत जगहों पर एसटीपी चलना चाहिए, लेकिन वह नहीं चलता है। दिन में एसटीपी चलता है, रात को एसटीपी बंद कर देते हैं। कैमिकल इंडस्ट्रीज़ है, फार्मा की इंडस्ट्रीज हैं, शुगर की इंडस्ट्रीज हैं, पेपर की इंडस्ट्रीज हैं। पेपर की इंडस्ट्री पानी को बहुत प्रदूषित करती है। तालाब की बात करते हैं, तो गांवों में तालाब आजकल गंदे हो गए हैं, क्योंकि घरों की गंदगी उसके अंदर जाती है। हमें उस पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

महोदय, यहां फर्टिलाइजर पेस्टीसाइड्स का जिक्र किया है। आज वह जमीन को किस प्रकार प्रभावित कर रहा है। जैसा मैंने कहा है कि अगर जमीन प्रदूषित होगी तो जल भी प्रदूषित होता है। हमें उस पर ध्यान देने की जरूरत है। मृत शरीर को कुछ जगहों पर करते हैं। यहां पर आदरणीय मंत्री

महोदय बैठे हुए हैं । हम स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड या सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड है, ये बात प्रैक्टिस में देखी गई है कि जिस प्रकार से जो इंडस्ट्री जल को प्रदूषित करेगी, उसके लिए हम लोगों ने सजा का प्रावधान किया है। हमारे अधिकारी हैं, जिनकी कॉग्निजेंस में है, अमरोहा के पास में एक बहुत बड़ी कैमिकल इंडस्ट्री है । उसका डिस्चार्ज जिस प्रकार से जमीन के अंदर जाता है, इसको भी हमें देखने की जरूरत है । कई बार डेटा फज किए जाते हैं । हमारे इस कानून के अंदर इस बात को भी ध्यान देने की जरूरत है।

महोदय, मैं बागपत की एक छोटी सी बात करना चाहता हूं। हमारे यहां हिंडन और कृष्णा नदी है । वहां 6 जिलों के अंदर 122 गांव हैं । नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने आदेश दिया है कि वहां ग्राउण्ड वाटर इतना कंटेमिनेटेड हो गया है कि लोगों के अंदर अलग-अलग तरह की बीमारियां फैल रही हैं। वहां पर हैंडपंप उखाड़े जा रहे हैं। वहां पर कुछ व्यवस्था की जाए। … (व्यवधान) मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त कर देता हूं। दुनिया में जितने भी प्रदूषण हैं, अगर सबसे बड़ा कोई प्रदूषण दुनिया के अंदर है, वह माइंड का पॉल्यूशन है और इसलिए ही तो गड़बड़ हुई है । उन्होंने 60 साल में जितना प्रदूषण किया है, उसको निकालने के लिए समय तो लगेगा ही। इसलिए मैं कह रहा हूं कि सब प्रदूषणों का इलाज करना चाहिए, लेकिन माइंड के प्रदूषण का भी इलाज करें। इसलिए हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री मोदी जी नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लाए हैं, जिससे इंडियन एजुकेशन सिस्टम पर ध्यान दिया जाए, संस्कारों पर ध्यान दिया जाए। … (व्यवधान) मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं।

*SHRI GURJEET SINGH AUJLA (AMRITSAR):** I thank you, Chairman Sir, for giving me the opportunity to speak on Water (Prevention and Control of Pollution) Amendment Bill, 2024.

Sir, water pollution is due to effluents of industries, garbage of Municipal Corporations and residential pollutants and dairy pollutants flowing into river waters via drains. Sir, the Government has done away with jail term and imposed a penalty on water pollution. You have provided the industries a free hand to spill their effluents anywhere in the water. Sir, today in Punjab, Buddha Nullah in Ludhiana is there. The Beas and Sutlej rivers are being polluted. The factories are openly discharging their polluted chemical effluents in our rivers.

In Amritsar too, several drains are there. These drains are also spilling pollutants in the water. Municipal Corporation is there. Pollution checking department too is there. But, on one is trying to control water pollution.

That Ministry is considered good which has a huge budget. Because corruption and misappropriation of funds happens in such a Ministry. If Departments check pollution, there would be no dirty drains in the country. In Delhi, some stench-filled drains are there in Paharganj and other areas. Same is the condition of Mumbai.

Sir, 10 years have passed. The Government claims that it has cleaned rivers Ganga and Yamuna. But the Government has done nothing to check the source of pollution. The pollution checking department officials should be

* English translation of the speech originally delivered in Punjabi.

penalized. Those who are not doing their jobs properly, their jobs should be terminated. Useless officials in this department should be suspended.

Sir, Punjab is the land of five rivers. The SYL issue is a major issue in Punjab. In 1955, we had several billion cubic metric water with us. In 1966, Punjab was divided and Haryana came into existence. They demanded 5.9 billion cubic metric water. At that time, we had ample water. But, now, water has got reduced in Punjab. Sir, I am speaking on a relevant issue. It pertains to this Bill. The NGT should intervene and issue directives.

Sir, our dirty drains in Punjab should be cleaned. The Bhakra dam is there. It should be desilted. Rivers too should be desilted. A 1700 crore project is there. Silt adds to the pollution.

Sir, the rights of States should be protected.

Thank you.

**19.00 hrs**

**SHRIMATI SARMISTHA SETHI (JAJPUR):** Sir, thank you for giving me the opportunity to speak on this important legislation.

Since 1974, when the Water Prevention and Control of Pollution Act was enacted, no comprehensive efforts have been made till date to address the loopholes in the law vis-à-vis the present challenges. The primary objectives of the Act were to provide for the prevention of water pollution, and cater to the maintenance and restoration of the water bodies. However, the Act suffers from various drawbacks. It is silent about the groundwater management policies, and fails to deal with the indiscriminate tapping of ground water.

Over the past few decades, the country has seen rapid urbanisation and industrialisation causing pollution loads which are higher than ever. Subsequently, the quality of Indian water bodies has declined drastically and many water bodies have been lost or have shrunk considerably due to encroachment or pollution-induced eutrophication.

Therefore, this Amendment Bill is very relevant. Under the Indian Constitution, the Judiciary has included the right to clean water and environment under the ambit of articles 21, 48, and 51(g) of the Constitution of India. The court has observed that right to clean water is a part of the basic necessity of the human right to life and the State is duty-bound to prevent water from getting polluted. In the leading case of M. C. Mehta versus the Union of India, the court held that preventing water of river Ganga from being polluted was the need of the hour.

In 2021, the Parliamentary Standing Committee on Water Resources had flagged the fact that as many as 48,900 rural habitations were affected by water contamination due to arsenic, fluoride, iron, nitrates, heavy metals and high salinity. The Parliamentary Panel recommended the Department to focus its attention on these habitations.

On these backgrounds, the Amendment Bill seeks to find remedies in the existing law. Firstly, the Bill intends to streamline the appointment of key officials of the State Board. The second major Amendment is to decriminalise the penal provisions, allowing citizens and businesses to function without fear of imprisonment for minor technical or procedural errors. I welcome these provisions on behalf of my Party, Biju Janta Dal.

In this regard, I would like to say that we should not stop with this legislation. We should be proactive so far as protecting our water bodies is concerned. The State Government of Odisha under the able leadership of hon. Chief Minister, Shri Naveen Patnaik, has initiated the process to set up a State Water Informatics Centre (SIIC), a body dedicated to handle and monitor water resources data from flood water, ground water, surface water and rainwater among others. The State Government is also actively working on rolling out safe drinking tap water supplies.

Water Corporation of Odisha (WATCO), an ISO certified, Government of Odisha owned, not-for-profit company started its journey working with only three Urban Local Bodies in 2019. By March 2023, it is now operational in 29 Urban

Local Bodies covering more than 65 per cent of total urban population of the State towards drinking water supply and sewage management.

It is likely to cover all 115 ULBs of the State in the following years.

Sir, there is an urgent need for preventing our streams, reservoirs, rivers, lakes from being polluted. If the systemic weaknesses associated with the governance structure are not addressed, there is not going to be any benefit from any amendments. India needs a robust monitoring and enforcement system that can detect and arrest pollution at the source. The Government must ensure strong, transparent, and accountable mechanisms that strengthen the policy and achieve its objectives.

With these words, I conclude. Thank you.

**श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर):** सभापति जी, धन्यवाद। मैं सबसे पहले यह बताना चाहता हूँ कि मैं इस बिल का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूँ। हम जानते हैं कि हम सब के लिए जल कितना उपयोगी है। हम सभी के जीवन में जल बहुत महत्वपूर्ण है। वर्तमान परिवेश में जल संरक्षण एवं जल प्रदूषण दोनों ही बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। केन्द्र सरकार ने इस बिल के माध्यम से इन दोनों मुद्दों के स्थायी समाधान की एक नई दिशा दी है। मैं इसके लिए माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा।

इस बिल के द्वारा जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 में संशोधन करके इसे जल के क्षेत्र में आने वाली सभी समस्याओं के उचित समाधान हेतु पहले से ज्यादा कामगार बनाया गया है। इस अधिनियम के अनुसार चाहे उद्योग हो या चाहे संयंत्रों की स्थापना हो, उनके लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की पूर्व सहमति आवश्यक है। इसके लिए जल निकाय सीवर या भूमि सीवरेज के होने की संभावना है। इस अधिनियम के अंतर्गत राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष को राज्य सरकार द्वारा मनोनित किया जाएगा। नए विधेयक के प्रावधान के अनुसार अध्यक्ष की सेवा और शर्तों को केन्द्र सरकार निर्धारित करेगी। इस विधेयक के अंतर्गत जलाशयों के लिए प्रदूषण तत्वों को छोड़ने से जुड़े हुए प्रावधानों का उल्लंघन करने पर 15 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

सभापति जी, यह विधेयक बहुत जरूरी है। मैं यह बात इसलिए बता रहा हूँ, क्योंकि केन्द्र की सरकार ने पिछले 10 सालों के अंदर पंजाब की सतलुज नदी को साफ करने के लिए, उसमें ट्रीटमेंट प्लांट लगवाने के लिए 774 करोड़ रुपये की राशि दी थी। सतलुज नदी पर आज एक भी एसटीपी प्लांट नहीं लगा है। एनजीटी के बार-बार आग्रह करने के बाद भी पंजाब सरकार ने प्लांट नहीं लगाया। जब आपकी सरकार थी और आज जो सरकार है, मैं उसकी ही बात कर रहा हूँ। वहां पर एक प्लांट भी नहीं लगने के कारण सतलुज नदी का पूरा पानी खराब हो रहा है। वहां पर एक शुगर मिल बनी हुई है। उसका एक बार बायलर फटा, जिससे इतना प्रदूषण हुआ कि पूरा केमिकलयुक्त गंदा पानी नदी में आ गया और नदी की सारी की सारी मछलियों की मौत हो गई। आज उसका पानी पूरा राजस्थान पीता है। आज राजस्थान के अंदर गंग, भाखड़ा और राजस्थान कैनाल, तीनों का पानी हम पंजाब से ले रहे हैं। आज पंजाब में जितने भी सीवेज के प्लांट्स लगे हैं, उनमें से एक प्लांट पर भी एसटीपी का

काम पूरा नहीं हुआ। यह कानून इसलिए बना है, क्योंकि उनको पाबंद किया जाए और सभी स्टेट्स को शुद्ध पानी मिले।

धारा 25 और 27 का इसमें प्रावधान किया गया है। उस पर और ज्यादा कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। मैं इस बिल के माध्यम से पूरे देश को बताना चाहूंगा कि जब कांग्रेस पार्टी का यहां पर राज रहा तो दिल्ली में एक सहाबी नदी थी, वह आज नाला बनकर रह गई है। मुम्बई में एक मीठी नदी थी, वह आज नाला बनकर रह गई है। पूरे हिन्दुस्तान के अंदर चैन्नई एक ऐसी जगह है, जहां पर अंडरग्राउंड वाटर बिल्कुल खत्म हो गया है। वहां पर एक हजार फीट तक बिल्कुल भी पानी नहीं है। मैं आपके माध्यम से सिर्फ इतना कहना चाहूंगा कि हर 9 में से एक व्यक्ति को पीने का पानी, जो असुरक्षित स्रोतों से मिलता है, उसको अगर ठीक करने का काम करें तो आज जो बिल आ रहा है, वह भी ठीक प्रकार से काम करेगा। इसके अलावा 90 प्रतिशत सीवेज, जो जल निकायों से प्रवाहित किया जाता है, उसे भी ठीक करने का काम करेगा। हर दिन 2 मिलियन टन सीवेज और अन्य पदार्थ जल निकायों में छोड़े जाते हैं, उसको भी यह ठीक करने का काम करेगा।

अनुमानित हर साल तीन सौ से चार सौ मेगाटन औद्योगिक कचरा निकायों में छोड़ा जाता है, यह उसको भी ठीक करेगा।

सभापति जी, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सीपीसीबी के अनुसार 61 प्रतिशत शहरी सिवरेज के बिना उपचार की नदियों और अन्य निकायों को छोड़ दिया जाता है, उसको ठीक करने का काम यह बिल करेगा। सीपीसीबी के अनुसार भारत के 276 जिले हैं, उनके नीचे के पानी में फ्लोराइड और आर्सेनिक आ गया है, उसको यह ठीक करेगा। इसलिए इस बिल का होना बहुत जरूरी है। मैं इस बिल का समर्थन करता हूं। आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया है, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा श्रम और रोजगार मंत्री (श्री भूपेन्द्र यादव):** सम्माननीय सभापति महोदय, आज इस महत्वपूर्ण विधेयक पर 21 माननीय सदस्यों ने भाग लिया है। सभी ने पर्यावरण के प्रति अपनी संवेदना और विषयों को लेकर चिंता जाहिर की है। सबसे पहले मैं इस चर्चा में भाग लेने वाले सभी माननीय सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। ज्यादातर माननीय सदस्यों ने इसके विरोध में बोला तो उनके मन में एक संशय था। वह संशय यह था कि क्या इस बिल के माध्यम हम पर्यावरण प्रदूषण के प्रावधानों को कमजोर तो नहीं कर रहे हैं? क्या यह बिल फेडरल स्ट्रक्चर को कमजोर तो नहीं कर रहा है?

माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन को यह बड़े विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में यह सरकार पर्यावरण की सुरक्षा और संघीय ढांचे की बुनियाद को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है और दोनों ही विषयों का हमने इस बिल में पूरा ध्यान रखा है। हम वर्ष 1974 में जो कानून लेकर आए। इस कानून में एक ऐसा प्रोविजन किया गया था कि जो साधारण प्रवृत्ति के भी जो उल्लंघन थे या जो सामान्य प्रकृति के जो उल्लंघन थे, उसमें भी सजा का प्रावधान था। हम लोग गरिमापूर्ण जीवन के लिए, यह ठीक है कि सभी लोगों को अवसर दें, लेकिन अवसरों को कानूनी मकड़जाल से भी निकालना चाहिए। जैसे अब धारा 20 में प्रावधान था कि अगर जल निकासी से संबंधित जानकारी आपने अपने फॉर्म में नहीं भरी, तो आपके लिए जेल का प्रावधान है। धारा 32, 33 और 33(ए) के अंतर्गत जारी आदेशों का उल्लंघन, जो यद्यपि सामान्य प्रकृति से थोड़ा हो सकता है, लेकिन हर चीज के लिए कोर्ट में जाना और कोर्ट में जाना मतलब कितना चक्कर लगाना पड़ता है, कितने ऐप्लिकेशंस लगाने पड़ते हैं और उसका सॉल्युशन क्या है? इसलिए हमने जानकारियों के जो सामान्य विषय हैं, उनको कोर्ट के सजा के प्रावधान को निकाल कर, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के नाते उस पर दंड लगाने का प्रावधान किया है। अभी कई लोगों के मन में यह प्रश्न आया। प्रतिमा मंडल जी भाषण दे रही थीं, तब वह यह विषय उठा रही थीं कि इसमें नॉन-कॉम्पलायंस होगा। सामान्यत: यह कहा जाता है कि न्याय मिलने में देर है, पर अंधेर नहीं। पर वास्तव में, देर अपने-आप में ही अंधेर है। देर भी क्यों होनी चाहिए? जो भी प्रकियाओं

का पालन नहीं किया है, तो डिक्रिमिनलाइजेशन से कानूनी डर, केवल जेल दिखा देने से डर नहीं है। अगर ईज ऑफ डूइंग और ईज ऑफ लिविंग है, तो लोगों को साथ लेकर चलना पड़ेगा। लोगों को कानून के साथ चलने के लिए एक भावना जागृत करनी पड़ेगी। इसलिए हमने इसमें केवल पेनाल्टी का प्रावधान किया है। जब पेनाल्टी के प्रावधान पर चर्चा हो रही थी तो कुछ लोगों को लगता है कि इसमें अधिकारियों को शक्ति तो नहीं आ जाएगी या पेनाल्टी का मनमाना प्रयोग तो नहीं करेंगे। गोगोई जी कह रहे थे कि आप रूल्स बताइए। आप पुराने माननीय सांसद हैं। आप संसदीय प्रक्रिया को जानते हैं। आपको पता है कि कानून के द्वारा संसद सरकार को शक्ति देती है। अगर हम कोई रूल भी लेकर आएंगे तो वह भी संसद से बाहर कैसे ला सकते हैं? वह तो सबोर्डिनेट लेजिस्लेशन होता ही है। उसकी प्रक्रिया है। अगर आप हर बार छोड़ कर, वाक आउट करके हंगामा ही करते रहोगे तो प्रक्रिया पढ़ने का समय भी आपको कब मिलेगा? आप प्रक्रिया पढ़िये। प्रक्रिया के अनुसार जब सबोर्डिनेट लेजिस्लेशन रखा जाता है, तो उस समय भी विषय रखा जाता है। लेकिन मैं यह पूरे तरीके से आश्वास्त करना चाहता हूं कि जो भी नियम इसके अंतर्गत बनाए जाएंगे, उसमें पूरी जांच-पड़ताल होगी। अगर कोई उल्लंघन करेगा तो उसके जो एविडेंस है, उससे पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद और हमारे रूल्स में संबंधित व्यक्ति को सुनवाई के पूरे तरीके से अवसर दिए जाने के प्रावधान किए जाएंगे। इसलिए जब रूल्स में ये प्रावधान किए जाएंगे तो यह नेचुरल जस्टिस का सिद्धांत होता है कि ऐसे रूल्स बनाने के बाद फिर भी अगर किसी व्यक्ति का ग्रीवेंस है, तो उसके अपीलेट राइट होने चाहिए। जब हम कोई भी कानून बनाते हैं, तो उसके इम्प्लिमेंटेशन, एग्जिक्यूशन के बाद किसी व्यक्ति को अपीलेट अथॉरिटी में जाने का अवसर होना चाहिए। अपीलेट अथॉरिटी में जाने का अर्थ यह है कि अपीलेट अथॉरिटी के अधिकार को एनजीटी को देने का काम किया गया है।

**<u>19.16 hrs</u>** (Hon. Speaker *in the Chair*)

जो एडजुडिकेटिंग अधिकारी है, वह भी जॉइंट सेक्रेटरी के स्तर का बनाने का प्रावधान किया गया है। देश में जब भी कोई प्रशासनिक अधिकारी प्रशासन को संभालते हैं तो वह एसडीएम, डीसी, डायरेक्टर लेवल पर आने के बाद जब जॉइंट सेक्रेटरी के स्तर पर आते हैं तो एक तरीके से उनके

अंतर्गत उनकी प्रशासनिक क्षमताओं में अपीलेट बॉडी की पूरे तरीके से क्षमता की जाएगी। अपीलेट को चीजें डिसाइड करने की क्षमता होती है, इसलिए अधिकारी का चुनाव हमने इसके अंतर्गत जॉइंट सेक्रेटरी के लेवल का किया है।

फिर यह प्रश्न उठता है कि जब आपने पूरे तरीके से डीक्रिमिनलाइज कर दिया तो फिर एक सेक्शन को क्यों छोड़ दिया। हमारा यह मानना है कि कानून का पालन करने के बाद सभी लोगों को उसको पूरे तरीके से लागू करने का अवसर दिया जाना चाहिए। लेकिन इसका अर्थ यह भी नहीं है कि कोई व्यक्ति कानून ही अपने हाथ में ले लें। उसका अपना जो इंडस्ट्रियल वेस्ट है, जब वह इंडस्ट्रियल वेस्ट का, ग्राउंड वाटर का पॉल्यूशन करता है तो उसको अपनी पूरी क्षमताओं को देना चाहिए। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि वह बिना सरकार की जानकारी के, बिना कंसेंट टू ऑपरेट के अपने आप ही इंडस्ट्री शुरू कर दे। हमने केवल ऐसे विषयों को सजा के अंतर्गत रखा है।

डीएमके के कथीर आनन्द जी एक विषय के बारे में कह रहे थे। वह कह रहे थे कि आप तो स्टेट के जो पॉल्यूशन बोर्ड्स हैं, उनको गाइडलाइन दे रहे हो। आप उनके ऊपर फोर्स कर रहे हो। उनके चेयरमैन कौन होंगे, वह फोर्स कर रहे हो। ऐसा नहीं किया जा रहा है। केवल एक गाइडलाइन और मानक तय किए जा रहे हैं। आखिर देश में हम ईज ऑफ लिविंग, ईज ऑफ डूइंग का काम करना चाहते हैं और देश में सब जगह स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड हैं। स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड – यह कोई पॉलिटिकल नियुक्ति नहीं है। पॉलिटिकल अपॉइंटमेंट का प्रोसेस जरूर है। लेकिन अगर हमें पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड में कम्पीटेंट लोग, एक स्टैंडर्ड के लोग, एक योग्यता वाले लोग, केवल मनमाने तरीके से नहीं, बल्कि अगर उसका एक समकक्ष, एक समान प्रावधान होगा तो अच्छा होगा। इंडस्ट्रियलाइजेशन एक ही सेक्टर में, एक ही जगह क्यों नहीं होना चाहिए? हमें पूरे भारत में इंडस्ट्रियलाइजेशन लाना चाहिए और उस स्टैंडर्ड के लोग आने चाहिए। हमने केवल मानक तय किए हैं कि जो भी स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के चेयरमैन बनेंगे, उनकी योग्यता यह होनी चाहिए। उस योग्यता में नियुक्ति का अधिकार तो राज्य सरकारों को ही रहने वाला है। लेकिन उसके लिए एक गाइडलाइन तय करने का विषय है।

फिर गोगोई जी कह रहे थे कि आप किसको एग्जम्प्शन करेंगे। हम कुछ इंडस्ट्रीज़, जो केवल ग्रीन इंडस्ट्रीज़ हैं, हम उनको एग्जम्प्शन देंगे, लेकिन वह एग्जम्प्शन भी पूरे तरीके से नियमों के अंतर्गत किया जाएगा। वह एग्जम्प्शन मनमाना नहीं है। यही तो रूल्स हैं। यही हमारा सबोर्डिनेट लेजिस्लेशन है।

एक आशंका और उठती है और कई सदस्यों ने अपनी बातचीत में भी यह कहा कि यह जो फाइन आएगा, इसका डिस्ट्रीब्यूशन किस तरीके से होगा। हमारी सरकार पूरे तरीके से कोऑपरेटिव फेडरलिज्म में विश्वास करती है। जो भी पैसा आएगा, उसका 75 प्रतिशत पैसा पुन: राज्यों को ही दिया जाएगा। राज्यों से अपेक्षा की जाएगी कि यह जो पैसा आया है, जो नियम है, अपने नियमों के अंतर्गत उस पैसे को अपने राज्य में लगाने के विषय को आगे बढ़ाए।

फिर एक विषय आया कि इतना अमेंडमेंट करने के बाद हम इस रेगुलेटरी मेकेनिज्म को कैसे आगे ले जाएंगे? मैं आपको यह कहना चाहता हूं कि इस मेकेनिज्म के साथ हमने जो एडजुडिकेटिंग ऑफिसर का प्रावधान किया है, उस एडजुडिकेटिंग ऑफिसर को यह पावर होगी कि वह रेगुलेशन वगैरह निकाले।

श्री प्रेमचन्द्रन जी बहुत ही सीनियर मेम्बर हैं। वे कह रहे थे कि आपने तो बताया ही नहीं कि किन राज्यों ने पास किया, कब पास किया। मुझे लगता है कि वे तो सबसे ज्यादा बिल पढ़ने वाले व्यक्ति हैं। जब उन्होंने बिल को पढ़ा होगा, तो जो बिल का स्टेटमेंट ऑफ ऑब्जेक्ट है, उसमें हमने स्पष्ट रूप से लिखा है कि

> "And whereas in pursuance of clause (1) of Article 252 of the Constitution read with Clause (2) thereof, Resolutions have been passed by the Legislative Assemblies of the States of Himachal Pradesh and Rajasthan to the effect that the said Act should be amended by an Act of Parliament for the purposes hereinafter appearing."

इसमें तो लिखा है। हिमाचल प्रदेश में तो कांग्रेस की सरकार है और वहाँ हाल ही में दिसम्बर में पास हुआ है। राजस्थान में भाजपा की सरकार है। इसलिए यह कोई पॉलिटिकल विषय नहीं है।

**माननीय अध्यक्ष :** वहाँ तो कांग्रेस की सरकार के समय ही उन्होंने पास किया था।

**श्री भूपेन्द्र यादव :** नहीं, अभी किया गया है।

**माननीय अध्यक्ष :** अभी किया गया है।

**श्री भूपेन्द्र यादव :** इसी बजट सेशन में पास किया गया है।

यह कोई पॉलिटिकल विषय नहीं है। राज्य सरकारों को भी पता है कि कंसेंट टू ऑपरेट के लिए किस प्रकार की परेशानियाँ आती हैं और इंडस्ट्रीज को किस प्रकार की परेशानियाँ आती हैं। ओवरऑल वॉटर को मेनटेन करने का जो विषय है, जैसा कि पंजाब के गुरजीत जी कह रहे थे, वह मुख्यत: जल शक्ति मंत्रालय का विषय है। यहाँ केवल वॉटर के पॉल्यूशन के संबंध में जो विषय है, हमारा उतना ही लिमिटेड विषय है। इसलिए यह सभी राज्यों के द्वारा एक लम्बे समय से मांग की जा रही थी और इस मांग को पूरा करते हुए ही हम लोगों ने इस विषय को आगे बढ़ाया है।

मैं माननीय सांसदों से कहना चाहता हूँ कि पर्यावरण एक बड़ा विषय है। जैसा कि सुप्रिया जी बोल रही थीं कि हमें एआई का इस्तेमाल करना चाहिए। लेकिन मेरा मानना यह है कि एआई से ज्यादा ईक्यू होना चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से आप डाटा इकट्ठा कर सकते हैं, लेकिन ईक्यू का अर्थ है कि जब तक हमारे मन में एंवायरमेंटल कांससनेस नहीं आएगी, तब तक एआई का कोई फायदा नहीं होगा। देश के स्कूल्स में, देश के कॉलेजेज में एंवायरमेंटल कांससनेस होनी चाहिए।

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर) :** ईसी होनी चाहिए।

**श्री भूपेन्द्र यादव :** जी हाँ, ईसी होनी चाहिए। कॉससनेस से ज्यादा कांससनेस होनी चाहिए।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ग्लासगो में, पूरी दुनिया को पर्यावरण संरक्षण के लिए 'मिशन लाइफ' का मंत्र दिया। उन्होंने एंवायरमेंट फ्रेंडली लाइफ स्टाइल की बात की।

हम यह जानते हैं मिटिगेशन मेजर्स गवर्नमेंट के द्वारा लागू किये जा सकते हैं। सोसायटीज के द्वारा भी एडेप्टेशन मेजर्स किये जा सकते हैं। लेकिन वास्तव में, एंवायरमेंट को बचाने का जो विषय

है, वह इस समय दुनिया में सबसे ज्यादा mindful consumption rather than mindless consumption की तरफ हम जा रहे हैं। इसलिए Mindful utilisation of natural resources, यह बहुत बड़ा विषय है।

इसलिए जल प्रदूषण केवल इंडस्ट्रीज के कारण ही नहीं है, बल्कि यह माइक्रो प्लास्टिक्स, गांवों में तालाबों के प्रदूषित होने के कारण भी है। जैसा कि माननीय सांसद इम्तियाज जलील जी अपने क्षेत्र में बीयर फैक्ट्री के कारण पानी की दुर्गंध के विषय में कह रहे थे, जो इंडस्ट्री के द्वारा जरूरत से ज्यादा पानी लेने, जल प्रदूषण की मॉनिटरिंग और वेस्ट पर नियंत्रण न होने के कारण है।

माननीय सदस्यों की जो चिन्ताएं हैं, वास्तव में ये चिन्ताएं एक सामन्य नागरिक की भी है। मैं उसका सम्मान करता हूँ। मैं उससे अच्छी तरह से वाकिफ हूँ। इसके लिए हमारे मंत्रालय के द्वारा जो विशेष रूप से काम किया गया है, उसके तहत हम सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को रिवाइज़ और अपडेट कर रहे हैं।

मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स के द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत भी बहुत बड़े फंड का प्रावधान किया गया है। गंगाजी के एवं बाकी जगहों के बारे में आप जो समस्याएं बता रहे हैं, उनके लिए लिक्विड डिस्चार्ज से संबंधित रूल्स पर भी हमारा मंत्रालय काम कर रहा है।

मैं यह कहना चाहता हूँ कि आने वाले समय में जल प्रदूषण को हम और भी कारगर तरीके से रोक पाएंगे, विशेष रूप से श्मशान भूमि के आसपास नदियों में होने वाले प्रदूषण के लिए भी नियम बनाये जा रहे हैं। जहाँ जागरुकता फैलाने का प्रश्न है, तो हम 'मिशन लाइफ' के लिए काम कर रहे हैं।

मैं माननीय सदस्यों से कहना चाहता हूँ कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमने देखा है कि वर्ष 2014 में, जब से 'नमामि गंगे' प्रोजेक्ट शुरू हुआ है, श्री गोगोई जी ने बार-बार उसका उल्लेख किया है। 'नमामि गंगे' प्रोजेक्ट के अंतर्गत हमने एक कंप्रिहेंसिव प्लान तैयार किया है। मिनिस्ट्री ऑफ वॉटर रिसोर्सेज उस विषय पर काम कर रही है। लेकिन उसमें भी monitoring of water quality,

performance of sewage treatment plant, common effluent treatment plant etc., जो विषय हैं, उनको पूरी तरह से लागू करने का हमने प्रयास किया है।

एक विशेष योजना जो सरकार के द्वारा दी गई थी। जल जीवन मिशन से लेकर, जल शक्ति अभियान, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई अभियान, अटल भू-जल योजना, मिशन को तो किया ही है, लेकिन आजादी के 75 साल पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री जी के द्वारा अमृत सरोवर के एक विशेष अभियान को दिया गया था। हर जिले में 75 अमृत सरोवर की बात की गई थी। अमृत सरोवर के लिए बहुत अच्छा कार्य हुआ और एक लाख 9 हजार ऐसी वाटर बॉडीज चिन्हित की हैं। भारत दुनिया के साथ भी कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। यही कारण है कि दुनिया में अच्छी झीलों के संरक्षण के लिए जो रामसर साइट्स की जो कन्वेंशन है, मुझे यह बताते हुए खुशी है कि आजादी के जब 75 वर्ष हुए तो हमारे देश की जो 75 लेक्स हैं, उनको हमने रामसर साइट्स का दर्जा दिलाया। इस बात तो 2 तारीख को जब वर्ल्ड वेटलैंड डे हुआ तो इंदौर शहर को हमने वेटलैंड सिटी के रूप में दर्ज कराया। यह वेटलैंड हमारे देश के जल संरक्षण, जल की धरोहर को बचाने के लिए, फ्लड से किसी भी शहर को बचाने के लिए, आपके असम में गुवाहटी के पास जो दीपोर बिल लेक है, ब्रह्मपुत्र के पानी का, जो पूरे लेक के वाटर का एयर एरिया बनता है, वहाँ पर भी विशेष रूप से कार्य करने का काम हम लोग कर रहे हैं। बंगाल में भी कर रहे हैं, पूरे देश भर में कर रहे हैं। यह जो पूरा बिल है, यह जल के प्रदूषण में इंडस्ट्रीज को हमने जो जकड़कर रखा था, उस जकड़न को निकालने के लिए हमने एक ईजी-वे दिया है। मेरा यह मानना है कि यह एक ऐसा बिल है, जिसके द्वारा हम किसी इंडस्ट्री को प्रोत्साहित नहीं कर रहे हैं, हम देश में रोजगार बढ़ाते हुए ईज ऑफ लिविंग के मानकों को अच्छा करने का प्रयास कर रहे हैं। जो गलतियाँ हैं, उन्हें दूर करने का प्रयास कर रहे हैं और जल संरक्षण को आगे बढ़ाते हुए हॉल ऑफ दी गवर्नमेंट की जो एप्रोच माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की है, सभी मंत्रालय मिलकर उस दिशा में काम कर रहे हैं। आप सबका समर्थन इस बिल को मिलेगा, ऐसी मैं अपेक्षा करता हूँ।

**माननीय अध्यक्ष :** अधीर रंजन जी, आप कुछ क्लेरिफिकेशन चाहते हैं तो पूछ सकते हैं।

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** मेरी दो-तीन बातें हैं। भूपेन्द्र यादव जी बड़े ज्ञानी व्यक्ति हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है। मैं गीता की एक बात कहता हूँ। गीता में यह लिखा गया है: "Amongst purifiers, I am the wind; amongst wielders of weapons, I am Lord Ram; of water creatures, I am the crocodile; and of flowing rivers, I am the Ganges."

गंगा को अविरल, निर्मल बनाने के लिए वर्ष 2022 तक एक मकसद रखते हुए, एक ऑब्जेक्टिव रखते हुए इस सरकार ने ऐलान किया था कि कोई म्युनिसिपल वेस्ट, कोई इंडस्ट्रियल एफ्लूएंट वर्ष 2020 के बाद गंगा में नहीं गिरेगा। अब वर्ष 2024 आ गया है। 32 हजार करोड़ रुपये का बजट आउट-ले हो गया है और इसके बाद क्या नतीजा निकला कि 71 मॉनीटरिंग स्टेशंस पर फीकल कोलीफॉर्म परमिसेबल लिमिट से बाहर है और बाकी बीओडी छोड़ ही दीजिए। डिजॉल्व ऑक्सीजन छोड़ दीजिए।

**माननीय अध्यक्ष :** यह जल संसाधन का मामला है। यह इनका विषय नहीं है।

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** सर, इन्होंने यह बताया है। मेरे कहने का मतलब यह है कि इन 32 हजार करोड़ रुपये का खर्चा तो हो गया, वर्ष 2024 भी आ गया है और अभी गंगा पूरी दुनिया में 5वीं प्रदूषित नदी बनकर रह गई है। हमारी 40 परसेंट आबादी गंगा के पानी का इस्तेमाल करती है। हम गंगा-गंगा करते हैं, लेकिन गंगा नदी मैली नदी से बाहर नहीं आ पाती है। भूपेन्द्र यादव जी, दूसरी बात इस बिल के मुद्दे पर हम यही कहना चाहते हैं कि Clause 4 of the Bill grants sweeping power – हमारी आपत्ति इसमें है – grants sweeping power to the Central Government to exempt certain categories of industrial plants from the requirement of obtaining consent from SPCB. This move undermines the crucial role of SPCB in regulating industrial activities to prevent water pollution. By allowing exemption, the Bill risks compromising environmental protection standards and potentially exacerbating pollution level.

Clause 5 of the Bill enables the Central Government to issue guidelines on matters related to the grant, refusal or cancellation of consent by SPCB. This provision certainly centralises decision-making authority, diminishing the authority of SPCB. This is my contention. Thank you, Sir.

**श्री भूपेन्द्र यादव :** अध्यक्ष जी, अधीर रंजन जी ने दो प्रश्न उठाए हैं। आपने भगवद गीता का उल्लेख किया है। योगेश्वर श्री कृष्ण कहते हैं कि मासों में मैं माघ मास हूं, वृक्षों में मैं पीपल हूं और नदियों में मैं गंगा हूं। हमारा डीप रूटेड प्रकृति के साथ, पर्यावरण के साथ एकात्मकता को दर्शाता है। आप तो गंगा नदी के किनारे भगीरथी के पास रहते हैं। मैं आपको कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार पूरी तरह से नमामि गंगे प्रोजेक्ट को लेकर प्रतिबद्ध है। जहां तक हमारे मंत्रालय के सेंट्रल पॉल्यूशन बोर्ड की बात है:

> "Central Pollution Control Board (CPCB) has formulated charter based participatory approach to facilitate the industries for water recycling and pollution prevention in major industrial sectors like Pulp & Paper, Sugar, Distillery, Textile and Tannery in river Ganga main stem states emphasizing on technological upgradation, waste minimization practices, augmentation of effluent treatment plants and reuse/recycle of treated effluents which resulted in reduction in specific fresh water consumption, waste water discharge & pollution load and improvement in compliance."

हमारी सरकार वन ऑफ दि गवर्नमेंट अप्रोच के साथ चलती है और मैंने सैंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल का विषय आपको बताया है। इसमें राज्य सरकारों का भी सहयोग है, जिन राज्यों से गंगा निकलती है। हमारा जल शक्ति मंत्रालय उसे पूरी तरह से देखता है। आपकी भावनाओं की मैं कद्र करता हूं और अपेक्षा भी करता हूं कि हम सभी लोग नमामि गंगे प्रोजेक्ट को जनांदोलन बनाएं और सरकार की मंशा को भी पूरा करें। आपको यह जानकार गर्व होगा कि जब हम 'बॉयोडायवर्सिटी कॉप'

में गए थे, वहां संयुक्त राष्ट्र संस्थान ने नमामि गंगे प्रोजेक्ट को वॉटर रेजुवेनेशन के लिए वन ऑफ दि बेस्ट प्रोजेक्ट करके अभिनंदित किया गया था। इस पर आपको और हम सभी को गर्व होना चाहिए। यह सब प्रधान मंत्री जी के कार्यकाल में हुआ। … (व्यवधान) यह पुरस्कार वर्ष 2014 के बाद मिला है लेकिन पॉल्यूशन वर्ष 2014 से पहले का है और उसे ठीक करने का काम अब हो रहा है। इतना तो आपको मानना चाहिए।… (व्यवधान) कुछ लोग काम करते हैं, वे हम हैं लेकिन कुछ लोग काम तमाम करते हैं, वे आप हैं।

आपने दूसरा विषय उठाया है कि हम जो गाइडलाइन्स इश्यू करेंगे, उनमें राज्यों के स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड उसमें किसी प्रकार का डिस्क्रिमिनेशन तो नहीं करेंगे या उनके अधिकारों को तो नहीं लेंगे। इस विषय में मैं कहना चाहता हूं कि हम कोई ऐसी गाइडलाइन जारी नहीं करेंगे, जिसमें यह लगे कि हम उनके अधिकार अपने हाथ में ले रहे हैं। हम वही गाइडलाइन्स जारी करेंगे जो पारदर्शिता, भ्रष्टाचार मुक्त, नियमों का सरलीकरण और आम आदमी की सहायता करने वाली गाइडलाइन्स हों। वे गाइडलाइन्स ही ईज ऑफ डूइंग और ईज ऑफ लीविंग के पैमाने पर जो प्रधान मंत्री जी का संकल्प है, उसे आगे बढ़ाने वाली होगी। उसे संघीय ढांचे के अनुरूप ही किया जाएगा।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है:

"कि जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 का और संशोधन करने वाले विधेयक, राज्य सभा द्वारा यथापारित, पर विचार किया जाए।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

**माननीय अध्यक्ष :** अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

प्रश्न यह है:

"कि खंड 2 और 3 विधेयक के अंग बने।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

<u>खंड 2 और 3 विधेयक में जोड़ दिए गए।</u>

**Clause 4 Amendment of section 25**

**माननीय अध्यक्ष :** प्रो. सौगत राय और श्रीमती प्रतिमा मंडल जी, क्या आप संशोधन संख्या 3 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM):** Sir, I beg to move:

"Page 2, line 19,-

*for* "certain categories of industrial plants"

*substitute* "essential categories of industrial plants"." (3)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 4 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 3 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है:

"कि खंड 4 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 4 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 5 विधेयक में जोड़ दिया गया।

**Clause 6 Substitution of new sections 41 and 41A for section 41**

**माननीय अध्यक्ष :** प्रो. सौगत राय और श्रीमती प्रतिमा मण्डल, क्या आप संशोधन संख्या 4 और 5 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM):** Sir, I beg to move:

"Page 2, *for* lines 40 and 41,-

*substitute* "be less than one lakh rupees, but which may extent to fifty lakh rupees."." (4)

"Page 2, lines 43 and 44,-

*for* "he shall be liable to pay an additional penalty of ten thousand rupees every day during which such contravention continues"

*substitute* "he or she shall be liable to pay an additional penalty of one lakh rupees every day during which such contravention continues."." (5)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 6 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 4 और 5 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखे गये तथा अस्वीकृत हुए।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

"कि खंड 6 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 6 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 7 विधेयक में जोड़ दिया गया।

**Clause 8 Substitution of new sections for section 43 and 44**

**माननीय अध्यक्ष :** प्रो. सौगत राय और श्रीमती प्रतिमा मण्डल, क्या आप संशोधन संख्या 6 और 7 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**प्रो. सौगत राय (दमदम):** सर, बी.जे.पी. में पहले यह सब पनिशमेंट होता था, पर अभी 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' के नाम पर सब पनिशमेंट छोड़ दिया जा रहा है।

Sir, I beg to move:

"Page 3, *for* lines 24 to 28,-

*substitute* "43. Whoever contravenes the provisions of section 24, shall be liable to pay the penalty which shall not be less than one lakh rupees, but which may extend to fifty lakh rupees and where such contravention continues, he or she shall be pay an additional penalty of fifty thousand rupees every day during which such contravention continues."." (6)

"Page 3, *for* lines 34 and 35,-

*substitute* "measuring correctly shall be liable to pay penalty which shall not be less than one lakh rupees, but which may extend to ten lakh rupees."." (7)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 8 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 6 और 7 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखे गये तथा अस्वीकृत हुए।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

"कि खंड 8 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 8 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 9 विधेयक में जोड़ दिया गया।

... (व्यवधान)

**Clause 10 Substitution of new sections 45A to 45E for section 45A**

**माननीय अध्यक्ष :** प्रो. सौगत राय और श्रीमती प्रतिमा मण्डल, क्या आप संशोधन संख्या 8 और 9 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM):** Sir, I beg to move:

"Page 4, line 30,-

*for* "ten per cent."

*substitute* "twenty-five per cent."." (8)

"Page 4, lines 45 and 46,-

*for* "shall not be less than two years but which may extend to seven years and with fine."

*substitute* "shall not be less than five years but which may extend to ten years with fine."." (9)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 10 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 8 और 9 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखे गये तथा अस्वीकृत हुए।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

"कि खंड 10 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 10 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 11 विधेयक में जोड़ दिया गया।

... (व्यवधान)

**Clause 12 Substitution of new section for section 48**

**माननीय अध्यक्ष :** श्री जसबीर सिंह गिल, क्या आप संशोधन संख्या 11 और 12 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI JASBIR SINGH GILL (KHADOOR SAHIB):** Sir, I beg to move:

"Page 5, line 32,-

| | | |
|---|---|---|
| *for* | "one month" | |
| *substitute* | "one year"." | (11) |

"Page 5, line 32,-

| | | |
|---|---|---|
| *after* | "basic salary" | |
| *insert* | "and imprisonment up to a period of one year"." | (12) |

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं श्री जसबीर सिंह गिल द्वारा खंड 12 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 11 और 12 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखे गये तथा अस्वीकृत हुए।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

"कि खंड 12 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 12 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 13 और 14 विधेयक में जोड़ दिये गये।

… (व्यवधान)

**Clause 15 Amendment of section 64**

**माननीय अध्यक्ष :** श्री जसबीर सिंह गिल, क्या आप संशोधन संख्या 13 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI JASBIR SINGH GILL (KHADOOR SAHIB):** Sir, I beg to move:

"Page 6, line 13,-

*for* "member-secretary"

*substitute* "chairman"." (13)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं श्री जसबीर सिंह गिल द्वारा खंड 15 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 13 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

"कि खंड 15 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 15 विधेयक में जोड़ दिया गया।

**Clause 1 Shor title application and commencement**

**माननीय अध्यक्ष :** प्रो. सौगत राय, क्या आप संशोधन संख्या 1 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM):** Sir, I beg to move:

Page 2, *for* line 1 to 4,-

*Substitute* "(*2*) it applies to the entire nation". (1)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 1 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 1 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रो. सौगत राय और श्रीमती प्रतिमा मण्डल क्या आप संशोधन संख्या 2 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM):** Sir, I beg to move:

Page 2, *for* lines 5 to 8,-

*Substitute* "(*3*) It shall come into force, the State Governments and Union Territories adopt this Act under clause (1) of article 252 of the Constitution read with clause (2) thereof on the date of such adoption.". (2)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 1 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 2 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री जसबीर सिंह गिल … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

"कि खंड 1 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 1 विधेयक में जोड़ दिया गया।

अधिनियमन सूत्र, उद्देशिका और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

**श्री भूपेन्द्र यादव :** महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं

"कि विधेयक  पारित किया जाए।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत  हुआ।

---

**माननीय अध्यक्ष** : सभा की कार्यवाही शुक्रवार, 09 फरवरी, 2024 को प्रात: ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

**20.45 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*
*on Friday, February 09, 2024/Magha 20, 1945 (Saka).*

---

**INTERNET**

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following address:

www.sansad.in/ls

**LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA**

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business
in Lok Sabha (Sixteenth Edition)